# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 8 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 52 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1963:** अमेरिका ने क्यूबा के साथ अपने सभी वित्तीय लेन-देन बंद किए।

**1972:** बतौर कप्तान भारतीय क्रिकेट को नए तेवर देने वाले खिलाड़ी सौरव गांगुली का जन्म।

**1981:** फ्रांस के प्रधानमंत्री मॉरिस ने बैंको और कुछ बड़े उद्योगों का राष्ट्रीयकरण किया।

**2007:** पूर्व प्रधानमंत्री और समाजवादी नेता चंद्रशेखर का निधन।

### पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की श्रावणी मेले की तैयारी की समीक्षा

# श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए देवघर तैयार : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**देवघर।** श्रावणी मेला पर देवघर के बाबा मंदिर से लेकर पूरे शहर में तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। सारी तैयारियां पूरी होने के बाद सोमवार को राज्य के पर्यटन मंत्री एवं विभागीय सचिव ने प्रमंडल के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रावणी मेले को भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। इस वर्ष कुछ नया करने का प्रयास है। मंत्री ने कहा कि इस वर्ष आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दुम्मा द्वार से लेकर मंदिर परिसर तक हर एक सुविधा का ख्याल रखा गया है। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जिला प्रशासन की तरफ से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री के साथ बैठक में संथाल परगना के कमिश्नर, दुमका डीसी, एसपी, देवघर के डीसी, एसपी एवं जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में देवघर डीसी की तरफ से सारी तैयारियों की जानकारी दी गई। इसके अलावा दुमका डीसी की तरफ से भी बासुकीनाथ में की गई तैयारियों की जानकारी साझा की गई।



बैठक में संथाल क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि व विधायक भी मौजूद रहे। विधायक सुरेश पासवान, विधायक उदय शकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा सहित जेएमएम के कई बड़े नेता भी मौजूद रहे। बैठक के बाद मंत्री सुदिव्य कुमार ने कांवरिया पथ का भी दौरा किया जहां उन्होंने अपने स्तर से पाई गई कमी और खामी को देखते ही अधिकारियों को ठीक करवाने का निर्देश दिया। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के साथ पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने भी कांवरिया पथ का निरीक्षण किया। इसके अलावा बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारियों को भी कांवरियों से जुड़ी सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक निर्देश मंत्री द्वारा दिए गए। बैठक में आए सभी पुलिस पदाधिकारियों को यातायात व्यवस्था व मनचलों पर विशेष निगरानी बना कर रखने की हिदायत दी गई। पुलिस पदाधिकारी की तरफ से दुमका एसपी, देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के साथ एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह, मुख्यालय डीएसपी वेंकटेश प्रसाद, सीसीआर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद सहित कई थानों के थाना प्रभारी भी मौजूद रहे।

## विभागीय सचिवों की बैठक आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारी भरकम बजट बनाया है, लेकिन खर्च की धीमी रफ्तार से ससमय योजनाओं का कार्य पूरा होने में संशय उत्पन्न हो रहा है। हालत यह है कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित 91,741.52 करोड़ रुपये की योजना का पहले तीन महीने में महज 12,585.30 करोड़ रुपये यानी 13.72% ही खर्च हो सके हैं। इसी तरह स्थापना मद में 53,658.47 करोड़ रुपये के बजट के विरुद्ध 8,603.50 करोड़ रुपये यानी 16.03% ही खर्च हुए हैं। ऐसे में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मंगलवार 8 जुलाई को विभागीय सचिवों की बैठक बुलाई है। झारखंड मंत्रालय में 11 बजे से होनेवाली इस बैठक में मुख्य सचिव सहित विभिन्न विभागों के सचिव और प्रमुख उपस्थित रहेंगे। बैठक में वैसे विभागीय अधिकारियों को बुलाया गया है जिनके विभागों में शून्य खर्च पाया गया है। कृषि प्रधान राज्य में कृषि पर खर्च करने में राज्य सरकार इस चालू वित्तीय वर्ष के पहले तीन माह में सबसे पीछे रही है। 23 जून तक इस विभाग ने एक भी पैसा खर्च नहीं किया है। इसी तरह पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में केवल 0.15%, पंचायती राज विभाग में शून्य और जल संसाधन विभाग में 14.58% खर्च हुए हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अनुसार इस तिमाही में योजना मद की राशि 25% के स्थान पर मात्र 15% खर्च होना चिंता का विषय है। समीक्षा के दौरान खर्च करने में सबसे पीछे कृषि विभाग को पाया गया है जबकि अभी खेती का समय है। विभाग के पास खर्च करने के अवसर भी हैं। इसके बाबजूद आवंटित राशि खर्च नहीं हो सकी है। राज्य सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं होने का दावा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि खर्च नहीं होने के कारणों को तलाशने और अगले तिमाही में इस कमी को पूरा कर करीब 35% खर्च करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभागीय सचिवों के साथ बैठक करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की यही इच्छा है कि वित्तीय प्रबंधन ऐसा हो कि समय पर योजनाएं चलें। पिछले वर्ष चुनावी वर्ष था, मगर इस साल तो वैसी बात नहीं है। इस साल जो बजटीय राशि है उसे ससमय शत प्रतिशत खर्च किया जाए इसका प्रयास किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रनिया में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे बगिया गांव स्थित तालाब में नहाने गए थे और उसी दौरान दोनों डूब गए। वे रनिया थाना क्षेत्र के बगिया गांव से सटे आरसी टोली के रहने वाले थे। दोनों की पहचान 6 वर्षीय विलफ्रेड मड़की और 7 वर्षीय आशीष केरकेट्टा के रूप में की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे दिनभर कीचड़ भरे खेत में खेलते देखे गए थे। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे खेत से सटे तालाब में नहाने चले गए जिसके बाद बच्चों के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं मिली।

### रॉड से वार कर व्यवसायी की हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** रविवार की शाम हुए व्यवसायी हत्याकांड का सीसीटीवी सामने आया है। रांची-गुमला मेन रोड में जाजोदिया स्टोर के मालिक और जाने-माने व्यवसायी विनोद जाजोदिया की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक विनोद जाजोदिया अपनी दुकान के सामने सड़क पार कर ब्रेड खरीदने जा रहे थे तभी पीछे से एक युवक ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से कई वार किए। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तत्काल गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया लेकिन भरनो के पास ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

### ऑटो-बोलेरो की टक्कर में युवक की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र में भद्रकाली कॉलेज गेट के पास ऑटो और बोलेरो की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ऑटो चालक इटखोरी थाना क्षेत्र के धनखेरी गांव निवासी मारूफ खान और ऑटो में सवार एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर जुटे और दोनों घायलों को इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन हजारीबाग ले जाते समय रास्ते में ही मारूफ खान ने दम तोड़ दिया।

### ग्रामीण बैंक से 10 लाख की लूट

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जले के गायघाट थाना क्षेत्र के बेरुआ गांव ग्रामीण बैंक से 10 लाख की लूटपाट हुई है। बाइक सवार तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर इस वारदात को अंजाम दिया है। ग्रामीण बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर अपराधियों ने मारपीट भी की। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

## 16 आईईडी बरामद

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम में पुलिस और सुरक्षा बलों को भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ सफलता मिली है। टोकलो थानाक्षेत्र के कोटसोना और लांजी के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में एंटी नक्सल सर्च ऑपरेशन के दौरान 16 आईईडी बम बरामद किए गए। सभी बमों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया है। प्रत्येक आईईडी का वजन लगभग 2 किलोग्राम था। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए इन बमों को लगाया था। यह सफलता चाईबासा पुलिस, सरायकेला-खरसावां पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में मिली है। बम बरामदगी का स्थान तीन जिलों की सीमा से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र को ट्राई जंक्शन एरिया कहा जाता है। यह पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और खूंटी जिले की सीमा पर स्थित है। पहले इसी क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के सदस्यों को मार गिराया था। इसके बाद नक्सलियों की गतिविधियां कम हो गई थीं।

## डीजीपी ने बैज लगाकर नव प्रोन्नत डीएसपी को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय में सोमवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के नव प्रोन्नत डीएसपी को बैज लगाकर सम्मानित किया। ये सभी 25 जून को डीएसपी रैंक में प्रोन्नत हुए थे। राज्य सरकार ने कुल 64 पुलिस निरीक्षक, सार्जेंट मेजर व समकक्ष कोटि को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति दी थी। गत 25 जून को ही इससे संबंधित अधिसूचना जारी हुई थी। डीजीपी ने जिन नव प्रोन्नत डीएसपी को बैज पहनाया, उनमें कुमुद सिन्हा, ज्योत्सना, अजय कुमार, इजाजुल हसन सिद्दकी, सुशील कुमार, अजय कुमार साहू, राजकपूर, लीलेश्वर महतो, नरेंद्र कुमार सिन्हा, राम अनूप महतो शामिल थे। वहीं, सरोज कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार राय, बिनोद उरांव, अखिलेश प्रसाद मंडल, शंभू प्रसाद गुप्ता, सतीश कुमार, नवल किशोर प्रसाद, उज्ज्वल साह, अजय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, शारदा रंजन प्रसाद सिंह, राजेश कुमार एवं राजीव कुमार वीर को भी डीजीपी ने बैज पहनाया।



मौके पर एडीजी मुख्यालय प्रिया दूबे, आईजी प्रशिक्षण ए. विजयालक्ष्मी, आईजी अभियान डॉ. माइकल राज एस. आईजी मानवाधिकार नरेंद्र कुमार सिंह, आईजी सीआईडी सुदर्शन प्रसाद मंडल, आईजी प्रोविजन पटेल मयूर कन्हैयालाल, डीआईजी कार्मिक सुरेंद्र कुमार झा, डीआईजी एसआईबी चौथे मनोज रतन, डीआईजी बजट संध्या रानी मेहता, डीआईजी विशेष शाखा शैलेंद्र प्रसाद बर्णवाल, डीआईजी सीआईडी चंदन कुमार झा व अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बीएड, एमएड और बीपीएड एंट्रेंस टेस्ट का रिजल्ट रद्द

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने बीएड, एमएड और बीपीएड प्रवेश परीक्षा-2025 का प्रकाशित परीक्षाफल रद्द कर दिया है। इसके अलावा उस परीक्षाफल के आधार पर सात जुलाई से शुरू होनेवाली प्रथम राउंड की ऑनलाइन काउंसेलिंग की प्रक्रिया भी स्थगित करने की घोषणा की है। इस संबंध में पर्षद की उपपरीक्षा नियंत्रक रंजीता हेंब्रम के हस्ताक्षर से अति आवश्यक सूचना जारी की गयी है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से चार जुलाई को बीएड, एमएड और बीपीएड प्रवेश परीक्षा-2025 का परीक्षाफल और परीक्षाफल के आधार पर प्रथम राउंड की काउंसेलिंग का कार्यक्रम जारी किया गया था। सोमवार से काउंसेलिंग की प्रक्रिया शुरू होनी थी, लेकिन पर्षद ने परीक्षाफल को ही रद्द कर दिया। प्रकाशित परीक्षाफल की सूची में बीएड के 45084, एमएड के 608 तथा बीपीएड के 487 अभ्यर्थियों के परीक्षाफल का विवरण दिया गया है। प्रथम राउंड की ऑनलाइन काउंसेलिंग की प्रक्रिया भी स्थगित कर दी गयी। छह जुलाई से अभ्यर्थियों को आंसर ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी भी डाउनलोड करने की पर्षद ने सुविधा दी थी। पर्षद का कहना था कि परीक्षाफल को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से ओएमआर शीट वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

## बाल संप्रेक्षण गृह से छह बच्चे फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिमडेगा।** बाल संप्रेक्षण गृह से 6 बच्चे फरार हो गए हैं। ये सभी बच्चे अलग-अलग कांडों में पकड़े गए थे। जानकारी के अनुसार ड्राम लगाकर बच्चे संप्रेक्षण गृह की बाउंड्री फांदकर फरार हो गए। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बच्चों की तलाश में जुट गई है। हत्या सहित अन्य अलग-अलग मामलों में पकड़े गए 6 बच्चे रविवार रात अंधेरे का फायदा उठाकर बाल संप्रेक्षण गृह की दीवार फांदकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार फरार बच्चों में लातेहार का एक, पश्चिम सिंहभूम के दो और गुमला के 3 बच्चे शामिल हैं। इनके फरार होने की सूचना मिलते ही डीएसपी हेडक्वार्टर और एसडीपीओ सिमडेगा मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस फरार बच्चों को पकड़ने की कोशिश में जुट गई है। इधर, बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चों के फरार होने की सूचना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि कुछ माह पूर्व भी बाल संप्रेक्षण गृह के एक बच्चे के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इसके पश्चात सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने बच्चे के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था और अब एक साथ 6 बच्चों के भागने का मामला सामने आने के बाद बाल संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इधर, इस संबंध में सिमडेगा के एसपी मो. अर्सी ने कहा कि बाल संप्रेक्षण गृह से 6 बच्चे फरार हुए हैं। पुलिस बच्चों को ढूंढने की कोशिश में जुटी है।

## जनगणना के लिए 34 लाख कर्मचारियों को तीन स्तरों पर दी जाएगी ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारत में होने वाली अगली जनगणना को लेकर सरकार ने एक बड़ा ऐलान किया है। यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें आम लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए सरकार एक खास वेब पोर्टल लॉन्च करने जा रही है। इसके अलावा, मोबाइल ऐप के जरिए भी जनगणना का काम पूरा किया जाएगा। भारत में अब तक जनगणना के लिए घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी कागज पर जानकारी इकट्ठा करते थे। लेकिन अब सरकार इस प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने जा रही है। पहली बार मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोगों की जानकारी ली जाएगी। इससे न केवल काम तेजी से होगा, बल्कि डेटा भी सुरक्षित तरीके से सीधे सरकार के केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा। सरकार ने कहा है कि नागरिक चाहें तो खुद ही अपनी जनगणना की जानकारी वेब पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए दो चरणों में जनगणना होगी। पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस' यानी घर और मकान की जानकारी, और दूसरा चरण 'पॉपुलेशन एनुमरेशन' यानी जनसंख्या की गिनती। दोनों चरणों में लोग खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। जनगणनादो चरणों में होगी। पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जिसमें मकानों की गिनती की जाएगी। दूसरा चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा, जिसमें लोगों की जनसंख्या, जाति और बाकी जरूरी जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके लिए 16 जून 2024 को सरकारी अधिसूचना जारी की गई है। यह आज़ादी के बाद भारत की 8वीं और कुल 16वीं जनगणना होगी। इतने बड़े काम के लिए सरकार ने देशभर में करीब 34 लाख लोगों को नियुक्त किया है। इन कर्मचारियों को तीन स्तरों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। पहले राष्ट्रीय ट्रेनर, फिर मास्टर ट्रेनर और आखिर में फील्ड ट्रेनर इन्हें तैयार करेंगे। हर गांव और शहर को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटा जाएगा और हर हिस्से के लिए एक कर्मचारी जिम्मेदार होगा। इससे कोई भी घर या व्यक्ति गिनती से न छूटे। सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि अगर वे अपने जिलों, तहसीलों या पुलिस थानों की सीमाओं में कोई बदलाव करना चाहते हैं, तो उसे 31 दिसंबर 2025 से पहले कर लें। उसके बाद वही सीमाएं जनगणना में अंतिम रूप से मानी जाएंगी। सीमाएं तय करने के तीन महीने बाद ही जनगणना शुरू की जा सकती है। इससे जनसंख्या गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

## दो बीएलओ निलंबित प्राथमिकी का आदेश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता पुनरीक्षण कार्य 2025 जारी है। इसी कड़ी में पटना में पुनरीक्षण कार्य के दौरान लापरवाही को लेकर जिला प्रशासन ने दो बीएलओ को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दो बीएलओ सुपरवाइजर के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश है। इनके निलंबन की अनुशंसा भी की गई है।

## लातेहार के दोनों डिग्री कॉलेजों में जल्द शुरू होगा शिक्षण कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लातेहार।** सरकारी डिग्री कॉलेज की कमी की समस्या अब लातेहार जिले में जल्द ही खत्म होने वाली है। जिला मुख्यालय में एक साथ दो-दो डिग्री कॉलेज में पढ़ाई आरंभ होने जा रही है। नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने लातेहार में बनकर तैयार महिला डिग्री कॉलेज और मॉडल डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दोनों कॉलेज में पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से आरंभ किया जाएगा। दरअसल, लातेहार में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं रहने की वजह से यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा की पढ़ाई में परेशानी होती है। यहां के प्राइवेट कॉलेज में सिर्फ आर्ट्स की पढ़ाई होती है। यदि किसी बच्चे को साइंस की पढ़ाई करनी हो तो उसे लातेहार से बाहर जाना पड़ता है। दरअसल, लातेहार को जिला बने लगभग 25 साल हो चुके हैं, बावजूद जिले में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं होने से स्थानीय बच्चे पढ़ाई में पिछड़ रहे थे। हालांकि जिला मुख्यालय के पास गोवा गांव में मॉडल कॉलेज और बिशनपुर रोड पर महिला डिग्री कॉलेज का भवन बनकर तैयार है लेकिन यहां पढ़ाई आरंभ नहीं हुई है जिसके कारण इसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पा रहा था। इससे लोग शिक्षा व्यवस्था को लेकर खासे नाराज रहते थे। नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मॉडल डिग्री कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज के भवन और प्रांगण का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दोनों कॉलेज में जल्द ही सुचारू रूप से शिक्षण कार्य आरंभ करवाया जाएगा। इसके अलावा कॉलेज के कैंपस को भी विकसित किया जाएगा। कुलपति ने इस दौरान भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर डीडीसी सैय्यद रियाज अहमद भी उपस्थित रहे। लातेहार में मॉडल डिग्री कॉलेज और महिला डिग्री कॉलेज आरंभ हो जाने से यहां के गरीब बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी। संपन्न घर के बच्चे तो बाहर जाकर बेहतर शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं लेकिन जिन बच्चों के माता-पिता आर्थिक रूप से संपन्न नहीं हैं, उनके बच्चों की या तो पढ़ाई छूट जाती है या फिर उन्हें अपना संकाय बदलना पड़ता है। कॉलेज खुल जाने के बाद बच्चों का यही नामांकन होगा, जिससे उन्हें कम खर्चे में ही बेहतर शिक्षा मिल पाएगी। इससे होनहार बच्चे अपने सपने भी सरकार कर पाएंगे।




FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

## दो बच्चों को डूबते देख गड्ढे में कूदा युवक

■ दोनों को सुरक्षित निकाला बाहर, तैरना नहीं आने के कारण खुद डूबा, मौत



**सीवान, एजेंसी।** सीवान में एक 19 वर्षीय युवक ने दो बच्चों की जान बचाने के लिए अपनी जान दे दी। घटना सुल्तानपुर दाहाबाड़ी गांव की है। रविवार दोपहर सड़क निर्माण के दौरान बने एक गड्ढे में दो किशोर नहाने उतरे। बारिश के पानी से भरे इस गड्ढे की गहराई का अंदाजा न होने से दोनों डूबने लगे। उनकी मदद की पुकार सुनकर पास बैठे लोकेश कुमार यादव ने बिना देर किए गड्ढे में छलांग लगा दी। लोकेश ने दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया। लेकिन खुद तैरना नहीं जानने के कारण वह गहरे पानी में डूब गया। ग्रामीणों ने उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**ठेकेदार की लापरवाही से हादसा :** मृतक लोकेश के पिता अरुण कुमार यादव खाड़ी देश में काम करते हैं। परिवार का कहना है कि यह हादसा ठेकेदार की लापरवाही का नतीजा है। सड़क किनारे की गई गहरी खुदाई को सुरक्षित नहीं किया गया था, जो बारिश में खतरनाक गड्ढे में बदल गई। गांववासी लोकेश की वीरता की सराहना कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर लोकेश नहीं होता, तो तीन परिवारों में मातम होता। तैरना न जानने के बावजूद दो जिंदगियां बचाकर लोकेश ने अपनी बहादुरी का परिचय दिया।

### नवादा में बस से ट्रक टकराई, एक व्यक्ति की मौत : एक घायल




**नवादा, एजेंसी।** नवादा के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के बरेव अड्डा के पास सोमवार सुबह 7 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोविंदपुर से पटना जा रही बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई। ट्रक चालक ने बरेव अड्डा के पास रॉन्ग साइड में जाने का प्रयास किया। इससे बचने की कोशिश में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति बस के गेट नीचे फंस रहा । स्थानीय लोगों, पूर्व मुखिया संतोष कुमार सिंह, पूर्व सरपंच मक्कू पांडे और पुलिस प्रशासन की मदद से घायल को बाहर निकाला गया। उसे इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह चौमुहाना रोड है जहां बक्सोती से आने वाली गाड़ियां सीधे रोड क्रॉस करती हैं। रजौली से नवादा जाने वाले वाहनों के लिए यह जगह खतरनाक है। यहां वाहन चालकों के संतुलन खोने की संभावना रहती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क कट को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। नेमदारगंज थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस मृतक और घायल की पहचान करने में जुटी है। घटना के समय तक दोनों का नाम और पता ज्ञात नहीं हो सका है।

### मतदाता संपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला

**गया, एजेंसी।** परैया में भाजपा के मंडल कार्यकर्ताओं की ओर से स्टेशन रोड स्थित इगुनी निवास में एक दिवसीय मतदाता संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति को मजबूत करना था। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनंत कुमार दांगी ने कार्यकर्ताओं को डोर-टू-डोर संपर्क, मतदाता सूची सत्यापन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का प्रशिक्षण दिया। जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार ने प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने और पार्टी की नीतियां समझाने पर जोर दिया।

# बिहार में चल रही बिजली की सभी परियोजनाओं की होगी जांच



### खराब उपकरण मिलने के बाद फैसला

**पटना, एजेंसी।** बिहार के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चौबीसो घंटे बिजली देने की योजना में खराब उपकरण लग रहे हैं। स्थानीय इंजीनियरों की लापरवाही के कारण मोतिहारी में पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत हो रहे कामों में गुणवत्ता खराब होने का मामला उजागर हुआ है। इसके मद्देनजर बिजली कंपनी ने राज्य में चल रही सभी परियोजनाओं की गहनता से जांच कराने का निर्णय लिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल में आरडीएसएस के तहत हो रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच त्रि-स्तरीय कमेटी ने की थी। 11 से 13 अप्रैल तक हुई जांच में मोतिहारी अंचल में ट्रांसफॉर्मर व एरियल बंच केबल की गुणवत्ता पर सवाल उठाए गए। तब नॉर्थ बिहार कंपनी के तत्कालीन एमडी निलेश रामचंद्र देवरे ने ट्रांसफॉर्मर और केबल की जांच सेंट्रल पावर रिसर्च इंस्टीट्यूट भोपाल से जांच कराने का निर्णय लिया। सभी अंचलों को निर्देश दिया कि वे आरडीएसएस के तहत हो रहे कार्यों की जांच कराएं। इसके लिए एमडी ने अंचलवार सीलिंग कमेटी गठित की।

### खराब उपकरण लगाने वाली एजेंसी डाली जाएगी काली सूची में

उत्तर बिहार में मिली इस गड़बड़ी के बाद होल्डिंग कंपनी ने पूरे बिहार में बिजली की सभी परियोजनाओं की जांच का निर्णय लिया। तत्कालीन सीएमडी पंकज कुमार पाल के निर्देश पर मुख्य अभियंता मुर्तजा हेलाल की ओर से नॉर्थ व साउथ बिहार के एमडी को पत्र जारी किया गया। पत्र में कहा गया कि केंद्रीय, राज्य व बाह्य संपोषित योजनाओं की पूरी जांच कराई जाए।उपकरणों की जांच के लिए कंपनी ने एक मानक तय किए और उसी के अनुसार उसकी जांच कराने को कहा गया है।

### खराब उपकरण बदलने के लिए कहा गया

कंपनी ने सभी तरह के पोल, पावर ट्रांसफॉर्मर, मीटर, वितरण ट्रांसफॉर्मर, सर्किट ब्रेकर्स, एबी केबल, ओवरहेड कंडक्टर, इंसुलेटर की जांच कराने को कहा है। दूसरा के फेल होने पर सभी उपकरण को बदलने को कहा गया है। कंपनी ने साफ कहा है कि अगर कोई उपकरण लग गए हैं और उसकी गुणवत्ता में संदेह है तो उसे हटाकर जांच कराई जाए। जांच रिपोर्ट के बाद खराब उपकरण लगाने वाली एजेंसी को पांच साल तक ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। साथ ही उपकरणों के लाने व ले जाने का खर्च एजेंसियों से ही वसूला जाएगा।

### दरभंगा में दबंगों ने युवक पर तलवार से किया हमला : गंभीर घायल

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा के मोहल्ला बेंता वार्ड नंबर 36 में रविवार सुबह एक युवक पर तलवार से हमला किया गया। मो. सलमान नाम का युवक मोहर्रम का खेल देखने जा रहा था। सुबह 4 : 50 बजे नेशनल सिनेमा और 5 नाका के बीच उसे रोका गया। मोहल्ले के ही मो. वजीर, दिलकश, बाबर, लड्डू और छोटकन ने सलमान को घेर लिया। सभी मो. बदरुद्दीन के बेटे हैं। पहले गाली-गलौज की गई।

विरोध करने पर वजीर ने तलवार से सलमान के सिर पर वार किया। सलमान ने सिर बचाया, लेकिन तलवार उसके चेहरे पर लग गई। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इसके बाद सभी ने लाठी से उसकी पिटाई की। शोर सुनकर सलमान के पिता अब्दुस्सलाम मौके पर आए। लड्डू ने उन्हें भी लाठी से मारा। उनके होंठ कट गए और घुटने में चोट आई।

## मुजफ्फरपुर में 2 करोड़ की मॉर्फिन बरामद, तस्कर गिरफ्तार : दार्जिलिंग से लाई गई थी खेप



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर जिले में पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को बड़ी सफलता मिली है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नरियार के पास एनएच-27 पर 2 किलो मॉर्फिन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त मॉर्फिन की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। जानकारी के मुताबिक खेप दार्जिलिंग से लाया गया था। मोतिहारी के छतौनी इलाके में डिलीवरी होनी थी। गिरफ्तार तस्कर राजेश तिवारी मूल रूप से जिले के बरुराज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। फिलहाल दार्जिलिंग में रहता है। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि मॉर्फिन की खेप म्यांमार से दार्जिलिंग पहुंचाई गई थी। वहां से बिहार के अलग-अलग जिलों में भेजी जा रही थी। पुलिस तस्कर के नेटवर्क का पता लगा रही है। यह अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क की एक कड़ी मानी जा रही है।

### नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है

एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि एक बोलेरो गाड़ी से दो किलो मॉर्फिन बरामद किया गया है। मौके से एक तस्कर को भी पकड़ा है। गाड़ी जब्त कर लिया गया है। मानवीय और तकनीकी तरीके से जांच चल रही है। पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। इस धंधे में और कौन-कौन शामिल है। बिहार के किस जिले में डिलीवरी होती थी। इसकी जांच की जा रही है।

## किशनगंज रेलवे स्टेशन पर मिला 12 साल का बच्चा

### पेरेंट्स हॉस्टल जाने का बना रहे थे दबाव, नाराज होकर घर से भागा

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर 12 साल का बच्चा संदिग्ध हालत में घूमता मिला। आरपीएफ के हेड कॉन्स्टेबल अभिषेक सरकार ने बच्चे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि बच्चा खगड़िया जिले के मेहदीपुर का रहने वाला है। उसके माता-पिता उसे हॉस्टल भेजना चाहते थे। बच्चा हॉस्टल जाने से मना कर रहा था। इसलिए वह घर से भागकर ट्रेन से केएनई रेलवे स्टेशन पहुंच गया।

### दबाव बनाने पर बच्चे हो जाते है विद्रोही

मनोवैज्ञानिक डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद जरूरी है। बच्चों पर दबाव या जबरदस्ती से वे विद्रोही हो सकते हैं। स्थानीय पुलिस और चाइल्ड लाइन बच्चे को सुरक्षित घर पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की समस्याओं को समझें। उन पर ध्यान दें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। आरपीएफ की सतर्कता से एक बच्चे की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।



### परिवार से संपर्क करने की कोशिश जारी

आरपीएफ ने बच्चे को चाइल्ड लाइन, केएनई को सौंप दिया। चाइल्ड लाइन के अधिकारी बच्चे की देखभाल कर रहे हैं। वे उसके परिवार से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। बच्चे की मानसिक और शारीरिक स्थिति सामान्य है।

## बिहार में वोटर 25 जुलाई के पहले कभी भी जमा कर सकते हैं दस्तावेज

**मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण पर अहम जानकारी**



**पटना, एजेंसी।** बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत रविवार की शाम 6 बजे तक 1,69, 49, 208 गणना फॉर्म एकत्र किए गए, जो कुल 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) मतदाताओं का 21.46 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में 65,32,663 गणना फॉर्म एकत्र किए गए है। अभी गणना फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि में 19 दिन बाकी है। वहीं, 7.25 प्रतिशत गणना फॉर्म को ईसीआई नेट पर अपलोड किया गया। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, बिहार में एसआईआर का प्रारंभिक चरण पूरा हो गया और गणना फॉर्म की छपाई एवं उपलब्ध मतदाताओं के बीच वितरण का कार्य पूरा हो चुका है। आयोग ने दोहराया कि 1 अगस्त, 2025 को जारी किए जाने वाले प्रारूप मतदाता सूची में उन व्यक्तियों के नाम शामिल होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हुए हैं। चुनाव आयोग के अनुसार मतदाता 25 जुलाई 2025 से पहले किसी भी समय अपने दस्तावेज जमा/ प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद यदि कोई दस्तावेज अपूर्ण है, तो निर्वाची पदाधिकारी दावा आपत्ति की अवधि में जांच के दौरान मतदाताओं से उन दस्तावेजों को प्राप्त कर सकते हैं, जिनके नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल है। आयोग ने कहा है कि मौजूदा मतदाताओं को दस्तावेजीकरण पूरा करने में सुविधा प्रदान करने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। इन मौजूदा मतदाताओं को पहले अपने गणना फॉर्म जमा करने के बाद भी दस्तावेज जमा करने का समय मिलेगा। यह स्पष्टीकरण समाचार पत्रों में प्रकाशित निर्वाचन आयोग के एक विज्ञापन के बाद आया है।

### राजद ने याचिका में पुनरीक्षण पर रोक की मांग की


राजद की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में मतदाता-सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर रोक लगाने की मांग की गई है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सह सांसद डा. मनोज झा ने याचिका दायर की है। 180 पृष्ठों की याचिका में भारत निर्वाचन आयोग के साथ बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) को प्रतिवादी बनाया है। मनोज झा ने कहा कि एसआइआर के लिए अभी न तो पर्याप्त समय है और न ही निर्वाचन आयोग द्वारा मांगे गए दस्तावेज सभी नागरिकों के पास उपलब्ध हैं। कुछ वैध दस्तावेजों (आधार-कार्ड, राशन-कार्ड, मनरेगा जाब-कार्ड आदि) को इस प्रक्रिया में स्वीकार नहीं करने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद-32 का हवाला देते हुए उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय से अविलंब हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

## बीएयू के छह कॉलेजों एटिक किसानों का बढ़ा रहा तकनीकी ज्ञान

**भागलपुर, एजेंसी।** सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) खेती-किसानी को लेकर विभिन्न माध्यमों से किसानों को जागरूक करने का काम करता है। इसी कड़ी में बीएयू की पहल से विवि सहित उसके छह कॉलेजों में एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन सेंटर (एटिक) को स्थापित किया गया है। जो वहां पहुंचने वाले किसानों को कृषि से जुड़े अपडेट तकनीकों की जानकारी दी जाती है। इस जानकारी के माध्यम से किसान अपने खेतों में बेहतर प्रयोग करने का प्रयास करते हैं। यह पहल कुलपति प्रो. दुनिया राम सिंह के निर्देशन में हुई है। बीएयू के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. आरके सोहने ने कहा कि एक सालों में सभी कॉलेजों में एटिक स्थापित कर दिए गए हैं। इसके लिए कुलपति का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके बाद एक वर्षों में सात एटिक यूनिट की स्थापना की गई है। इसमें पहले एटिक की स्थापना बीएयू के अंतर्गत विस्तार निदेशालय के अंतर्गत 12 मार्च 2024 को हुई थी। इसके बाद भोला पासवान शास्त्री एग्रीकल्चर कॉलेज (पूर्णिया), एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीच्यूट (पटना), डॉ. कलाम एग्रीकल्चर कॉलेज (किशनगंज), नालंदा कॉलेज ऑफ हार्टीकल्चर (नूरसराय, नालंदा), वीर कुंवर सिंह कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर (डुमरांव) के नाम शामिल हैं। डुमरांव में 16 जून 2025 को एटिक यूनिट स्थापित की गई है। डॉ. सोहाने ने बताया कि यह पहल सिंगल विंडो सिस्टम के तहत किसानों के कई तरह की जानकारियों से अवगत कराता है। किसी भी किसान को कृषि तकनीकों के बारे में तो जानकारी मिलती ही है, साथ ही उन्हें बीज, पौधा सामग्री, एडवाइजरी सहित किसानी के लिए प्रयोग में आने वाले संयत्र सहित अन्य जानकारियां आसानी से प्राप्त की जा सकती है। वैज्ञानिकों की देखरेख में यूनिट पर किसानों का आना-जाना होता। वे यूनिट पर पहुंचकर अपनी इच्छा अनुसार जानकारी प्राप्त करते हैं। डॉ. सोहाने ने बताया कि एटिक का उद्देश्य वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी उपयोगकर्ताओं के बीच औपचारिक प्रबंधन तंत्र प्रदान करना है। बीएयू के कुलपति प्रो. दुनिया राम सिंह का कहना है कि बीएयू की पहल पर सभी कॉलेजों में एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन सेंटर (एटिक) की स्थापना की गई है। इसका उद्देश्य किसान भाइयों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत कृषि से जुड़ी तकनीक सहित अन्य जरूरी जानकारी उपलब्ध करानी है।

# पटना में स्कूल संचालक की सिर में गोली मारकर हत्या

**बुलेट लगते गिरे, 10 फीट दूर गिरी स्कूटी; शादीशुदा महिला से की थी लव मैरिज**



**पटना, एजेंसी।** पटना में रविवार की देर रात निजी स्कूल के संचालक अजीत कुमार (50) की अपराधियों ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना खगौल थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के पास की है, वो स्कूटी से जा रहे थे। सिर में गोली लगाने के बाद उनकी स्कूटी करीब 10 फीट दूर फेंका गई और वे वहीं गिर गए। अजीत कुमार की मौके पर मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। अजीत कुमार खगौल थाना क्षेत्र के मुस्ताफपुर के रहने वाले थे। अजीत कुमार लेखा नगर में आरएन सिन्हा नाम से प्राइवेट स्कूल चलाते थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि रविवार की रात लेखा नगर से अजीत अपनी स्कूटी से घर जा रहा थे। इसी दौरान सगुना खगौल रोड के पास गोली मारी गई। अजीत कुमार ने 15 साल पहले शादीशुदा महिला से शादी की थी। महिला का एक बेटा था, जो पहले पति के साथ रहता है। वहीं अजीत के दो बच्चे हैं। हत्या के पीछे निजी कारण होने का शक है।

### परिवार में था विवाद

बताया जाता है कि शादीशुदा महिला से शादी करने से परिवार वाले नाराज थे। वे मूल रूप से खगौल थाने के मुस्तफापुर गांव के रहने वाले थे। पत्नी से उनका कुछ दिन से विवाद चल रहा था। इसलिए वे गांव चले जाते थे। गांव में उनके 95 साल के बुजुर्ग पिता नरेश चंद्र प्रसाद में रहते हैं। रविवार की रात को अजीत बीमार पिता की सेवा करने के लिए अपार्टमेंट से मुस्तफापुर गांव स्कूटी से निकले। इसी बीच अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया।

### मौके से एक खोखा मिला

राहगीरों ने घटना की सूचना डायल 112 के साथ ही खगौल थाने को दी। सूचना पाकर खगौल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है। वही घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे।

### सिटी एसपी बोले- एसआईटी का गठन किया गया है

घटना की सूचना पाकर सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि अजीत कुमार की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। दावा किया कि जल्द की मामले का खुलासा होगा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए दानापुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

## पटना में 140 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**पटना, एजेंसी।** पटना में पुलिस ने 1294.56 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। वहीं दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। घटना रानी तालाब थाना क्षेत्र की है, जहां पुलिस ने मद्य निषेध विभाग की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कनपा पुल के पास एक ट्रक से 140 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की गई। एक तस्कर बिहार शरीफ का दिनकर रविदास है। दूसरा सीतामढ़ी निवासी सुनील कुमार सहनी है। तस्कर चोकर के बोरों में छिपाकर उत्तर प्रदेश से शराब ला रहे थे।

### वाहन चेकिंग अभियान के दौरान मिली सफलता

सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने पूरे मामले की जानकारी दी है। एसडीपीओ पालीगंज और रानीगंज थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान ट्रक से शराब बरामद हुई। रानी तालाब थाने में कांड संख्या 267/25 दर्ज की गई है। पुलिस यह पता लगा रही है कि शराब किस सप्लायर से लाई जा रही थी। साथ ही यह भी जांच हो रही है कि इसे किन-किन तस्करों को सप्लाई करना था। दोनों गिरफ्तार तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध होगी कार्रवाई : डीएम

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ के साथ जिला पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में रजौली प्रखंड सभागार में बीएलओ के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने सभी बीएलओ से एन्यूमरेशन फॉर्म से संबंधित फीडबैक प्राप्त किया और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर जाकर मतदाता सूची में दर्ज नामों का भौतिक सत्यापन करेंगे, ताकि एक त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची तैयार की जा सके। जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि एन्यूमरेशन फॉर्म को शीघ्रता से पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिक से अधिक फॉर्म की प्रविष्टि वेबसाइट पर कर कार्य को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचना भेजते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी बीएलओ को फॉर्म अपलोड करने में तकनीकी समस्या आती है तो वे अविलंब अपने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करें। जिला पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक गतिविधियों को पूर्ण करें।

साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा आज सिरदला प्रखंड के राजकीयकृत आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरदला में अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एवं संबंधित अधिकारी के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित समीक्षा बैठक किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# आपसी विवाद को लेकर गोलीबारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के गोरायपुर गांव में सोमवार के दिन आपसी विवाद को लेकर हुई गोलीबारी की घटना घटी। गोलीबारी की घटना में एक बच्ची को गोली लगी। गोली गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद के पुत्री अंजलि कुमारी को लगी। थानाध्यक्ष शशिरंजन मिश्रा ने बताया कि पुलिस द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों में से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। फरार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जख्मी पीड़िता को ईलाज के लिए पावापुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाइज चल रही है। घटनास्थल पर सुक्ष्मतम जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है।

## जमीन के सीमांकन को ले मारपीट की आशंका पर तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सोमवार को परवलपुर थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव में जमीन सीमांकन के दौरान दो पक्षों में मारपीट की स्थिति बनने की हो संभावना रही थी। इसी दौरान पुलिस को कुछ ग्रामीणों द्वारा सूचना दिया गया। मौके से पहुंची पुलिस ने दोनों तरफ मिलाकर कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार तीनों में से दो विजयपुरा एवं एक पश्चिम बंगाल निवासी है। विजयपुरा में गिरफ्तार किसान के घर खेती देखने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार की पहचान टुनटुन कुमार पिता उपेंद्र प्रसाद, साधुशरण प्रसाद पिता दीनानाथ प्रसाद एवं विजय कुमार पिता रबीन्द्र कुमार के रूप में की गई है।

## चोरी का हाईवा जब्त, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सारे थाना क्षेत्र के बेनार सक्सोहरा मुख्य मार्ग पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी का एक हाईवा जप्त किया। इस दौरान हाईवा चालक राजकिशोर राम और उप चालक अमलेश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष रितु रंजन ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की और हाईवा को जब्त कर लिया। आगे की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नारदीगंज में शांतिपूर्ण माहौल में निकला ताजिया जुलूस, करतबों ने मोहा मन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** मुहर्रम का पर्व नारदीगंज प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। नारदीगंज बाजार, अब्दलपुर और ननौरा गांव में पारंपरिक रूप से ताजिया का जुलूस निकाला गया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में ग़म और अकीदत के साथ मुहर्रम मनाया। ताजिया जुलूस में युवाओं ने लाठी भांजने और शारीरिक करतबों के माध्यम से अपनी श्रद्धा और कला का प्रदर्शन किया। लोगों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज़ करतब दिखाए, जिन्हें देख दर्शक आंखें फाड़कर देखते रह गए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। बीडीओ सोनिया ढनढननिया, सीओ मोहम्मद रईस आलम, थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी, एसआई आदित्य कुमार, एसआई धीरेन्द्र पासवान सहित अन्य दंडाधिकारी और पुलिस बल मौके पर तैनात रहे। जुलूस को पूर्व निर्धारित रूट से शांतिपूर्वक निकाला गया। जुलूस में हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोगों की भागीदारी ने सामाजिक सौहार्द का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर हजीफ नौशाद आलम, मो. तनवीर आलम, मो. तुफैल आलम, शफकत खान, साकिब आलम, इमाम अशफाक खान, बल्लू, इकराम उद्दीन, मो. एजाज, बिलाल, अली खान, सहाब, सागर अली, जावेद अली, आसिफ उर्फ आसो मियां, मोनाजिर आलम, राजीव कुमार उर्फ राजू सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

# जदयू कार्यकर्ता आज साइकिल रैली से मतदाताओं को करेंगे जागरुक





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** चुनाव आयोग द्वारा जारी गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में शत प्रतिशन मतदाताओं का फॉर्म जमा करने के लक्ष्य को लेकर जदयू कार्यकर्ताओं ने पंचायतों में साईकिल रैली के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का निर्णय लिया है। प्रदेश जदयू के निर्णय और जिला पार्टी के निर्देशानुसार रजौली प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में साईकिल रैली निकालने को लेकर प्रखंड जदयू की बैठक अर्चना होटल स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सह एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना ने सभी कार्यकर्ताओं से बढ़-चढ़कर अपने पंचायतों में मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वाहन किया।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह 20सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ़ कारु सिंह ने किया जबकि संचालन प्रखंड सचिव अनिल प्रसाद सिंह ने किया।

मौके पर प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य अजय यादव, संदीप सिंह, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, धमनी पंचायत अध्यक्ष विक्रम मोदी, राजू यादव, अजय प्रसाद, अजय पांडेय, धर्मेन्द्र प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यूजी परीक्षा केंद्र परिवर्तन पर छात्र जदयू ने जताया आभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया द्वारा यूजी सत्र 2023-2027 के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र को रवि कांत पूनम कॉलेज से बदलकर सीताराम साहू कॉलेज, नवादा किए जाने पर छात्र जदयू नवादा जिलाध्यक्ष बिपिन कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार जताया है। उन्होंने इस निर्णय को छात्रहित में लिया गया एक संवेदनशील और सराहनीय कदम बताया है, जिससे जिले के हजारों छात्रों को सुरक्षा और सुविधा दोनों मिलेगी। बिपिन कुमार चौधरी ने कुलपति, रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक सहित विश्वविद्यालय के समस्त प्रशासनिक पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस फैसले से छात्रों को लंबी दूरी की यात्रा और अन्य कठिनाइयों से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बदलाव में मगध विश्वविद्यालय छात्र जदयू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा की सतत पहल और सक्रिय सहयोग अहम रहा, जिसके चलते यह सकारात्मक निर्णय संभव हो पाया। बिपिन चौधरी ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए ऐसे ही तत्काल और प्रभावी निर्णय लिए जाते रहेंगे।

# बिंद हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिंद थाना क्षेत्र के बिंद गांव में चार दिन पहले हुए युवक राजू रविदास की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव के ही उपेंद्र रविदास के पुत्र सूरज कुमार और दिनेश रविदास के पुत्र रोहित कुमार के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने जांच में पाया कि 1 जुलाई को दिन में किसी बात को लेकर मृतक राजू रविदास और उमेश रविदास के बीच कहासुनी हुई थी। उसी दिन शाम को सूरज और रोहित राजू के घर पहुंचे और उसे अपने साथ चलने के लिए कहा। तीनों कुंभरी नदी किनारे पहुंचे, जहां पहले साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद, अचानक सूरज और रोहित ने राजू के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के क्रम में वे पास के एक पुराने, खंडहरनुमा संस्कृत विद्यालय से ईंट उठाकर लाए और बेरहमी से राजू को कुचलकर उसकी हत्या कर दी। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि हत्या के बाद भी आरोपित रोहित मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल हुआ था, जिससे किसी को शक न हो। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने वैज्ञानिक और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया और न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच के दौरान आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जो इस केस में तकनीकी साक्ष्य के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की तह तक जाकर जांच जारी है और इसमें और भी खुलासे हो सकते हैं।

## डुमरामा हत्याकांड: एनसीपी ने की आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरामा गांव में दो दलित किशोरों की निर्मम हत्या के मामले को लेकर राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने इस हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए जिला प्रशासन से आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल के माध्यम से फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक ओमप्रकाश पासवान की 19 वर्षीय पुत्री और संटू पासवान के विकलांग 17 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार की हत्या कुशवाहा समाज के कुछ दबंगों ने केवल इस कारण कर दी क्योंकि उन्होंने गांव के मंदिर में पूजा करने का प्रयास किया। राजकुमार पासवान ने आरोप लगाया कि करीब 25 से 30 की संख्या में एकजुट होकर आरोपितों ने दोनों किशोरों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एनसीपी जिलाध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि मृतक परिजनों को 20-20 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# पहाड़पुर मोहल्ले में धूमधाम से निकली कलश शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ स्थित पहाड़पुर मोहल्ले में सोमवार को धार्मिक उत्साह और आस्था के साथ कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मोहल्ले में 24 घंटे का अखंड कीर्तन भी प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। प्रातः काल देवी स्थान से 201 महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर कलश रखकर भक्ति गीतों की मधुर धुन पर झूमते हुए मोहल्ले का परिभ्रमण किया। यह जुलूस कोसुक के समीप पंचाने नदी तक पहुंचा, जहां से पवित्र जल भरकर वापस देवी स्थान लौटा। जलभरी की इस पारंपरिक रस्म के उपरांत वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ। हरे राम हरे कृष्णा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजायमान हो गया। पूजा समिति के सदस्य आलोक कुमार ने बताया कि यह आयोजन मोहल्ले की सुख-शांति और शहर के वातावरण को बेहतर बनाने की कामना से किया गया है। इस धार्मिक आयोजन में मुकेश कुमार, पंकज कुमार, आलोक कुमार, सूरज कुमार, रवि कुमार, निक्कू कुमार, मुन्ना कुमार, विनय कुमार, वीरेश प्रसाद, भूपेंद्र कुमार, मंजीत कुमार सहित पहाड़पुर मोहल्ले के समस्त निवासी उपस्थित रहे।

# टेलीस्कोपिक सर्जरी से ऑपरेशन हेतु प्रशिक्षण शिविर आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा शहर के चर्चित डॉक्टर मधु सिन्हा के क्लीनिक में रविवार को दूरबीन सर्जरी के द्वारा ऑपरेशन करने को लेकर एक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पटना से पहुंचे प्रशिक्षक डॉक्टर संजीव कुमार द्वारा डॉक्टर मधु सिन्हा की पहल यह प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि दूरबीन सर्जरी का प्रयोग अब अनेक प्रकार के ऑपरेशन में किया जाता है । निःसंतान दंपतियों के लिए यह ऑपरेशन बहुत ही लाभदायक व सुरक्षित है। ऑपरेशन की इस विधि को हिस्टोरोस्कॉपी, लेप्रोस्कोपी सर्जरी के नाम से भी जाना जाता है। इसके माध्यम से बांझपन के समस्या का पता लगाकर उसकी समस्याओं को दूर किया जाता है। इसमें ऑपरेशन करने वाली महिलाओं को अनेक फायदे हैं। इसमें महिलाओं को ना तो ज्यादा दर्द होता है, ना ज्यादा दिनों तक हॉस्पिटल रहने की आवश्यकता पड़ती है और ना तो ज्यादा ब्लड का नुकसान होता है और नहीं बड़े-बड़े टांके लगाने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि दूरबीन सर्जरी में लोगों को खर्च भी कम होती है। इस मौके पर गायनी से जुड़े अनेको डॉक्टरों की उपस्थिति में दूरबीन सर्जरी के 10 महिलाओं का सफल ऑपरेशन भी किया गया। मौके पर शहर के अनेक लोग मौजूद होकर इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

# हसनगंज के करबला में हुआ 18 ताजियों का शांतिपूर्ण पहलाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पकरीबरावां (नवादा)।** मोहर्रम के मौके पर सोमवार को पकरीबरावां प्रखंड में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हसनगंज स्थित करबला में कुल 18 ताजियों का पहलाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जुलूसों में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया।

सबसे पहले दोस्तलीबीघा गांव से ताजिये के साथ जुलूस निकाला गया, जिसके बाद बरडीहा, चमन, छोटी तालाब, पकरी, मो.पुर, सुदनपुर, दत्तरौल, केशोचक समेत अन्य गांवों से भी जुलूस करबला की ओर रवाना हुआ। अधिकांश ताजियों का पहलाम हसनगंज स्थित करबला में ही किया गया। रविवार को सिमरिया, मड़वा समेत अन्य गांवों में बने 5 ताजियों का पहलाम पहले ही किया जा चुका था। इस तरह पूरे क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। जुलूस के दौरान एसडीपीओ महेश चौधरी, बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार, प्रभारी अंचलाधिकारी निशांत कुमार, पुलिस निरीक्षक प्रशांत कुमार, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, एसआई कन्हैया लाल, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार, स्नेहा कुमारी समेत अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी चक्रमण करते रहे। हसनगंज स्थित करबला में प्रकाश, पेयजल, शर्बत और बैठने की व्यवस्था की गई थी। शाम को ताजियों का पहलाम हुआ, जिसके बाद दक्षिणी ग्राम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मो. फारुख आजम ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को सम्मानित किया। पूरे आयोजन में धार्मिक श्रद्धा, सामाजिक एकता और प्रशासनिक चौकसी का अद्‌भुत समन्वय देखने को मिला।

# बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा बोर्ड इंजीनियरिंग परीक्षा में कौआकोल की सिमरन बनीं बिहार टॉपर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा बोर्ड इंजीनियरिंग परीक्षा (बीसीईसीई लेटरल एंट्री) द्वारा घोषित परिणाम में कौआकोल के रानीबाजार गांव की एक छात्रा ने बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस सफलता पर गांव सहित प्रखण्ड के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। छात्रा के पिता रंजीत कुमार ने बताया कि सिमरन ने बीसीईसीई लेटरल एंट्री परीक्षा में सामान्य कोटे में पूरे बिहार में प्रथम रैंक प्राप्त की है। बता दें कि बीसीईसीई एलई (लेटरल एंट्री) परीक्षा बिहार के संस्थानों में इंजीनियरिंग, फार्मेसी और कृषि जैसे विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दूसरे वर्ष में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए है जिन्होंने डिप्लोमा या उ.ट्टद. किया है और इंजीनियरिंग के दूसरे वर्ष में सीधे प्रवेश लेना चाहते हैं। सिमरन की इस उपलब्धि से उनके परिवार एवं शुभचिंतकों में काफी खुशी है। बता दें कि सिमरन के पिता रणजीत कुमार गांव में ही गोला की दुकान चलाते हैं,जबकि उनकी माता कुमारी मोना गृहिणी हैं। सिमरन की इच्छा एक बेहतर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने का है।

# 9 जुलाई को नवादा पहुंचेंगे तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** 9 जुलाई को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव नवादा जिला आ रहे हैं। उनके आगमन की तैयारी को लेकर रजौली में राजद के कार्यकर्ताओं ने एक बैठक कर नवादा जाने का निर्णय लिया है। राजद के राज्य परिषद सदस्य सह रजौली विधानसभा पर्यवेक्षक नंदकिशोर यादव ने कहा कि 9 जुलाई को तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर रजौली विधानसभा क्षेत्र के रजौली, सिरदला एवं मसकौर से हजारों की हजार संख्या में राजद के कार्यकर्ता नवादा पहुंचेंगे। नवादा में कौशल यादव, पूर्णिमा यादव और सलमान रागिव मुन्ना 9 जुलाई को राजद का दामन थामने वाले हैं। इसी को लेकर 9 जुलाई को नवादा के आईटीआई मैदान में राजद का भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है। वहीं राजद नेत्री प्रेम चौधरी ने कही की इस बार के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को सहयोग कर बिहार के मुख्यमंत्री बनाने में पुरजोर समर्थन करेंगे। उन्होंने बताया कि राजद की पार्टी गरीबों, शोषितों वंचितों की पार्टी है। तेजस्वी यादव सभी लोगों के नेता हैं। सभी वर्गों के बारे में सोचते हैं। उन्होंने 17 महीने के कार्यकाल में सभी वर्ग के लोगों के लिए कई कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी की साजिश है जिसके कारण गरीबों, वंचितों का नाम वोटर लिस्ट से काटने का काम किया जा रहा है। यह हम लोग होने नहीं देंगे। हमारे नेता तेजस्वी यादव ऐसा होने हरगिज नहीं देंगे। मौके पर राजद के बालकृष्ण प्रसाद यादव, कृष्णा यादव, राजेंद्र प्रसाद, देवनंदन यादव के साथ राजद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव से मारपीट एवं एस/ एसटी अधिनियम से जुड़े एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि भोदू मंडल को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कांडों के आरोपितों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच नवादा में हुआ ताजियों का पहलाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**नवादा।** रंजो गम का त्योहार मोहर्रम के मौके पर सोमवार को नवादा में ताजिया का पहला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई। नवादा शहर के विभिन्न इमामबाड़ों पर बैठने वाले ताजिया को बीती रात ताजियादारों द्वारा बुंदेला बाग स्थित कब्रिस्तान में लाया गया। सभी ताजिया का एक साथ मिलन के उपरांत सोमवार की शाम से ताजिया का पहलाम शुरू हुआ, जो देर रात तक चला। पहलाम को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। नवादा डीएम कोठी के समीप स्थित कब्रिस्तान में ताजिया का पहला किया गया। जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुंदेलाबाग से लेकर मे बुन्देलखण्ड, रेलवे क्रोसिंग, बस स्टैंड, लाल चौक, प्रजातंत्र चौक, भगत सिंह चौक, रामनगर डीएम कोठी तक सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रही। इन मार्गो पर बड़े वाहनों के साथ-साथ दो पहिया वाहनों का भी आवागमन रोक दिया गया था। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर इन मार्गों पर बिजली आपूर्ति भी बाधित रखी गई। बीती रात से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण कई घरों में पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। बुंदेलखंड, रेलवे क्रॉसिंग, पारनवादा बस स्टैंड, लाल चौक प्रजातंत्र चौक, भगत सिंह चौक सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिस पर दंडाधिकारी बल की प्रति नियुक्ति की गई थी। सदर एसडीओ और एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस बल दंडाधिकारी पारनवादा क्षेत्र में मौजूद रहे। ताजिया पहलाम के मौके पर प्रगति फाउंडेशन, सेवा शिविर के साथ-साथ कई स्वयंसेवी संगठनों द्वारा शिविर लगाकर ताजिया में शामिल लोगों को शुद्ध पेयजल व खिचड़ा का वितरण किया गया। गोविंदपुर विधायक मोहम्मद कामरान खुद ताजिया जुलूस में शामिल लोगों को पानी पिलाते देखे गए। ताजिया पहलाम के दौरान ही विभिन्न अखाड़े के लोगों द्वारा अखाड़ा भी खेला गया।

# दो दिवसीय मशाल कार्यक्रम में 11 संकुल के विद्यालयों के छात्र व छात्राओं ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण खेल विभाग बिहार द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय मशाल कार्यक्रम प्रखंड स्तरीय आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन इंटर विद्यालय नारदीगंज के खेल मैदान में सोमवार को हुआ। उद्घघाटन बीडीओ सोनिया ढनढननिया, बीइओ दीपक सक्सेना, उप प्रमुख अमित कुमार, प्रखंड लेखापाल संजीव रंजन, बीआरपी आनन्द कुमार समेत अन्य ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में नारदीगंज प्रखंड के 11 संकुल के विद्यालयों के छात्र व छात्राओं ने भाग लिए कार्यक्रम में खेल में 60 मीटर,100,200 मीटर की दौड़, साइकिल रेस में तीन व पांच किलोमीटर रेस, ऊंची कूद, लम्बी कूद समेत अन्य विद्याओं में छात्र व छात्राएं ने दमखम दिखाए। विभिन्न प्रकार के खेलों में सफल प्रतिभागियों में बालक व बालिकाओं वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय को मेडल, कप और प्रशस्ति पत्र देकर देकर सम्मानित किया गया।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 07-07-2025 21:42 Page 1



# बुद्ध कुष्ठ आश्रम से गांधी की प्रतिमा चोरी

- संगमरमर से बनी थी प्रतिमा
- वर्ष 1974 में किया गया था स्थापित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** मोक्ष व ज्ञान की नगरी गयाजी में अज्ञात चोरों ने गया पटना रोड स्थित डेल्हा थाना क्षेत्र के गौतम बुद्ध कुष्ठ आश्रम परिसर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा चुरा ली। सुबह जब बच्चे खेलने के लिए गौतम बुद्ध कृष्ण आश्रम अस्पताल पहुंचे तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा अपने निर्धारित स्थान पर नहीं दिखी। यह खबर मोहल्ले में तेजी से फैल गई।

आसपास के लोग व गांधी विचारधारा से जुड़े लोग भी उस स्थान पर पहुंच गए। साथ ही डेल्हा थाने को भी मूर्ति चोरी की सूचना दी गई। सूचना के बाद डेल्हा थानाध्यक्ष इंद्रदेव पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और अस्पताल प्रबंधन समेत सभी लोगों से पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद थानाध्यक्ष ने बताया कि महात्मा गांधी की प्रतिमा बदमाशों ने चुरा ली है। पुलिस उन बदमाशों की तलाश कर रही है, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि यहां करीब डेढ़ फीट ऊंची राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा थी, जो हल्के रंग के संगमरमर से बनी थी, जो यहां से गायब है।

सिविल सर्जन डॉ राजा राम प्रसाद ने बताया कि गौतम बुद्ध कुष्ठ आश्रम परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा गायब होने की जानकारी उन्हें मिली है. उन्होंने तत्काल गौतम बुद्ध कुष्ठ आश्रम के प्रभारी को स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि गौतम बुद्ध कुष्ठ आश्रम पूरी तरह असुरक्षित है. यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है. पूरी घटना की जानकारी विभाग और वरीय पदाधिकारी को दे दी गई है ताकि वहां सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जा सके। स्थानीय लोगों के अनुसार गांधी की प्रतिमा 2 अक्टूबर 1974 को स्थापित की गई थी।

# बदनाम गलियों वाले कैसे कर पायेंगे मतदान?

- कहां से लाएं माता-पिता की पहचान?
- पहचान साबित करने की समस्या

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

*बेगूसराय। अनुमंडल क्षेत्र में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। इसको लेकर बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को फार्म थमा रहे हैं और उसे निर्धारित समय में भरकर देने की बात कह रहे हैं।*

*जैसा आयोग का निर्देश है कि 1987 के पहले जन्म लेने वाले मतदाताओं के लिए सेल्फ आईडी प्रस्तुत करना है। 1987 के बाद तथा 2004 के बीच जन्म लेनेवाले मतदाताओं के लिए स्वयं की पहचान के अतिरिक्त माता, पिता में किसी एक की पहचान देनी है।*

*जबकि 2004 के बाद जन्मे मतदाताओं को अपनी पहचान के साथ माता-पिता दोनों का पहचान उपलब्ध कराना अनिवार्य है। तीसरा नियम यूं तो अधिसंख्य मतदाताओं के लिए परेशानी का सबब बन रहा है, लेकिन इससे सर्वाधिक परेशानी रेडलाइट एरिया के नट समाज के लोगों को रही है। बखरी में ऐसे तीन मोहल्ले नदैल घाट, आशा पोखर और पेट्रोल पंप के पीछे स्थित है। यहां वोटरों की बड़ी संख्या निवास करती है। इस समाज की कड़वी सच्चाई है कि इनके साथ माता की पहचान तो होती है, किंतु बहुतों के पिता अदृश्य होते हैं। इनकी पहचान को छिपाया जाता है।*

*ऐसे लोग सरकारी कागजात में माता के द्वारा बताए गए पिता के खाने को भरकर अपना काम चलाते हैं।*

*दूसरे इन मोहल्लों में कुछ ऐसे भी बदनसीब लोग, खासकर महिलाएं, जिनकी अपनी पहचान के अतिरिक्त उनके पास कुछ नहीं है, ऐसे लोगों में समाज से सताए या परिवार से तिरस्कृत महिलाएं होती हैं, जो यहां रहकर नाच गान या अन्य दूसरा धंधा कर अपने जीवन की गाड़ी को खींच रही हैं।*

*अब उन्हें मतदाता गहन पुनरीक्षण का सामना करना पड़ रहा है। 2004 के बाद पैदा हुए या आकर रह रहे मतदाताओं को अपने साथ माता-पिता की पहचान बताना मुश्किल हो रहा है।*

*उनकी बड़ी समस्या यह है कि वे मां की पहचान तो फिर भी दे देंगे, लेकिन पिता की पहचान को कैसे साबित कर पाएंगे। क्योंकि पिता पक्ष के लोग ऐसा कभी नहीं चाहेंगे कि ऐसे बच्चों को उनकी पहचान मिले। यहां कुछ महिलाएं या बच्चियां ऐसी भी हैं, जो किसी कारण से इस बदनाम गलियों में रह रही हैं।*

*इनके पास भी खुद की पहचान साबित करने की समस्या है। ऐसे लोग भ्रमित हो विभिन्न तरह की आशंकाओं में जी रहे हैं।*

*नदैल घाट निवासी सोनू, गुड्डू, रोहित कुमार आदि बताते है की उनके मां बाप नहीं हैं और न ही उनकी कोई पहचान है। ऐसे में वे कैसे साबित करें कि उनके माता-पिता इस मोहल्ले के निवासी हैं।*

*नीतू देवी कहती हैं कि उनके भी मां-बाप नहीं हैं। न ही उनके नाम की कोई भूमि है। वह कैसे अपना पहचान दे पाएंगी। उनके बच्चों को आगे परेशानी होगी। यह तो महज चंद नाम हैं, ऐसे अनगिनत लोग हैं, जिन्हें अपने मताधिकार छिन जाने का डर सता रहा है।*

*निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने कहा कि चुनाव आयोग के नए आदेश के मुताबिक फॉर्म जमा करने के समय पहचान से संबंधित कागजातों को जमा करने की वैधता में ढील दी गई है।*

*अब फॉर्म के साथ कागजात नहीं रहने पर भी फॉर्म जमाकर लिए जाएंगे। बाद में बीएलओ एप के माध्यम से कागजात जमा कराए जाएंगे।*

*उन्होंने कहा कि गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य ही वैध मतदाताओं की पहचान है। क्षेत्र के जो भी मतदाता हैं, उन्हें अपने मताधिकार को साबित करना होगा कि वे कैसे इसकी अर्हता रखते हैं।*

*इसके लिए आयोग द्वारा कई विकल्प दिए गए हैं। फिर भी अगर कोई अपनी पहचान साबित नहीं कर पाता है, तो उनका मताधिकार छिन जाएगा। इससे अन्य दूसरी योजनाएं प्रभावित नहीं होंगी।*

# संतुलन बिगड़ने से बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले में तेज रफ्तार और लापरवाही से हो रहे सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 20 पर नेमदारगंज थाना क्षेत्र के बरेव अड्डा के पास बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, गोविंदपुर से पटना जा रही एक बस की आमने-सामने भिड़ंत एक ट्रक से हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक चालक रॉन्ग साइड में घुसने की कोशिश कर रहा था, इसी दौरान बस का संतुलन बिगड़ गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य यात्री बस के गेट के नीचे फंस गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पूर्व मुखिया संतोष कुमार सिंह, पूर्व सरपंच मक्कू पांडे और पुलिस मौके पर पहुंचे। गैस कटर



की मदद से फंसे घायल को बाहर निकाला गया और उसे नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि बरेव अड्डा चौमुहाना रोड है, जहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। बक्सोती की ओर से आने वाले वाहन यहां सीधे मुख्य सड़क को पार करते हैं, जिससे रजौली से नवादा की ओर जाने वाले वाहनों के लिए यह जगह बेहद खतरनाक बन गई है। ग्रामीणों ने सड़क कट को किसी सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। नेमदारगंज थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि मृतक और घायल दोनों की पहचान की जा रही है। हादसे के समय तक उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले की

# बस की ठोकर से ताजिया जुलूस में शामिल दो युवक घायल

## गुस्साये लोगों ने बस में लगायी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पातेपुर प्रखंड अंतर्गत बलि गांव थाना क्षेत्र के चिकनौटा में बस की ठोकर से ताजिया जुलूस में शामिल दो युवक घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने बस में आग लगा दिया। इस दौरान अफरातफरी मच गई। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

हादसे की सूचना पर आसपास के लोग जुट गए। घटना की जानकारी स्थानीय थाना की पुलिस एवं दमकल कर्मियों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घंटों करी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इस दौरान सड़क पर दोनों तरफ जाम लग गया। स्थानीय थाना की पुलिस के पहल पर जाम समाप्त कराया गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए समस्तीपुर भेजा गया।

मिली जानकारी के अनुसार समस्तीपुर की तरफ से महादेव बस सवारी लोड करके आ रही थी। इसी दौरान चिक नौटा के निकट सड़क पर ताजिया जुलूस निकल गया था। बस चालक के द्वारा लगातार हॉर्न बजाने के बाद भी जुलूस में शामिल लोग नहीं हटे।

बस निकलने के दौरान बस की ठोकर से दो व्यक्ति जुलूस में शामिल घायल हो गया। हादसे के बाद जुलूस में शामिल आक्रोशित लोगों ने बस पर सवार लोगों को नीचे उतरकर बस में आग लगा दिया। इसी दौरान अफरातफरी मच गई। बस पर सवार व्यक्ति दूसरे गाड़ी पकड़ के अपने गंतव्य तक गए।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना की सूचना पर महुआ एसडीपीओ कुमारी दुर्गा शक्ति स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझाने बुझाने एवं आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

इस संबंध में वैशाली पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने बताया की ताजिया जुलूस के दौरान यात्री बस में दो लोगों को ठोकर मार दी। इसके बाद गुस्सा लोगों ने यात्री बस में आग लगा दी है।

घटना की सूचना मिलते ही तुरंत मौके से महुआ एसडीपीओ एवं स्थानीय थाना की पुलिस पहुंचकर मामले को शांत कर दिया है, और आग पर भी काबू पा ली गई है।

# बड़कागांव में हाथियों का आतंक, फसलों को किया बर्बाद

## बुढ़वा महादेव मंदिर के पास जमाए हैं डेरा, श्रद्धालुओं में भी भय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाथीबड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव प्रखंड के पंडरिया और कांडतरी गांव समेत कई क्षेत्रों में हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से कहर ढा रहा है। हाथियों ने मक्का और धान की फसलों को बड़े पैमाने पर नष्ट कर दिया है, साथ ही कई ग्रामीण घरों एवं संरचनाओं को नुकसान पहुंचाया है।25 से अधिक किसानों की फसलें नष्टरविवार की रात हाथियों ने विशेष रूप से पंडरिया और कांडतरी गांव को निशाना बनाया, जहां 25 से अधिक किसानों की मक्का की फसल को खा कर नष्ट कर दिया गया और धान की बीजड़ा फसल को भी बर्बाद कर दिया।प्रभावित किसानों में शामिल हैं: बालेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, कारीनाथ महतो, अजय महतो, बालो महतो, महेन्द्र महतो, तालों महतो, अशोक महतो, फुलेश्वर महतो, प्रदीप ठाकुर, बिनोद महतो, मिथलेश महतो, विकास महतो, टहलू महतो, भवानी महतो।कांडतरी गांवः विनोद महतो, सिद्धेश्वर महतो, प्रकाश महतो, लोचन महतो, गौतम कुमार व अन्य।घरों को भी पहुंचा नुकसाननंदकिशोर महतो के चिमनी भट्ठा में स्थित स्टोर रूम को हाथियों ने तोड़ दिया।कार्तिक महतो के घर का मुख्य दरवाजा क्षतिग्रस्त कर दिया गया।मितर महतो के घर की सौर ऊर्जा प्लेट भी हाथियों ने तोड़ दी।बुढ़वा महादेव मंदिर के पास फैला डरहाथियों का झुंड बुढ़वा महादेव मंदिर से महज आधा किलोमीटर के दायरे में घूम रहा है। 11 जुलाई से सावन मास की शुरूआत के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा और जलाभिषेक के लिए उमड़ने वाली है, लेकिन हाथियों की मौजूदगी से श्रद्धालु भयभीत और चिंतित हैं। 268 किसानों की फसलें और 58 मकानों को नुकसानअब तक की रिपोर्ट के अनुसारः268 किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है।58 ग्रामीण मकान आंशिक या पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।जंगल से सटे गांवों के लोग दहशत में जी रहे हैं।वन विभाग से राहत की मांगग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है और आग्रह किया है कि हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की कार्यवाही तुरंत शुरू की जाए। स्थानीय प्रशासन और वन अधिकारियों से मुआवजा, सुरक्षा उपाय और रात्रि गश्ती की भी मांग की जा रही है। हाथियों का यह तांडव न केवल फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका और धार्मिक गतिविधियों को भी संकट में डाल रहा है।

# भारत माता की जय के उद्घोष के बीच ट्रेड यूनियनों की बैठक सम्पन्न

## श्रम कोड व केंद्र सरकार की नीतियों पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार की नीतियों को बताया मजदूर विरोधी, भारतीय मजदूर संघ ने हड़ताल को बताया राजनीतिक हजारीबाग क्षेत्र में कोयला क्षेत्र की सक्रिय ट्रेड यूनियनों की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का फोकस केंद्र सरकार की नवीन श्रम नीतियों (चार लेबर कोड) तथा राजनीतिक हस्तक्षेप पर रहा। बैठक के दौरान नेताओं ने केंद्र सरकार पर मजदूर विरोधी नीतियाँ अपनाने और सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए। कई नारों और तीव्र शब्दों में असहमति प्रकट की गई।

बैठक में प्रमुख उपस्थित नेता खुशी लाल महतो सीएमयू भाजपा - एनडीए बसंत कुमार बीसीकेयू भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) राजेंद्र प्रसाद सिंह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी विनोद कुमार सिंह

भाजपा समर्थित (एनडीए) किशुन महतो आजसू (एनडीए) राजू महतो जनता दल यूनाइटेड (एनडीए) बलभद्र दास भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अकाल उरांव झारखंड मुक्ति मोर्चा विचारणीय प्रश्न उठेः बैठक में यह भी चर्चा हुई कि कई ऐसे यूनियन नेता, जिनके संगठन से जुड़े हैं, वे अब सार्वजनिक रूप से केंद्र सरकार के लेबर कोड्स का विरोध कर रहे हैं

उन्होंने कहा कि ।क्या यह विरोध सैद्धांतिक है या अवसरवादी? – यह विचार मजदूर वर्ग को स्वयं करना चाहिए।भारतीय मजदूर संघ का रुखः बैठक एवं 9 जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल से स्वयं को अलग किया है। उनका मानना है कि यह हड़ताल पूरी तरह राजनीतिक प्रेरित है, और इसका कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों से कोई प्रत्यक्ष सरोकार नहीं है।इटर का मतःयह हड़ताल यदि हुई, तो इससे देश की ऊर्जा आपूर्ति बाधित होगी और आम जनता प्रभावित होगी। भारतीय मजदूर संघ , हजारीबाग क्षेत्र के सभी पुरुष एवं महिला कर्मचारियों से अपील करता है कि वे चार लेबर कोड्स को स्वयं पढ़ें, समझें, और यह निर्णय स्वयं करें कि यह हड़ताल आपके अधिकारों की रक्षा के लिए है या केवल एक राजनीतिक स्वार्थ का माध्यम।आपका निर्णय ही आपके भविष्य को तय करेगा।

# एअर इंडिया की फ्लाइट में आयी खराबी, हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना से दिल्ली जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 2634 सुबह 10:40 बजे उड़ान भरने वाली थी। इसे अचानक तकनीकी खराबी के कारण ग्राउंडेड कर दिया गया। इस घटना से यात्रियों में भारी आक्रोश देखा गया, और पटना एयरपोर्ट पर हंगामे की स्थिति बन गई।

फ्लाइट ग्राउंडेड होने की सूचना के बाद यात्रियों को 3 से 4 घंटे तक एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा। एयरलाइन की ओर से सही समय पर जानकारी न मिलने के कारण यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई। कई यात्रियों ने टिकट काउंटर पर अपने टिकट रीशेड्यूल करने की कोशिश की, जबकि कुछ यात्री, जिन्हें दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़नी थी, विशेष रूप से परेशान दिखे।

फ्लाइट रद होने की वजह से गुस्साए यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर



हंगामा किया। यात्रियों का आरोप था कि एयरलाइन कर्मचारियों की कमी और अपर्याप्त जानकारी के कारण उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था। विशेष रूप से, विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों में कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने की चिंता को लेकर भारी नाराजगी देखी गई। यात्रियों का कहना है कि समय पर सूचना और बेहतर प्रबंधन की कमी के कारण उनकी परेशानी बढ़ी। यात्रियों ने मांग की है कि एयरलाइन भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बेहतर प्रबंधन और पारदर्शी संचार सुनिश्चित करे।

# रेस्क्यू के दौरान सर्पदंश से मौत

## लोग बनाते रहे वीडियो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**हाजीपुर।** वैशाली में सांप का रेस्क्यू करने वाले शख्स को ही सांप ने काट लिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जयप्रकाश यादव के रूप में की गई है। घटना राजापाकर प्रखंड की है। हैरानी की बात यह है कि जयप्रकाश यादव की सबके सामने मौत हो गई और वहां पर जुटे लोग मोबाइल से वीडियो बनाते रहे। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि जयप्रकाश लगभग 20 वर्षों से सांप का रेस्क्यू करने का काम करते थे। वह अब तक कई बड़े-बड़े रेस्क्यू को अंजाम दे चुके थे, लेकिन आज सांप का रेस्क्यू करने के दौरान उसे सांप ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जय प्रकाश यादव को जिला के लोग एक प्राकृतिक योद्धा के रूप में जानते थे। उनका जीवन सांपों की सुरक्षा और बचाव के लिए समर्पित था। उनकी सेवा और साहस की कहानियां क्षेत्र में मशहूर थीं। उनकी अचानक मृत्यु से क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है। रविवार की दोपहर बिदुपुर प्रखंड क्षेत्र के चकसिकंदर पैक्स अध्यक्ष राजन कुमार साह के चावल गोदाम में जहरीला और विशाल कोबरा सांप छिपा हुआ था। जब लोगों की नजर पड़ी तो लोगों ने जयप्रकाश यादव को बुलाया गया। उन्होंने कोबरा सांप का रेस्क्यू किया, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही करने के कारण सांप ने उसे डस लिया। सांप के डंसते ही जय प्रकाश जमीन पर गिर पड़े। ताज्जुब की बात यह है कि म्लोगों के स्दामने सांप ने उस शख्स को डसा और उसनके सामने ही वह जमीन पर गिर पड़ा लेकिन घटनास्थल पर जुटी भीड़ तमाशबीन बनकर मोबाइल से वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने उन्हें अस्पताल नहीं पहुंचाया। इस वजह से जय प्रकाश की मौत हो गई।

जयप्रकाश यादव ने कई प्रजाति के हजारों सांपों की रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा, सांप और नेवले की लड़ाई के दौरान कई सांप भी घायल हो गए थे, जिसे भी जयप्रकाश यादव ने उपचार कर सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया था। वहीं मौत की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया है।

## अपार्टमेंट में लगी आग, अफरातफरी

**पटना सिटी।** बहादुरपुर थाना अंतर्गत बहादुरपुर क्षेत्र के सिद्धनाथ अपार्टमेंट की ऊपरी मंजिल स्थित एक फ्लैट में सोमवार की दोपहर आग लग गई। कुछ ही देर में बगल के तीन फ्लैट आग की चपेट में आ गए। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। फ्लैट में लगी आग और धुआं देख आसपास के फ्लैट के लोगों ने सीढ़ियों से बाहर निकलकर जान बचाई। इसी बीच सूचना पाकर कंकड़बाग और पटना सिटी फायर स्टेशन से पहुंची दमकलों की मदद से आग बुझाई गई। फायर कर्मियों ने आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि अपार्टमेंट के पांचवीं मंजिल वाले फ्लैट में खाना बनाने के दौरान रसोई गैस सिलेंडर में हुए रिसाव से आग लगी है। पहुंची पुलिस का कहना है कि आग लगने की वजह का पता लगाया जा रहा है। इस घटना में किसी को काई नुकसान नहीं पहुंचा है केवल सामान जला है। सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

# मतदाता पुनरीक्षण में लापरवाही, 32 के वेतन निकासी पर रोक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलओ के बाद बड़े स्तर पर बीएलओ के सुपरवाइजर द्वारा अपने कार्यों में लापरवाही की जा रही है। इसकी जानकारी मिलने के बाद इन सभी लापरवाह विभिन्न प्रखंडों के आठ पदाधिकारी समेत कुल 32 सुपरवाइजर पर डीएम के द्वारा कार्रवाई करते हुए वेतन बंद कर दिया है।

24 घंटे में स्पष्टीकरण का जवाब देते हुए पूछा गया है कि क्यों नहीं आप सभी के खिलाफ निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही को देखते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा कर दी जाए। मालूम हो विगत दिनों विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के द्वारा डीएम के पास शिकायत की गई थी कि उपरोक्त 32 पदाधिकारी और कर्मचारी बीएलओ के कार्यों की सही ढंग से मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं।

इसके साथ ही ये सभी अपने कार्यों में रुचि नहीं लेने के साथ गायब भी रह रहे हैं। इसी रिपोर्ट पर कड़ा एक्शन लेते हुए डीएम ने सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# स्थापना दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

## ग्रामीणों और कर्मियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम का 78वां स्थापना दिवस सोमवार को कोनार परियोजना परिसर में पूरे उत्साह, उल्लास और गरिमामय माहौल में मनाया गया। तीन दिवसीय आयोजन की शुरूआत डीवीसी प्रबंधक (असैनिक) गोपाल महतो द्वारा डीवीसी ध्वज फहराकर और सलामी देकर की गई।ध्वजारोहण से शुरूआत, केक काट कर मनाई खुशियाँकार्यक्रम की शुरूआत में सभी डीवीसी अधिकारियों और कर्मचारियों ने केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी। रन फॉर डीवीसी में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे स्वास्थ्य और संगठनात्मक एकता का संदेश दिया गया।स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक छटाकोनार डैम की हरी-भरी वादियों में जब स्थापना दिवस के मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, तो वातावरण और भी मनोरम हो गया।




स्वागत गान, लोकनृत्य, नाट्य प्रस्तुति स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीतों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के बाद सम्मानित किया गया।ग्रामीण और सेवानिवृत्त कर्मियों को भी सम्मानकार्यक्रम के दौरान सीएसआर क्षेत्र में रह रहे ग्रामीणों और सेवानिवृत्त डीवीसी कर्मियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। सम्मानित व्यक्तित्वों में शामिल हैं:तेजो महतो (87 वर्ष), गरहमुर्गी, बनासोमुखिया कुंवर हांसदा, नागीउपमुखिया दिलीप तुरी, नागीस्थापना दिवस की भव्यता में योगदान देनेवाले विभागस्थापना दिवस पर डीवीसी कार्यालय, उच्च विद्यालय, डीवीसी अस्पताल, सब स्टेशन, तथा अन्य विभागीय भवनों को आकर्षक लाइटिंग और साज-सज्जा से सजाया गया था। परियोजना क्षेत्र का वातावरण उत्सवमय हो गया था। गोपाल महतोडॉ. बीएन मंडल, रबी रंजन, कार्यपालक चंद्रशेखर प्रसादप्राचार्य भरत किशोर महतो, राजेश्वर रजक, राकेश, राकेश भास्कर, अशोक कपूर, अमन टप्पो सुनील कुमारसब स्टेशन इंचाजः पीके. सिन्हाडी. एन. प्रसादसाथ ही आसपास के ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। 78वें स्थापना दिवस का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि डीवीसी और समाज के बीच के गहरे संबंधों और सहभागिता का प्रतीक बन गया।

## शराब तस्कर फरार

**बक्सर।** नगर पुलिस की कार्रवाई में कोइरपुरवा से तीन बोतल बीयर के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया था, जिसकी पहचान कोइरपुरवा निवासी कुर्बान अंसारी के रूप में की गई है।तस्कर को हाजत में बंद करने के बाद सुबह जेल भेजने की तैयारी चल रही थी कि तभी शौच के बहाने निकलने के बाद वह फरार हो गया।कैदी के फरार होने की पुष्टि करते सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि सुबह आठ बजे के करीब ओडी पदाधिकारी के ड्यूटी संभालते ही हाजत में बंद कुर्बान अंसारी शौच जाने के लिए शोर मचाने लगा और बाहर निकलते ही पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

# 10 जुलाई से एलएचबी रैक से चलेगी धनबाद- पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद से पटना के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 10 जुलाई से एलएचबी रैक से चलेगी। वापसी में पटना से 14 जुलाई से इस ट्रेन को एलएचबी रैक से चलाया जाएगा।वर्तमान में इस ट्रेन के एक रैक को एलएचबी में बदला गया है जिससे अलग-अलग दिनों में एलएचबी व पुराने आइसीएफ रैक से चलाई जा रही है।

10 जुलाई से सभी रैक एलएचबी में बदल जाएंगे। इस बदलाव से स्लीपर श्रेणी में एक कोच कम होगा। सात के बदले छह कोच जुडेंगे। थर्ड एसी के तीन के बदले चार तथा सेकंड एसी के एक से बढ़ कर दो कोच जोड़े जाएंगे।

धनबाद से कोल्हापुर के बीच चलने वाली दीक्षाभूमि एक्सप्रेस सोमवार से चमचमाते एलएचबी रैक से चलेगी। कोल्हापुर से नई रैक रविवार को धनबाद पहुंच गई।

पारंपरिक आइसीएफ के बदले एलएचबी से चलने से इस ट्रेन के कोच संयोजन में भी बदलाव किया गया है। 11 स्लीपर कोच के साथ चलने वाली ट्रेन में अब इस श्रेणी के सात कोच ही जुड़ेंगे।

11 कोच के साथ चलने से स्लीपर की 792 सीटें थीं। कोच कम होने से अब स्लीपर श्रेणी में 560 सीटें होंगी तथा 232 सीटें कम हो जाएंगी। जनरल के चार, थर्ड एसी पांच सेकंड एसी के दो कोच जोड़े जाएंगे।

C M Y K

# अश्विनी वैष्णव ने कर्पूरीग्राम स्टेशन के उन्नयन एवं सब-वे के निर्माण का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सर्वप्रथम दीघा ब्रिज हाल्ट का निरीक्षण किया। तत्पश्चात रेल मंत्री ने दीघा ब्रिज हाल्ट से कर्पूरीग्राम के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आज के रेल मंत्री के बिहार के दौरे के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, समस्तीपुर की सांसद श्रीमती शांभवी, बिहार विधान परिषद के विधायक डॉक्टर तरूण कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कर्पूरीग्राम स्टेशन पर रेल मंत्री द्वारा कर्पूरीग्राम स्टेशन के उन्नयन एवं कर्पूरीग्राम स्टेशन के पश्चिमी छोर पर सब-वे के निर्माण का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास के उपरांत रेल मंत्री कर्पूरीग्राम स्टेशन पर प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि कर्पूरीग्राम स्टेशन का 3.30 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन कार्य किया जाएगा जिसके तहत स्टेशन का रिमॉडलिंग एवं स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कर्पूरीग्राम स्टेशन पर 18 फीट चौड़ा एफओबी का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन के पश्चिमी छोर पर 14 करोड़ रुपये की लागत से एक सब-वे का निर्माण कराया जाएगा। यह सब-वे न केवल रेल परिचालन को अधिक सुगम और संरक्षित बनाएगा बल्कि रेलवे लाइन के दोनों ओर स्थित गांवों और बस्तियों को जोड़ते हुए सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी एक नई गति प्रदान करेगा । इसके उपरांत रेल मंत्री कर्पूरीग्राम से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए समस्तीपुर स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा यात्रियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लिए। इसके बाद उन्होंने समस्तीपुर मंडल के उन्नयनीकृत कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर ट्रेनों के संरक्षित एवं सुचारू परिचालन के संबंध में उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए। इसके उपरांत रेल मंत्री की अध्यक्षता में समस्तीपुर मंडल के सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री द्वारा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए और परियोजनाओं को समय-सीमा के अंदर पूरा करने पर बल दिया । आज के इस दौरे के दौरान रेल मंत्री जी ने कहा कि माल यातायात में रेल की हिस्सेदारी 20 से 29 प्रतिशत हो गया जिसे बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले 11 सालों में भारतीय रेलवे पर 35000 किमी से ज्यादा का नया रेलवे ट्रैक का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि अब रेल ओवर ब्रिज का निर्माण केन्द्र सरकार द्वारा ही बनाया जाएगा । उन्होंने रेलवे में नियुक्ति हेतु वार्षिक कैंलेण्डर जारी किया गया है जिसमें और सुधार किया जा रहा है ताकि तय समय पर परीक्षा का आयोजन किया जा सके। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता के लिए अतिरिक्त प्रयास करने निर्देश दिए ताकि जमीन पर लोगों को गुणवत्ता युक्त कार्य दिख सके। समस्तीपुर मंडल में वर्तमान में 1265 कोचों के रख-रखाव किया जा रहा है । इन प्रत्येक कोचों में 06 कैमरा तथा प्रत्येक इंजनों में 08 कैमरा निर्धारित समय में लागने का रेल मंत्री जी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने सघन आबादी वाले क्षेत्रों में जहां आरओबी बनाया जाना संभव न हो वैसे जगहों पर लाइट आरओबी के निर्माण का निर्देश दिए।

# पिंक बस चलाने के लिए दो हजार महिला चालकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) पिंक बस चलाने के लिए दो हजार महिला चालकों को प्रशिक्षित करेगा। इसके लिए सोमवार को बीएसआरटीसी प्रशासक अतुल कुमार वर्मा और परिवहन विभाग की विशेष कर्तव्य अधिकारी अरुणा कुमारी ने प्रदेश के मोटर वाहन चालक प्रशिक्षण केंद्र के संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि जल्द ही लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) लाइसेंस धारी महिला चालकों को पिंक बस चलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन चरण में 500-500 महिला चालकों को 30 दिनों तक बस चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जल्द इससे संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। सभी आवासीय ट्रेनिंग स्कूल में साफ शौचालय, पेयजल की सुविधा, ऊंचे बाउंड्री वॉल होना अनिवार्य किया गया है। महिलाओं के लिए सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिकोण से व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिए। बस चलाने में निपुण महिला चालकों को ही सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

**महिला चालकों को रोजगार के अवसर: प्रशासक**

बीएसआरटीसी प्रशासक अतुल कुमार वर्मा के अनुसार, 80 पिंक बसें अगस्त महीने के आखिरी तक बिहार पहुंच जाएंगी। इन बसों को चलाने के लिए महिला चालकों को ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे उन्हें रोजगार मिल सकेगा। महिला चालकों के आवासीय प्रशिक्षण पर संचालकों के साथ मिलकर विभाग रूपरेखा तैयार कर रहा है।

# धार्मिक न्यास बोर्ड संबद्ध मंदिरों में कांवरियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने को तत्पर : रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। अगले 11 जुलाई से आरंभ हो रहे सावन मास में शिवभक्तों को सुविधा को लेकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद चिंतित है। और उसकी तैयारी अभी से ही आरंभ कर दी गयी है। शिव भक्तों को किसी तरह की दिक्कत ने हो इसको लेकर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद प्रदेश के 61 शिवमंदिरों को अध्यक्ष व सचिवों के साथ संवाद स्थापित कर भक्तों को किसी भी तरह का दिक्कत न हो इसपर नजर रख रहा है। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष, पूर्व विधान पार्षद, प्रो रणवीर नन्दन ने बताया कि श्रावणी पर्व को लेकर धार्मिक न्यास के अन्तर्गत आने वाले प्रमुख शिव मंदिर, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। उन श्रद्धालुओं के सुविधा एवं सुचारू व्यवस्था के लिए मंदिर के अध्यक्ष, सचिव, महंत को पत्र भेजा है। प्रो रणीवर नन्दन ने कहा है, कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा श्रावण मास में श्रद्धालुओं की सुविधा आदि के लिए मंदिरों के न्यास समितियों व महंतो से संवाद स्थापित करेगा। जिससे शिव भक्तों को कोई असुविधा न हो और श्रद्धालु उत्तम व्यवस्था का लाभ लेते हुये भगवान शंकर का पूजा-अर्चन कर सकें। प्रमुख मंदिर के बारे में उन्होंने बताया कि यहां श्री गौरी शंकर मंदिर, गाय घाट, श्री शिव मंदिर विहटेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बिहटा,श्री गौरी शंकर एवं बैंकटनाथ मंदिर, बैकटपुर, खुसरूपुर, उमानाथ मंदिर, उमानाथ, बाढ़, नर्मदेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बांक, रोहतास, श्री गुप्ता धाम, पिठिआंव, चेनारी, रोहतास, श्री देवकुण्ड मठ, औरंगाबाद, बाबा ब्रहमेश्वर नाथ महादेव मंदिर, बक्सर,श्री बाबा सिद्धनाथ मंदिर, लोहगढ़, जमनगंज, मखदुमपुर, धनेश्वर नाथ महादेव मंदिर, सिमरिया, बुढानाथ महादेव मंदिर, भागलपुर, रतनपुरा, छपरा, सारण, माँ गढ़देवी मंदिर, मढ़ौरा, छपरा,शिलानाथ, सिलौड़ी, मढ़ौड़ा, छपरा, शिव पार्वती मंदिर, बहादुरपुर, काला गमहरिया, दरपा, पूर्वी चम्पारण शामिल है।

# शिक्षक और छात्रों की समस्याओं का होगा तुरंत समाधान, टोल-फ्री नंबर जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षक, छात्रों और अन्य संबंधित पक्षों की समस्याओं के शीघ्र समाधान को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ी पहल की है। शिक्षा विभाग ने शिकायतों का वर्गीकरण करते हुए एक विस्तृत सूची जारी की है। इस सूची के माध्यम से अब शिकायतकर्ता अपनी समस्या की श्रेणी निर्धारित कर उचित समाधान के लिए संपर्क कर सकेंगे। इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने दो टोल-फ्री नंबर भी जारी किए हैं, जो इस प्रकार है- 14417 और 18003454417, जिन पर कॉल कर शिकायतें दर्ज करायी जा सकती हैं। जारी की गई सूची को 6 श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें आधारभूत संरचना (जैसे भवन की मरम्मत, शौचालय, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत कनेक्शन, पंखा, ट्यूबलाइट आदि) से जुड़े मामलों की शिकायत की जाएगी। वहीं विद्यालय संचालन से संबंधित शिकायतों में वर्ग कक्ष का संचालन, कम्प्यूटर लैब की उपलब्धता और उपयोगिता, अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी, खेल सामग्री की उपलब्धता से जुड़े मामलों की शिकायतें की जा सकेंगी। इसके साथ ही शिक्षकों का आचरण, एमडीएम (मिड-डे मील) से जुड़े मामलों को शामिल किया गया है।

# 10 से 15 जुलाई तक पटना में होगा 'मेगा जॉब फेयर' का आयोजन

## 70 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां लेंगी भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा राज्य के युवाओं के लिए 10 जुलाई से 15 जुलाई तक 'मेगा जॉब फेयर 2025' का आयोजन पटना के दशरथ मांझी, श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान (वेटनरी कॉलेज ग्राउंड के नजदीक) में किया जा रहा है। इसकी जानकारी आज श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला बिहार के युवा प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जहां उन्हें देश की 70 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने



कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता है कि राज्य के योग्य युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएं। वहीं विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने बताया कि 10 जुलाई से 15 जुलाई तक आयोजित होने वाले 'मेगा जॉब फेयर 2025' राष्ट्रीय स्तर की जो प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं उनमें एमआरएफ टायर्स, सुवर्स लि., एलएंडटी, सुधीर पावर लि., बारवेक्यू नेशन, केपीआर मिल्स, जोमेटो, मुथुट फाइनेंस,मैक्सिक्स कोचर टेक, क्रीम स्टोन, एआइआइपीएल, लि., यूनिकॉनभेरेज टेक्नोलॉजी, धुत ट्रांसमिशन, एचसीएसी हेल्थ केयर, श्रम इन प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि 'मेगा जॉब फेयर 2025' में बिहार के 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा/पॉलीटेक्निक, बी.टेक, एमबीए और अन्य स्नातक डिग्रीधारकों के लिए रोजगार के विविध अवसर उपलब्ध होंगे। इसमें भाग लेने के लिए युवाओं को बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा जारी क्यू आर कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा।

# राज्य के कर्मचारी नौ राष्ट्रीयकृत बैंकों से वेतन एवं सुविधा ले सकेंगे : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों के आर्थिक सशक्तिकरण और बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच को व्यापक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 9 राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ 'राज्य सरकार वेतन पैकेज यानि एसजीएसपी' समझौता किया है। श्री चौधरी ने कहा- एसजीएसपी केवल वेतन वितरण का माध्यम नहीं, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा सुविधा और भविष्य के लिए एक पूर्ण समाधान है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से कर्मचारियों को समय पर वेतन के साथ अनेक वित्तीय और सामाजिक लाभ भी मिलेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि नई व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को जीवन बीमा, व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, ऋण सुविधा, डिजिटल बैंकिंग, और अन्य आवश्यक बैंकिंग सेवाएं निःशुल्क या रियायती दर पर मिलेंगी। इसके साथ ही कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा 40 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये तक मिलेगा, यदि दुर्घटना यात्रा के दौरान होती है, तो बीमा एक करोड़ से एक करोड़ 60 लाख तक का होगा। उन्हेंने कहा कि कर्मचारियों के परिवार के चार सदस्यों को 5 लाख रुपये तक का बीमा लाभ प्रदान किया जाएगा। साथ ही सामूहिक बीमा के अंतर्गत 10 लाख रुपये तक का कवरेज मिलेगा। यदि किसी कर्मचारी को स्थायी शारीरिक विकलांगता होती है तो उसे 80 लाख से एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। श्री चौधरी ने कहा कि अब हेल्थ टॉप-अप बीमा रियायती दरों पर उपलब्ध होगा।

# तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

## 9 को बिहार में चक्का जाम करेगा महागठबंधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर गर्मायी सियासत के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोमवार को महागठबंधन के नेताओं के साथ संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस कर चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए उसके कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से पूछा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में आधार कार्ड मान्य क्यों नहीं? तेजस्वी यादव ने इसे 'वोटबंदी' करार देते हुए कहा कि भाजपा के इशारे पर बिहार के दलित-पिछड़ा-अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक के वोट काटने के साथ फर्जी वोट जोड़ने का खेल शुरू हो गया है। राजद और टीएमसी इसे रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुकी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमने 5 जुलाई को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी और अपनी चिंताएं साझा की थीं, लेकिन अब तक हमें आयोग की ओर से कोई स्पष्टता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग एक डाकघर की तरह काम करता है जिसके पास जवाब देने की शक्ति नहीं है। चुनाव आयोग भ्रम की स्थिति में है। तेजस्वी ने कहा कि आयोग ने तीन अलग-अलग आदेश जारी किए जो आपस में विरोधाभासी हैं। विज्ञापन कुछ और कहते हैं जबकि आधिकारिक आदेश कुछ और कहते हैं। उदाहरण के तौर पर उन्होंने बताया कि विज्ञापन में कहा गया कि बिना दस्तावेज भी गणना प्रपत्र जमा किया जा सकता है, लेकिन आदेश में इसके विपरीत बात है। तेजस्वी ने सवाल उठाया कि अगर नया मतदाता कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड मान्य है तो पुनरीक्षण प्रक्रिया में इसे क्यों नहीं स्वीकार किया जा रहा है? उन्होंने चुनाव आयोग से शंकाओं का बिंदुवार जवाब और पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने यह भी पूछा कि इस पुनरीक्षण कार्य में लगे लोग कौन हैं? सरकारी कर्मचारी हैं या निजी एजेंसी से हैं? आयोग को उनकी सूची सार्वजनिक करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे लाखों मतदाताओं में भारी भ्रम की स्थिति बन गई है। तेजस्वी ने यह भी पूछा कि जब फॉर्म-6 में अभी भी आधार कार्ड शामिल है तो बिहार में उसे एक्सक्लूड क्यों किया गया? तेजस्वी ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए स्वतंत्र जांच की मांग की और कहा कि अगर चुनाव आयोग का फैसला सही है तो वह केवल सोशल मीडिया पोस्ट क्यों कर रहा है, आधिकारिक आदेश क्यों नहीं जारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार से बाहर काम कर रहे प्रवासी मजदूरों को लेकर चुनाव आयोग के पास कोई योजना नहीं है। उन्होंने पूछा कि क्या उनका नाम मतदाता सूची से काटना ही एकमात्र रास्ता है? तेजस्वी ने मांग की कि चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को तुरंत रोक दे और इसे चुनाव के बाद शुरू किया जाए, ताकि लोकतंत्र की गरिमा और जनता का विश्वास बना रहे। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया गया है।

# एनिमो पेट केयर ने चलाया एंटी रेबीज टीकाकरण व पशु जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर एनिमो पेट केयर की अगुआई एवं लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था के सहयोग से निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह से प्रारंभ होकर रात्रि तक एनिमो पेट केयर क्लिनिक में चला जिसमें कुल 108 स्वानों एवं बिल्लियों को एंटी रेबीज का टीका लगाया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर बिहार के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पशु चिकित्सक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद शर्मा के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब की सचिव मेघा सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, बोर्ड मेंबर आलोक कुमार सिंह, नीतू कुमारी, लायन्स शशांक शेखर, एनिमो पेट केयर



के निदेशक डॉ. विकास शर्मा, पशु चिकित्सक डॉ. अमित एवं डॉ. उदय, साथ ही एनिमो के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त फार्मा कंपनियों के प्रतिनिधि विपुल एवं अभिषेक की सक्रिय भागीदारी भी सराहनीय रही। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस में जूनोसिस रोगों के प्रति जागरूकता फैलाना और पालतू पशुओं के माध्यम से संक्रमण की रोकथाम करना था।

# बिहार सरकार से भूदान यज्ञ समिति को अविलम्ब गठित करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिला सर्वोदय मंडल मुंगेर, जिला भूदान किसान संघ का भूदान किसानों का सम्मलेन शम्भू प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में सर्वोदय कार्यालय हवेली खड़गपुर मुंगेर में सम्पन्न हुई। सम्मलेन में आये आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला सर्वोदय मंडल मुंगेर के मंत्री एतवारी टुडू ने बताया कि भूदान किसानों को प्रति वर्ष सरकार 15000 अनुदान दे, ताकि वे अपना भूदान से मिली जमीन पर कृषि पशुपालन आदि कर सके। प्रत्येक भूमिहीन परिवार को 10 डिसमिल जमीन दिया जाय। सम्मलेन के मुख्य अतिथि बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चन्द्र भूषण ने कहा कि अभी बिहार सरकार के द्वारा भूदान किसानों के जमीन का रसीद काटना बंद कर दिया है। जानकी भूदान में 90 प्रतिशत भूमिहीन और दलित है ऐसी परिस्थिति में सरकार का रवैया दलित विरोधी दिख रहा है। सरकार अविलम्ब बिहार भूदान यज्ञ समिति का गठन कर भूदान किसानों को सहूलियत प्रदान करे। सम्मलेन की अध्यक्षता कर रहे जिला सर्वोदय मंडल मुंगेर के अध्यक्ष शम्भू प्रसाद वर्मा ने बताया कि उस भूदान भूमि की देखरेख प्रबंधन एवं वितरण हेतु बिहार भूदान यज्ञ अधिनियम 1954 के तहत बिहार भूदान यज्ञ समिति की गठन की गयी और भूदान में मिली भूमि का वितरण सुचारु रूप से किया गया। अभी वर्तमान समय में बिहार सरकार के द्वारा जमींदारी उन्मूलन के पश्चात भूतपूर्व जमींदारों के द्वारा गैरमजरुआ खास जमीन दान में दी गयी थी, उसे वैधानिक मान्यता समाप्त कर दी गयी है जिसकी वजह से लगभग 4 लाख भूदान भूमिहीन किसानों के ऊपर संकट आ गया है। इन भूदान किसानों में अधिकतर दलित अति पिछड़ा समाज के निचले तबकों के लोग है। बिहार सरकार ने 2018 में विहार भूदान यज्ञ समिति को भंग कर राजस्व पार्षद को संचालन की जिम्मा दे दिया गया है जिससे भूदान किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, कई जिलों में भूदान किसानों का अपना अभिलेख भी नहीं मिल रहा है क्योंकि समय से वहां कोई नहीं रहते हैं और भूदान की जानकारी भी नहीं है।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु चतुर्थ मेधा सूची जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नामांकन हेतु चतुर्थ मेधा सूची निर्धारित तिथि से एक दिन पहले ही जारी कर दिया गया है जिसमें कुल 7837 छात्रों को उनके द्वारा दिए गए विकल्प एवं मेधा के आधार पर विषयों एवं महाविद्यालय का आवंटन किया गया है। पूर्व में आवेदित छात्रों को तीन बार स्लाइडअप का मौका दिया गया था। तृतीय चरण में कुल 6380 छात्रों ने स्लाइडअप के विकल्प को चुना था। परंतु इस बार चतुर्थ चरण में छात्रों को स्लाइडअप की सुविधा नहीं मिली है। छात्रों से अनुरोध है कि वे इस बार निश्चित रूप से अपना नामांकन उनके द्वारा चयनित और आवंटित महाविद्यालय में करवा लें। चौथे चरण के नामांकन के तुरन्त बाद 15 जुलाई से नामांकित छात्रों का वर्ग संचालन प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अभी भी 2718 छात्र ऐसे हैं जिन्हें विकल्प और महाविद्यालय के सही चुनाव के कारण कोई भी महाविद्यालय आवंटित नहीं हुआ है। ऐसे छात्रों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी विकल्प पर विचार किया जा रहा है।

# 9 जुलाई को बिहार बंद में पहुंचेंगे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष और इंडिया गठबंधन के कॉर्डिनेशन कमिटी के चेयरमैन तेजस्वी यादव के सरकारी आवास 1, पोलो रोड, पटना में आयोजित इंडिया गठबंधन के संयुक्त विशेष प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने तेजस्वी यादव के चुनाव आयोग के खिलाफ उठाए सवालों का समर्थन किया और साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग से और सवालों को रखें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग बिहार में पूरी तरीके से दिग्भ्रमित है और ईआरओ को जो निर्णय लेने की एकल जिम्मेदारी दी गई है वो गलत है जबकि वो सरकारी व्यक्ति होंगे इसलिए



सरकार के दबाव में काम करेंगे और सरकार के अनुसार फैसले लेने को विवश होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 25 जनवरी 2025 को जब मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है तो फिर विशेष गहन पुनरीक्षण की क्या जरूरत थी? आखिर यह किसके इशारे पर किया जा रहा है?

9 जुलाई को बिहार में आहुत ट्रेड यूनियन के चक्का जाम का इंडिया गठबंधन समर्थन करती है। इस कार्यक्रम में कई स्वयंसेवी संगठन और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भी बिहार बंद का आयोजन किया जा रहा है जिसके समर्थन में हमारे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में इनकम टैक्स गोलंबर से वीरचंद पटेल पथ होते हुए शहीद स्मारक पहुंचने के बाद चुनाव आयोग तक विरोध प्रदर्शन करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अलावे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ भी उपस्थित रहे।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा निःशुल्क हड्डी रोग जांच का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



महिला मरीज के पैर की हड्डी की जांच करते डॉ राजेश कुमार



जोंडिश ग्रस्त बच्चे की दवा लिखते डॉ अमित बंका

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क हड्डी एवं पेट रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इस शिविर में हड्डी रोग संबंधी जांच के साथ-साथ बीएमडी की जांच भी की गई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि हड्डी रोग जांच शिविर में प्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने 100 से अधिक मरीजों की जांच की। जांच के दौरान 85 मरीजों का बोन डेंसिटी टेस्ट किया गया जिसमें से 40 से अधिक मरीजों में कैल्शियम की कमी और ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पाई गई। सभी प्रभावित मरीजों को उचित परामर्श, दवा और आगे के उपचार की सलाह दी गई। शिविर के दौरान प्रसिद्ध पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका द्वारा करीब 95 से अधिक मरीजों के पेट संबंधी रोगों की जांच की गई। कई मरीजों में जॉन्डिस की बीमारी पाई गई। डॉ बंका ने बताया कि पीलिया (जॉन्डिस) एक ऐसी बीमारी है जिसमें बाइल पिगमेंट के असामान्य इकट्ठा होने के कारण स्किन और म्यूकस मेम्ब्रेन पर पीलापन आ जाता है। आमतौर पर यह पीला रंग सबसे पहले म्यूकस मेम्ब्रेन और आंखों पर दिखाई देता है और फिर पूरे शरीर में फैल जाता है। बच्चों में इस बीमारी के होने पर खास ध्यान देने की आवश्यकता होती है। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा। मीडिया प्रभारी एम पी जैन ने बताया कि इस शिविर को सफल बनाने में राधेश्याम बंसल, हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल, फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, संयुक्त सचिव विनोद अग्रवाल, महेश जालान, सुजीत सिंघानिया, लालन लाठ और अन्य सदस्य लगे हुए थे। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल के लिए मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी का आभार प्रकट किया और भविष्य में इस तरह के आयोजनों की पुनरावृत्ति की अपेक्षा जताई। मौके पर फाउंडर अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी समाजसेवा के क्षेत्र में विगत कई वर्षों से सक्रिय है और स्वास्थ्य, जागरूकता व सामाजिक उत्थान से संबंधित अनेक परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।

# शक्तिधाम में श्याम बाबा की हुई आषाढ़ एकादशी पूजा, भजनों से गूंजा दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर में आषाढ़ सुदी एकादशी के पावन अवसर पर श्याम बाबा की विशेष पूजा-अर्चना का भव्य आयोजन हुआ। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और भक्तिमय वातावरण में पूरा शक्तिधाम श्याम भक्ति में डूबा रहा। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि इस आषाढ़ शुक्ल एकादशी को श्याम बाबा का एकादशी पूजा किया गया। संध्या में कार्यक्रम की शुरुआत श्याम भक्ति से ओत-प्रोत मधुर भजनों की प्रस्तुति से हुई। भजन श्याम धणी को दरबार सज्यो है, सब कोई दर्शण करल्यो जी...'' पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भक्तों ने प्रेमपूर्वक तालियों के साथ सुर में सुर मिलाया। भक्ति का यह



माहौल तब और विशेष हो गया जब गायक माधव सुल्तानिया अंकित के भजन में श्याम बाबा के खाटूवाले रूप और माता अहिलवती के आंगन में उनके अवतार का वर्णन हुआ। धरती झूमै अम्बर झूमै, झूम उठ्यो संसार...भजन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर एमपी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रोहन झुनझुनवाला, दीपक, बिमल माधोगढिया, राजकुमार अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल मुन्नाजी, रोशन सर्राफ, मोहन सर्राफ, शकुन्तला अग्रवाल आदि प्रमुख रहे। आयोजन में भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में प्रेम और श्रद्धा से दर्शन किए और आषाढ़ सुदी एकादशी के पुण्य का लाभ प्राप्त किया।

## संपादकीय

# कैब के नए नियमों से लोगों की बढ़ेंगी मुसीबतें

शहरों-महानगरों में सार्वजनिक परिवहन की सीमाओं की वजह से आम आदमी आवश्यकता पड़ने पर ऐप आधारित कंपनियों के वाहनों से अपने गंतव्य तक आवाजाही कर लेता था। मगर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के नए दिशा-निर्देश लागू होने के बाद ऐसे वाहनों से सफर महंगा होने की स्थिति में अब लोगों को सोचना पड़ेगा। अव्वल तो व्यस्त समय को कारण बना कर समान दूरी तक सफर के लिए दोगुना किराया लेना अनुचित है, फिर यह बेहद निराशाजनक है कि पहले ही महंगाई के बोझ से दबे आम लोगों पर किराए की मार के साथ-साथ बुकिंग रद्द कर देने पर जुर्माना लगाने का नियम भी सख्त कर दिया गया है। यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं। इससे यात्रियों के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी, क्योंकि अक्सर ऐसा पाया गया है कि कैब कंपनियों की गाड़ियां समय पर नहीं आतीं। ऐसे में लोगों को विवश होकर अपनी बुकिंग रद्द करनी पड़ती है। वहीं चालकों की मनमानी किसी से छिपी नहीं है। वे कई बार यात्रा का डिजिटल भुगतान करने पर जोर देते हैं और पसंद का गंतव्य न मिलने पर खुद भी बुकिंग रद्द कर देते हैं। हालांकि अब ऐसे चालकों की नकेल कसने के लिए उन पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है, लेकिन चिंता की बात यह है कि राज्य सरकारों को नए दिशा-निर्देश लागू करने की सलाह के बाद आम लोगों पर ही इसका आर्थिक बोझ बढ़ेगा। व्यस्त समय में किराया बढ़ाने का चलन नया नहीं है। मगर मूल्य निर्धारण का यह मनमाना तरीका आखिरकार यात्रियों की जेब पर भारी पड़ता है। कैब सेवा प्रदाता कंपनियों को दोगुना किराया लेने की अनुमति देने से पहले यात्रियों की शिकायतें सुनने और उन्हें दूर करने की जरूरत थी। हाल में आए एक सर्वेक्षण में आधे से अधिक यात्रियों का कहना है कि इन कंपनियों की सेवाएं बेहतर नहीं हैं। कई बार तो गाड़ियों के लिए देर तक इंतजार करना पड़ता है। वाहनों की साफ-सफाई और चालकों के खराब व्यवहार पर भी लोग प्रायः सवाल उठाते रहे हैं। अचानक किराया बढ़ा दिए जाने से लोग पहले ही परेशान थे। अब तो सीधे-सीधे लोगों की जेब से दोगुना किराया वसूलने की व्यवस्था थोप दी गई है। नए दिशा-निर्देश से आखिरकार आम लोगों को ही नुकसान होगा।

*शिवसेना (उद्धव गुट) की लगातार घटती राजनीतिक पकड़, MNS की सीमित स्वीकार्यता और बीजेपी की आक्रामक रणनीति, इन सभी के समायोजन ने यह मिलन संभव किया है। यह एक प्रकार की 'राजनीतिक आत्मरक्षा की संधि' है, जिसमें दोनों गुट अपनी वैचारिक विरासत को जीवित रखने की अंतिम कोशिश कर रहे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा के बढ़ते वर्चस्व, एकनाथ शिंदे के उदय और 'बालासाहेब की असली शिवसेना कौन' के नैरेटिव ने इन्हें फिर से एक साथ सोचने पर विवश किया।*

# ठाकरे संगम- महाराष्ट्र में स्मृति, संग्राम और सत्ता का समागम

(प्रणय विक्रम सिंह)

राजनीति अवसरों की बिसात हो सकती है, पर स्मृतियां वह शतरंज हैं, जहां भावनाएं केवल मोहरे नहीं, सियासत की निर्णायक चाल बन जाती हैं। 20 वर्षों की दूरी, दर्जनों तल्ख बयान और असंख्य राजनीतिक मोड़ पार कर अब जब राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक मंच की ओर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं, तो यह न केवल महाराष्ट्र की राजनीति के लिए चौंकाने वाला है, बल्कि भविष्य की अनेक संभावनाओं और समीकरणों का संकेतक भी है। राज और उद्धव का यह संगम अचानक नहीं, सुनियोजित है। शिवसेना (उद्धव गुट) की लगातार घटती राजनीतिक पकड़, मनसे की सीमित स्वीकार्यता और बीजेपी की आक्रामक रणनीति, इन सभी के समायोजन ने यह मिलन संभव किया है। यह एक प्रकार की 'राजनीतिक आत्मरक्षा की संधि' है, जिसमें दोनों गुट अपनी वैचारिक विरासत को जीवित रखने की अंतिम कोशिश कर रहे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा के बढ़ते वर्चस्व, एकनाथ शिंदे के उदय और 'बालासाहेब की असली शिवसेना कौन' के नैरेटिव ने इन्हें फिर से एक साथ सोचने पर विवश किया। जब राज ठाकरे कहते हैं कि 'मेरा महाराष्ट्र किसी भी राजनीति और लड़ाई से बड़ा है', तो बरबस एक सवाल कौंधता है कि यह वाक्य उनके भीतर उठते आत्ममंथन की झलक है, या फिर मराठी अस्मिता को पुनः जगाने की एक रणनीतिक पुकार है, जिसे एक समय बालासाहेब ठाकरे ने जनआंदोलन का रूप दिया था और जब वे इसके आगे जोड़ते हैं कि 'जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वह देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया', तो यह विडंबना नहीं, राजनीतिक विहंगमता है, जिसमें विरोधी ही संधि का सूत्रधार बन जाता है।



### अतीत की असहमति, वर्तमान की एकता

- वर्ष 2006 में जब राज ठाकरे ने शिवसेना से मोहभंग कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) का गठन किया था, तब यह कदम केवल दल-बदल नहीं, मराठी आत्मसम्मान के वैचारिक द्वंद्व का उद्घोष था। एक ओर उद्धव ठाकरे का 'मृदु प्रबंधन', दूसरी ओर राज ठाकरे का 'प्रखर प्रहार', यही शिवसेना के भीतर अंतर्विरोध का आधार बना।
- पर अब जब दोनों फिर साथ आ रहे हैं, तो यह राजनीतिक बाध्यता के साथ ही एक भावनात्मक स्वीकारोक्ति भी है कि महाराष्ट्र की राजनीति में अकेले चलना अब संभव नहीं, विशेषतः तब, जब शिंदे-फडणवीस गठबंधन सत्ता के प्रत्येक समीकरण पर अपनी पकड़ बना चुका है।
- प्रश्न है कि उद्धव ठाकरे की दिशाहीन शिवसेना और राज ठाकरे की अलोकप्रिय होती मनसे, क्या यह दोनों पराजयों का संयोग, एक नई संभावना बन सकता है या यह जनता के बीच खो चुके उस विश्वास को लौटाने का आखिरी प्रयास है, जिसे कभी ठाकरे नाम ही जीवित रखता था
- ठाकरे मिलन के प्रभावों पर विश्लेषण किया जाए तो सबसे पहले मराठी अस्मिता की राजनीतिक पुनर्रचना की संभावना प्रतीक होती है। अब तक 'मराठी मानुष' की राजनीति बिखराव के दौर में थी। राज का राष्ट्रवाद, उद्धव की धर्मनिरपेक्षता और भाजपा का संगठित हिंदुत्व, इन सबके बीच मराठी अस्मिता का स्वर धीमा पड़ गया था। अब यदि ठाकरे-द्वय संगठित होते हैं, तो यह मराठी मन को एक नई पहचान देने का उपक्रम हो सकता है।
- बताया जा रहा है कि इस मिलन से भाजपा को वैचारिक चुनौती भी मिलेगी। विदित हो कि राज ठाकरे एक समय नरेंद्र मोदी के समर्थक स्वरूप में भी दिखाई दिए, वहीं उद्धव ठाकरे 2019 के बाद विपक्षी धारा में खड़े हो गए। अब जब दोनों ठाकरे एक हो गए हैं तो संभव है कि यह एकीकरण भाजपा को महाराष्ट्र में राजनीतिक स्पेस की पुनर्व्याख्या हेतु बाध्य कर पाए।
- लेकिन गौरतलब है कि न चुनाव चिह्न की स्पष्टता, न कार्यकर्ता की स्पष्ट दिशा रखने वाली उद्धव ठाकरे की शिवसेना और चुनावी सफलता से कोसों दूर खड़ी राज ठाकरे की मनसे, क्या 'ठाकरे संगम' के माध्यम से इतनी राजनीतिक प्राणवायु प्राप्त कर पाएंगी, जो भाजपा को महाराष्ट्र में राजनीतिक स्पेस की पुनर्व्याख्या के लिए बाध्य कर सके
- अब सवाल यह भी है कि दो दशकों से विरोधी खेमों में पल रहे कार्यकर्ताओं का मनोबल कैसे समन्वित होगा यह एक बड़ी चुनौती है। शिवसेना का जमीनी ढांचा और मनसे की उग्र शैली, क्या ये एक छत के नीचे आ पाएंगे यहां यह भी समझना होगा कि क्या 'ठाकरे एकता' महाविकास आघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा बनेगी या यह एक 'हिंदुत्वनिष्ठ विपक्ष' के रूप में उभरेगी यह विषय महाराष्ट्र ही नहीं, वर्ष 2029 की राष्ट्रीय राजनीति को भी प्रभावित करेगा।
- नगरपालिका चुनाव और महानगरीय समीकरण भी बड़े पैमाने पर प्रभावित होंगे। मुंबई, ठाणे, पुणे, नासिक जैसे नगरों में जहां मराठी वोट निर्णायक होते हैं, वहां यह गठजोड़ शिंदे गुट और भाजपा के मार्ग में चुनौती का वाहक बनेगा।
- राज ठाकरे का कथन कि 'जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वह फडणवीस ने किया', एक मार्मिक तंज के साथ-साथ परिस्थिति की परिपक्व स्वीकार्यता भी है। यह बयान दर्शाता है कि सत्ता की राहें भले टेढ़ी हों, पर स्मृतियों की सड़कें अंततः संगम की ओर मुड़ती हैं।
- पर क्या यह संगम स्थायी है वैसे राजनीति में संधियां स्थायी नहीं होतीं, परन्तु प्रतीकों का सामर्थ्य स्थायी होता है। यदि यह गठबंधन केवल चुनावी लाभ हेतु नहीं, मराठी संस्कृति और राजनीतिक आत्मसम्मान के पुनरुत्थान हेतु है, तो यह एक ऐतिहासिक मोड़ सिद्ध हो सकता है। किंतु यदि यह भी मात्र एक 'सत्ता की सत्ता के लिए' संधि है, तो यह संगम भी सत्ता के सिंहासन के साथ बिखर जाएगा जैसे पहले भी अनेक मिलन बिखरते रहे।

### ठाकरे संगम का विपक्ष पर प्रभाव

- निःसंदेह, ठाकरे गठबंधन का प्रभाव केवल सत्ता पक्ष पर नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के विपक्षी परिदृश्य पर भी गहरा असर डालेगा। उद्धव ठाकरे अब तक एमवीए(कांग्रेस + एनसीपी शरद पवार गुट) के नेतृत्वकर्ता माने जाते रहे। लेकिन अगर राज ठाकरे के साथ उनका गठबंधन ठोस होता है, तो कांग्रेस को इससे असहजता होगी, क्योंकि एमएनएस की छवि 'उग्र मराठी चेतना' से जुड़ी रही है।
- एनसीपी (शरद पवार) पहले ही अपने दल के विभाजन और अजित पवार के सत्ता गुट में चले जाने से कमजोर हो चुकी है। अब यदि उद्धव अपनी वैचारिक स्थिति बदलते हैं, तो पवार के नेतृत्व को और संकट झेलना पड़ सकता है।
- महाराष्ट्र का विपक्ष अब तक 'धर्मनिरपेक्षता' और 'संविधान बचाओ' की धुरी पर लामबंद था। यदि ठाकरे-द्वय हिंदुत्व और मराठी अस्मिता को मिलाकर एक नई वैचारिक धुरी खड़ी करते हैं, तो कांग्रेस और वामपंथी समूहों के लिए अपने मतदाता आधार को साधना कठिन हो जाएगा। यह विपक्षी गठबंधनों की साख और संगति दोनों को चुनौती देगा।
- यदि ठाकरे गठबंधन एक 'स्थायी और सशक्त' विपक्षी मंच के रूप में उभरता है तो वह 2029 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी चेहरे की दौड़ में शामिल हो सकता है।
- उद्धव ठाकरे पहले ही विपक्षी एकता की बैठकों में प्रमुख चेहरा रहे हैं, और राज ठाकरे के साथ आने से उनका आधार और बड़ा हो सकता है।
- कांग्रेस और एनसीपी अब तक 'महाराष्ट्र की आत्मा' के संरक्षक होने का दावा करते थे। ठाकरे मिलन इस कथा को पुनर्लेखित कर सकता है, जिससे कांग्रेस की परंपरागत मराठी-बहुजन सामाजिक इंजीनियरिंग को चुनौती मिलेगी।प्रकाश आंबेडकर, असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता जो महाराष्ट्र में 'वैकल्पिक विपक्ष' की भूमिका तलाश रहे हैं, उनकी रणनीतियां भी इस संगम से प्रभावित होंगी।उनका मुस्लिम और दलित वोट बैंक अब नए गठबंधन के मराठी+हिंदुत्व कार्ड से और अधिक डर सकता है, जिससे ध्रुवीकरण की संभावना बढ़ेगी।

### स्मृति का संग्राम, सत्ता की संधि

महाराष्ट्र की राजनीति में यह मिलन एक संघर्षशील स्मृति का पुनर्जीवन है। यह केवल दो भाइयों की सियासी युति नहीं, एक राजनीतिक प्रतीक का पुर्नजन्म है।'ठाकरे बनाम ठाकरे' का कालखंड अब शायद 'ठाकरे संग ठाकरे' में बदल रहा है। प्रश्न है कि यह संगम इतिहास रचेगा या इतिहास में एक फुटनोट बनकर रह जाएगाखैर, यह तो समय तय करेगा कि यह 'पुनर्मिलन' स्थायी होगा या 'क्षणिक भावुकता की बूंद' बनकर राजनीति की तपती भूमि पर विलीन हो जाएगा। किंतु इतना तो निश्चित है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब पहले जैसी नहीं रहेगी और शायद महाराष्ट्र भी नहीं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# ट्रंप के लिए गाजा से होकर गुजरेगी नोबेल की राह

(सुरेंद्र कुमार)

जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार की अपनी इच्छा जाहिर कर रहे हैं, शायद ही कभी नेल्सन मंडेला, दलाई लामा, रेव डेसमंड टूटू या प्रोफेसर वांगारी मथाई जैसी नामचीन हस्तियों ने यह सम्मान पाने के लिए ऐसा किया होगा। निस्संदेह, अपने इस दूसरे कार्यकाल के शुरुआती छह महीनों में ही उन्होंने कई संघर्ष खत्म करवाए हैं, पर वह यह नहीं समझते कि नोबेल समिति को शांति पुरस्कार ऐसे व्यक्ति को देने में मुश्किल होगी, जिसने एक संप्रभु राष्ट्र के परमाणु-स्थलों पर 30,000 पाउंड वजनी जीबीयू-57 बम गिराने की अनुमति दी हो, जो 1945 में हिरोशिमा और नागासाकी में गिराए गए बमों से भी अधिक विनाशकारी थे।

लिहाजा, यह उचित वक्त है कि नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप कुछ अलग तरीका अपनाएं। इसके लिए उन्हें बहुत दूर जाने की जरूरत भी नहीं होगी। राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात व इजरायली प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन के बीच कैंप डेविड में मुलाकात और 17 सितंबर, 1978 को 12 दिनों की लंबी बातचीत के बाद कैंप डेविड समझौता कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके कारण दो कट्टर दुश्मन मुल्क- इजरायल व मिस्र के बीच पहली शांति संधि हुई। सादात और बेगिन, दोनों को इस ऐतिहासिक समझौते के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया। इसी तरह, वह राष्ट्रपति बिल क्लिंटन थे, जो 13 सितंबर, 1993 को इजरायल के प्रधानमंत्री यित्जाक राबिन और फलस्तीनी नेता यासिर अराफात के बीच हुए ओस्लो समझौता कराने में सफल रहे। राबिन और अराफात, दोनों शिमोन पेरेस के साथ 1994 में 'मध्य पूर्व में शांति स्थापित करने के प्रयासों के लिए' नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए गए।

इन दोनों मामलों में क्या समानता है किसी भी पक्ष ने दूसरे को खत्म करने की कोशिश नहीं की। इसके उलट, गुस्से, नफरत और अविश्वास की गहरी खाई के बावजूद उन्होंने शांति, सहयोग और समृद्धि के लिए अपने दीर्घकालिक नजरिये को सामने रखा। इतना ही नहीं, ये बैठकें इसलिए भी सफल रहीं, क्योंकि दोनों पक्षों ने अमेरिकी राष्ट्रपति पर भरोसा किया और उन्होंने भी निष्पक्षता व ईमानदारी दिखाई। लिहाजा, ट्रंप के पास फलस्तीन और इजरायल में अमन-ओ-अमान लाने का मौका है। यदि वह सफल होते हैं, तो नोबेल शांति पुरस्कार के हकदार हो सकते हैं। मगर अमेरिकी दूतावास को येरुशलम में स्थानांतरित करने; सीरिया के गोलान हाइट्स पर इजरायल द्वारा कब्जा करने व बस्तियां बसाने; लेबनान, गाजा, पश्चिमी तट व सीरिया में इजरायली घुसपैठ की अनदेखी करने; और गाजा की मानवीय त्रासदी के प्रति उदासीन बने रहने के कारण उन्हें एक ईमानदार मध्यस्थ के तौर पर नहीं देखा जा सकता।

पश्चिम एशिया में इजरायल की सैन्य श्रेष्ठता किसी से छिपी नहीं है। मगर नेतन्याहू को समझना होगा कि फलस्तीन-इजरायल संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। 7 अक्तूबर, 2023 को हमास ने जो किया, वह गलत था, लेकिन 56,000 फलस्तीनियों को मारना और पूरे गाजा को मलबे में बदल देना क्या एक बड़ा गुनाह नहीं है नेतन्याहू को यह

*राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात व इजरायली प्रधानमंत्री मेनाकेम बेगिन के बीच कैंप डेविड में मुलाकात और 17 सितंबर, 1978 को 12 दिनों की लंबी बातचीत के बाद कैंप डेविड समझौता कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके कारण दो कट्टर दुश्मन मुल्क- इजरायल व मिस्र के बीच पहली शांति संधि हुई।*

एहसास नहीं है कि उनके हमलों से जो नफरत पैदा होगी, उसके कारण दस गुना अधिक कट्टरपंथी फलस्तीनी नौजवान उभरेंगे, जो आने वाले वर्षों में इजरायल पर आत्मघाती हमला कर सकते हैं।

नेतन्याहू दो राष्ट्र के समाधान का विरोध कर रहे हैं और ओस्लो समझौते को भी नहीं मान रहे। केवल ट्रंप ही उनको समझा सकते हैं। वह नेतन्याहू को बता सकते हैं कि इजरायल की दीर्घकालिक सुरक्षा के लिए एक स्वतंत्र व संप्रभु फलस्तीन को स्वीकार करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। ट्रंप को अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए इजरायल को गाजा से हटने और हमास से सभी बंधकों को छोड़ने के लिए कहना चाहिए। ट्रंप को मिस्र, सऊदी अरब, ईरान, सीरिया, लेबनान, कतर और यूएई के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में इजरायल व फलस्तीन के नेताओं को कैंप डेविड बुलाना चाहिए और दो राष्ट्र के निर्माण पर सहमति बनानी चाहिए। अगर वह ये सब करते हैं, तो ऐसा करने वाले वह एकमात्र व्यक्ति होंगे, जिस कारण उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार दिया जा सकता है। (लेखक पूर्व राजदूत हैं)-ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जाम के झाम से मुक्ति के हों पुख्ता इंतजाम

*मध्य प्रदेश के हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। निश्चित रूप से इस दुर्घटना और हजारों लोगों के घंटों जाम में फंसे रहने के मामले में जहां एनएचएआई की तरफ से माफी मांगने की जरूरत थी, वहीं उसने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिये दोष लोगों पर लगाते हुए असंवेदनशील बयान दे डाला। 30 जून को अदालत में जवाब देते हुए एनएचएआई के वकील ने कहा कि लोग बिना जरूरी काम के इतनी सुबह घर से बाहर निकलते ही क्यों हैं*

(डॉ. आशीष वशिष्ठ)

डॉक्टरों के अनुसार, जाम में फंसने वालों को अकसर ब्लड प्रेशर बढ़ने, बर्नआउट, सांस की बीमारी, डिहाईड्रेशन, फीवर, घबराहट, सीने में दर्द आदि बीमारियों का सामना करना पड़ता है। गंभीर मरीज लंबे समय तक जाम में फंस जाए तो उसकी मौत भी हो सकती है।

27 जून को इंदौर-देवास हाईवे पर करीब पर 40 घंटे तक 8 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिसमें 4000 से ज्यादा वाहन फंस गए थे। इस दौरान 3 लोगों की जान चली गई। 14 जून को केरल के कन्नूर में कोट्टियूर के पास एक तीन वर्षीय बच्चे की अस्पताल ले जा रही एम्बुलेंस के भीषण ट्रैफिक जाम में फंस जाने से मौत हो गई। 7 जून दिल्ली से आए एक 62 वर्षीय पर्यटक कमल किशोर टंडन की मसूरी में भीषण ट्रैफिक जाम में फंसने के बाद अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। 6 मई उप्र के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र में एक डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और राजमार्ग पर तीन घंटे तक जाम फंसे रहने की वजह से उसे वक्त पर उचित उपचार नहीं मिला और इस वजह से उसकी मौत हो गई।

24 अप्रैल हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में मुख्य बाजार देहरा में समय सड़क निर्माण कार्य के कारण लगे भारी जाम ने 75 साल के बुजुर्ग की ज़िंदगी छीन ली। 24 फरवरी कोटा राजस्थान के राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर दरा नाल में लगने वाले भीषण जाम ने एक मासूम की जान ले ली। ये तो बानगी भर है। इस तरह की खबरें अक्सर सुनने, पढ़ने और देखने को मिलती हैं। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुराने ढर्रे पर दौड़ने लगती है।

ताजा प्रकरण इंदौर-देवास हाईवे पर 40 घंटे के जाम का है। 40 घंटे का जाम था...कोई सोच भी नहीं सकता कि आज़ादी के 75 साल बाद, 40 किलोमीटर का रास्ता तय करने में 40 घंटे लग सकते हैं। दिल्ली से न्यूयॉर्क जाने में आमतौर पर 16 से 20 घंटे लगते हैं। मतलब जितने में दिल्ली से न्यूयॉर्क की फ्लाइट का आना जाना हो जाए, उतने में इंदौर से देवास नहीं पहुंच सके। इंदौर से देवास तक का रास्ता महज़ 40 किलोमीटर है।

मध्य प्रदेश के हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएचएआई को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया था। निश्चित रूप से इस दुर्घटना और हजारों लोगों के घंटों जाम में फंसे रहने के मामले में जहां एनएचएआई की तरफ से माफी मांगने की जरूरत थी, वहीं उसने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिये दोष लोगों पर लगाते हुए असंवेदनशील बयान दे डाला। 30 जून को अदालत में जवाब देते हुए एनएचएआई के वकील ने कहा कि लोग बिना जरूरी काम के इतनी सुबह घर से बाहर निकलते ही क्यों हैं एनएचएआई की इस टिप्पणी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया।

उनके इस बयान को सुनकर लोगों को ऐसा लग रहा है कि एनएचएआई घटना की जिम्मेदारी लेने से बच रहा है और घटना के लिए आम लोगों को ही दोषी बताने की कोशिश कर रहा है। यहां तक कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी एनएचएआई के रुख को कठोर और संवेदनहीन बताया है, जो जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करने वाला है। विवाद बढ़ने पर एनएचएआई ने कहा कि,यह टिप्पणी अथॉरिटी के आधिकारिक विचारों को नहीं दर्शाती।

देश में जहां एक तरफ ट्रैफिक की समस्या से निजात पाने के लिए सड़कों, हाई-वेज और एक्सप्रेस-वेज को बनाने का काम जोरों-शोरों पर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे शहर भी हैं, जो अंदरूनी ट्रैफिक से काफी ज्यादा परेशान हैं। असल में, ट्रैफिक जाम की समस्या से बड़े ही नहीं बल्कि छोटे शहर भी जूझते हैं। लेकिन बड़े शहरों में यह एक संकट का रूप लेने लगा है।

एक जानकारी के मुताबिक एक घंटे जाम में एक लीटर ईंधन बर्बाद होता है। जितनी ईंधन की खपत होगी, उतना ही ज्यादा सीओटू उत्सर्जन भी होगा, जो पर्यावरण और प्रदूषण के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी नुकसानदायक होता है। एक अनुमान के अनुसार, महानगरों में और हाईवे पर देश में हर साल लगने वाले ट्रैफिक जाम से हर साल तकरीबन 1.4 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो रहा है।

टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स 2024 के अनुसार, देश में कोलकाता का ट्रैफिक सबसे धीमा है। बेंगलुरु ने इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। कमोबेश ऐसे हालात दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, पुणे, चंडीगढ़, गुरुग्राम, लखनऊ, जयपुर, कानपुर, अमृतसर, अहमदाबाद, वाराणसी और देश के अन्य महानगरों और शहरों के हैं।

डाक्टरों के अनुसार, जाम में फंसने वालों को अकसर ब्लड प्रेशर बढ़ने, बर्नआउट, सांस की बीमारी, डिहाईड्रेशन, फीवर, घबराहट, सीने में दर्द आदि बीमारियों का सामना करना पड़ता है। गंभीर मरीज लंबे समय तक जाम में फंस जाए तो उसकी मौत भी हो सकती है। 2022 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि यदि अब जाम में एंबुलेंस फंसी तो इसे अपराध माना जाएगा और मरीज को नुकसान पहुंचाने के तहत कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके स्थिति में कोई खास फर्क दिखाई नहीं देता।

इसमें दो राय नहीं कि सड़कों के नेटवर्क सुधार से उपभोक्ताओं के समय व धन की बचत हुई है तो उद्योग-व्यापार को भी गति मिली है। लेकिन इससे जुड़ी तमाम विसंगतियां भी सामने आई हैं। सड़कों के त्रुटिपूर्ण डिजाइन व निर्माण में चूक को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। वहीं अकसर बड़ी सड़कों और राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण के दौरान अंतहीन असुविधा भारतीय यात्रियों के लिए रोजमर्रा के अनुभव हैं। अधिकांश साइटों पर निर्माण से जुड़ी, यात्रियों के अनुकूल सर्वोत्तम परंपराओं को अपनाना और यातायात में व्यवधान को कम से कम करना सुनिश्चित नहीं किया जाता है।

जानकारों के मुताबिक, जाम की समस्या को खत्म करने के लिए सबसे पहले पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ाना होगा। इसके अलावा लोगों को कार पूलिंग के लिए जागरूक करना होगा जिससे सड़क पर वाहनों की संख्या को कम किया जा सके। सड़क पर जाम का एक बड़ा कारण जगह-जगह कट का होना भी है। पैदल और छोटे वाहनों के आवागमन के लिए मुख्य सड़कों के साथ सर्विस रोड बनाए जाने से भी जाम की समस्या से निजात पाया जा सकता है। जिन स्थानों पर घनी आबादी के चलते सर्विस रोड नहीं बनाए जा सकते। वहां एलिवेटेड रोड, अंडरपास और फ्लाईओवर आदि का निर्माण किया जा सकता है।

जाम से जूझते शहरों में सड़कों की भीड़भाड़ कम करने के लिए केंद्र सरकार सरकार ने राज्यों की राजधानियों समेत दस लाख से अधिक आबादी वाले 94 शहरों में जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रिंग रोड, बाईपास समेत अन्य उपाय करने की योजना बनाई है। यूपी में लोगों को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए पुलों, रिंग रोड और बाईपास का जाल बिछाया जाएगा। इनके निर्माण पर लोक निर्माण विभाग वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 6124 करोड़ रुपए का बजट खर्च करेगा। सीएम योगी के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी की ओर से यह खाका खींचा गया है।

निस्संदेह, देश के शहरों में आए दिन जाम लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शासन-प्रशासन को इसके तार्किक समाधान की दिशा में वैज्ञानिक तरीके से गंभीरता के साथ प्रयास करने चाहिए। जाम की सूचना मिलने पर उसे खुलवाने की तत्काल पहल होनी चाहिए। यात्रियों के लिये तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। निश्चय ही, इंदौर-देवास हाईवे की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसको लेकर शासन-प्रशासन के साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई को गंभीरता से लेना चाहिए। उन तमाम आशंकाओं को टालना चाहिए जो भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति के कारक बन सकते हैं।( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ) ( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद ने मोहर्रम के मौके पर गांडेय विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों किया दौरा



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्यसभा सांसद सह वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉक्टर सरफराज अहमद ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के कई जगहों का दौरा किया । इस मौके पर वे मोहर्रम अखाड़े में भी शामिल हुए। इस दौरान डॉ अहमद ने कहा कि सभी जगह शांति और मोहब्बत के साथ मोहर्रम का अखाड़ा चल रहा है और वे खुद कई जगहों में जाकर अखाड़ों का जायजा ले रहा है। उन्होंने कहा कि गांडेय हमेशा अमन व शांति का बाग रहा है, और आने वाले समय में भी हर त्योहार में शांति बनी रहेंगी। अपने इस दौरे के दरमियान सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद ने गांडेय विधानसभा क्षेत्र के करणपुरा, बेंगाबाद, घुठिया, बरियारपुर, गिरनिया, धावाटांड़, चपूवाडीह, परमाडीह, आहारडीह, फुलजोरी, झलकडीहा, फिटकोरिया, अभी कई जगह का दौरा किया।

### उपयुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन: निर्मल झुनझुनवाला

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीसी महोदय को सूचित करना है की बाबा दुख हरण नाथ मंदिर जाने वाले सड़क पर रोड बनाने वाले संवेदक ने मिट्टी डाल दी है और बारिश से वहां फिसलन हो गई है जहां रोज कई दो पहिया वाहन वाले गिर जाते हैं। आने वाले सावन मास के दौरान इस पथ पर काफी कावरियों एवं श्रद्धालुओं का आवागमन रहेगा, कृपया संबंधित विभाग को निर्देश दें कि या तो मिट्टी हटा दी जाए या कोई और उपाय किया जाए ताकि आवागमन में असुविधा नहीं हो।

### नए कार्यालय का इंतजार कांग्रेस के सभी कार्यकता कर रहे थे : धनजय सिंह



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांग्रेस कार्यालय के नए भवन का उद्घाटन आगामी 10 जुलाई को हो रहा। प्रदेश प्रभारी के राजू,प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश विधायक दल के नेता प्रदीप यादव सरकार में शामिल पार्टी के मंत्री और प्रदेश स्तरीय कई नेता का आगमन उस दिन हो रहा है। जिला कार्यालय के उद्घाटन की तैयारी को लेकर सोमवार को कार्यालय में बैठक होगी जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने बताया की उद्घाटन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है वर्षो से नई कार्यलाय का इंतजार कांग्रेस के सभी कार्यकता कर रहे थे सभी मे एक उत्साह है। ज़िले के सभी प्रखंड से इस अवसर सभी कार्यकर्ता पहुचेंगे उद्घाटन के एक दिन पूर्व सभी नेता गिरिडीह पहुंच जायेंगे। भवन निर्माण समिति के संयोजक उपेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, सचिव नरेश वर्मा, सुजीत मंडल पुरूत्तम चौधरी, यश सिन्हा, सिकंदर, सोहैल कुरेशी थे।

### जीडीसीसी के अध्यक्ष ने उपायुक्त से किया अनुरोध

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीसी महोदय को अवगत कराना है की गिरिडीह बस पड़ाव की बंदोबस्ती लेने वाला संवेदक बस पड़ाव के पीछे की सड़क पर अपने आदमी बैठा रखा है जो कि हर आने जाने वाले व्यावसायिक वाहन से बस पड़ाव का शुल्क लेते हैं। यह सर्वथा अनुचित है कृपया इस पर रोक लगाने की कृपा करें।

### ट्रांसपोर्टर/बस मालिक के साथ कार्यालय कक्ष में की बैठक



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहायक श्रमायुक्त ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में ट्रांसपोर्टर/बस मालिक के साथ कार्यालय कक्ष में बैठक किया गया। मोटर परिवहन कर्मचारी अधिनियम, 1961 के अंतर्गत परिवहन उपक्रमों में कार्यरत चालकों, खलासी एवं अन्य कामगारों से प्रतिदिन 8 घण्टे ही कार्य कराने संबंधित निदेश दिया। बैठक में सहायक श्रमायुक्त, श्री रवि शंकर, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, श्री बसंत नारायण महतो, गिरिडीह सदर, बस मालिक कैलाश राम, विकास यादव, नरेश कुमार, गोकुल राम एवं अन्य बस मालिक उपस्थित थे

### वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज शाम 4:15 बजे पतारी सोनबाद में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई जबकि एक घायल है, जिसका इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में चल रहा है घटना के बारे में जानकारी है कि, शाम को कुछ महिलाएं खेत की तरफ गई थी। इसी बीच अचानक बारिश के दौरान बिजली कड़कने से उसमें एक साथ चल रही दो महिलाएं चपेट में आ गई। गांव वालों को जानकारी मिलते ही उन्होंने दोनों को उठाकर आनन-फानन में सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने फुलवा देवी (41 वर्ष) पति सुशील राय को मृत घोषित कर दिया, जबकि मनिता देवी (35 वर्ष) को इलाज के लिए भर्ती कर लिया। अचानक हुई इस दुखद घटना से गांव में मातम पसर गया है। कई गणमान्य लोगों ने अस्पताल जाकर पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया शोक संवेदना व्यक्त की।

### बच्छई मुखिया ने रसोई सह भंडार घर का किया उद्घाटन



**चौपारण (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बच्छई पंचायत के ग्राम सेवई स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में रसोई सह भंडार गृह का उद्घाटन पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र रजक द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गणेश भुइंया, सीताराम रविदास, कामेश्वर भुइंया, परमानंद पांडेय, शिक्षक संतोष पांडेय व शिक्षिका हेमलता कुमारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से रसोईघर का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुखिया बिरेन्द्र रजक ने विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन योजना का भी निरीक्षण किया और छात्रों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने भोजन की स्वच्छता, पोषण स्तर एवं भोजन पकाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई, जिस पर मुखिया ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और विद्यालय में नई रसोई घर की व्यवस्था से बच्चों को मिलने वाली सुविधा की प्रशंसा की। उद्घाटन समारोह में सभी ने विद्यालय के समग्र विकास के लिए सामूहिक सहयोग की भावना व्यक्त की।

### झरिया मास्टर प्लान के सफल कार्यान्वयन को बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया मास्टर प्लान को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के साथ कोयला मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी हिटलर सिंह तथा प्रबंधक (माइनिंग) सचिन मालपा ने बैठक की। बैठक में झरिया मास्टर प्लान के सफल कार्यान्वयन के लिए सभी कार्यो को समय पर पूरा करने तथा सभी गतिविधियों की सख्त निगरानी करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए सभी कार्यों को तेजी से पूरा करना है। साथ ही बेलगड़िया, करमाटांड़ एवं कुसुम विहार में शीघ्र एक - एक पुलिस पोस्ट (टीओपी) का निर्माण करने का निर्णय लिया गया। वहीं बेलगड़िया में इलेक्ट्रिक रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक बस चलाने पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने बेलगड़िया के शत प्रतिशत निवासियों का राशन कार्ड बनाने एवं उन्हें उज्ज्वला योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक में झरिया मास्टर प्लान के महाप्रबंधक राजीव चोपड़ा, बीसीसीएल के महाप्रबंधक एमके सिंह, जेआरडीए के सलाहकार डीएन महापात्रा, मुख्य प्रबंधक (माइनिंग) संजय कुमार, वित्त प्रबंधक अजय भरतिया उपस्थित थे।

# सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी को पुलिस ने किया नजर बंद

**दिया गया धारा 163 का हवाला, कहा बेलतू नहीं जा सकते, मामला झंडा विवाद का**

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी को केरेडारी के बेलतू जाने के क्रम में सीकरी थाना की पुलिस व स्थानीय प्रशासन ने रोक लिया और उन्हें अपने थाने नजर बंद कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने कहा की धारा 163 लागू है इसलिए आप बेलतू नहीं जा सकते। यह मामला बेलतू में दो समुदाय के बीच झंडा विवाद का है। इसके निपटारे में प्रशासन लगातार जुटी हुई है लेकिन अब तक सफल नहीं हुई है। आश्चर्य बात की है की धारा 163 में जनप्रतिनिधि पर भी स्थल पर जाने में रोक लगा दिया गया है। जबकि सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हम भी इस मामले का निष्पादन चाहते हैं ।स्थल पर विवाद का निष्पादन हो इसलिए हम जाना चाह रहे थे। पिछले दो दिनों से इस मामले को लेकर ग्रामीणों में तनाव का माहौल है । बेलतू गांव , केरेडारी थाना क्षेत्र में है और यह इलाका हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में है। जिसके सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी हैं। इस हैसियत से दोनों वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि हैं। ऐसे में उन्हें पुलिस के द्वारा डिटेन कर लिया जाना और नजर बंद किया जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बन गया है । विधायक और सांसद ने प्रशासन से अपील करते हुए आग्रह किया कि हजारीबाग जिला प्रशासन सुनिश्चित करें कि बदले की भावना से कोई भी कार्यवाही ना हो, किसी की दुकान और मकान को ना तोड़ा जाए, जो झंडा हाल में वहां लगाया गया है उसे तत्काल हटाया जाय और शांतिप्रिय ढंग से इस मामले का निपटारा करें ताकि क्षेत्र में विधि- व्यवस्था कायम रह सके । सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौजूद हैं ।





बेलतू गांव में ध्वज को लेकर विवाद है, जहाँ दो पक्षों के बीच तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। किसी बड़े टकराव को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी है।

**सांसद मनीष जायसवाल ने मीडिया से कहा:** हमने प्रशासन से शांति बनाए रखने की अपील की है। हम सिर्फ विवादित झंडे को हटवाना चाहते हैं ताकि किसी समुदाय की भावना आहत न हो।"

**विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा:** हम बेलतू गाँव के लोगों से शांतिपूर्ण संवाद करना चाहते थे, लेकिन हमें बिना किसी उग्रता के रोक दिया गया। हम लोकतांत्रिक तरीके से समाधान चाहते हैं।"

**स्थिति नियंत्रण में:** पुलिस बल तैनात, स्थिति पर नजर, प्रशासन ने नेताओं को फिलहाल थाने में ही रोका हुआ है।

# चास नगर निगम पेयजलापूर्ति योजना अमृत 2.0 में लाएं तेजी: उपायुक्त

**धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की, दिए सख्त निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने चास नगर निगम क्षेत्र में संचालित पेयजलापूर्ति योजना अमृत 2.0 के प्रगति कार्य की समीक्षा बैठक की। इस क्रम में योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कहा कि कार्यों में सुस्ती स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित एजेंसी को बाधाओं की पहचान करते हुए उसके त्वरित समाधान के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में नियमित बिजली आपूर्ति एवं लगातार बारिश से कार्य की गति प्रभावित होने की एजेंसी ने बात कहीं। इस पर उपायुक्त ने बिजली आपूर्ति की समस्या को समाप्त करने के लिए अपर नगर आयुक्त को अलग से इस पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित करने को कहा। उन्होंने योजना से जुड़ी किसी भी तकनीकी, प्रशासनिक या स्थानीय समस्या को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा।

**गरगा नदी में गंदा पानी जाने से रोके नगर प्रशासन**

उपायुक्त ने नगर निगम प्रशासन को सख्त निर्देश दिया कि चास नगर क्षेत्र से निकलने वाले बड़ें 16 नालों का गंदा पानी गरगा नदी में न जाए, इसकी समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने वेस्ट वाटर मैनेजमेंट और नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर संबंधितों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रियांका, सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, कार्यरत एजेंसी प्रतिनिधि, तकनीकी विशेषज्ञ समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट रेल से बच्चों की उपलब्धि में हो रहा है सुधार : देवंती

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के 159 विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रोजेक्ट रेल के माध्यम से बच्चों की उपलब्धि स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। यह बात शिक्षिका देवंती देवी ने कही। उन्होंने बताया कि इस अभिनव योजना की शुरूआत कोडरमा जिले में तत्कालीन उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा की गई थी, जिसे सफलता के बाद पूरे झारखंड में लागू किया गया। शुरूवाती दौर में प्रोजेक्ट रेल के तहत हर शनिवार (या अवकाश होने पर एक या दो दिन पूर्व) बच्चों की साप्ताहिक जांच परीक्षा ली जाती है। इससे यह जानने में मदद मिलती है कि सप्ताहभर में बच्चों ने कितना सीखा। शिक्षक उसी आधार पर अगले सप्ताह की शिक्षण योजना बनाते हैं। सोमवार को शिक्षकों द्वारा पिछले टेस्ट के सवालों और बच्चों के उत्तरों पर चर्चा की जाती है, जिससे कमजोर बच्चे भी उन विषयों को बेहतर समझ पाते हैं। जिसे अब माह में एक दिन किया जाने लगा है। देवंती ने बताई कि इस योजना से जहां बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि हो रही है, वहीं शिक्षकों को भी पढ़ाने में सुविधा हो रही है। खासकर न्यूनतम अधिगम स्तर की प्राप्ति में यह योजना काफी सहायक सिद्ध हो रही है। प्रश्न-पत्र झारखंड के विभिन्न जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) के विशेषज्ञों द्वारा तैयार कर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाते हैं। प्रथम व द्वितीय कक्षा के छात्रों की मौखिक जांच होती है, जबकि तीसरी से ऊपर की कक्षाओं में लिखित परीक्षा ली जाती है। शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखकर बच्चों से हल कराते हैं।

# मोंगिया स्कूल मे पत्रकारों के लिए किया गया सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टुंडी रोड स्थित मोंगिया स्कूल परिसर में सोमवार को 1 बजे पत्रकारों के लिए एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मोंगिया स्टील लिमिटेड की ओर से गिरिडीह के शहर के कई पत्रकारों को बरसाती प्रदान की गई तथा उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मोंगिया स्टील लिमिटेड के चेयरमैन डॉक्टर गुणवंत सिंह मोंगिया मौजूद थे।उन्होंने स्वयं अपने हाथों से मौजूद तमाम पत्रकारों को सम्मानित करते हुए रेनकोट प्रदान किया।वही मौके पर मंगिया स्कूल की शिक्षक और शिक्षिकाओं को भी बरसाती प्रदान की गई। मौके पर




डाक्टर गुणवंत सिंह मोंगिया ने कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है। वह हमेशा समाज को आईना दिखाने का काम करता है।ऐसे में कितनी मुश्किलों को झेल कर वह समाचार संकलन करता है। फिर चाहे बरसात हो गर्मी हो या ठंड हो ।इसी को देखते हुए मोगिया स्टील लिमिटेड ने इस बरसात में के मौसम में गिरिडीह के तमाम पत्रकारों को रेनकोट भेट स्वरूप दी है। गौर तलब है कि मोंगिया स्टील लिमिटेड के द्वारा मोंगिया ग्रीन फाउंडेशन के द्वारा कई सामाजिक कार्य हमेशा से किए जाते रहे हैं, तथा इसी कड़ी में इस कार्यक्रम को भी किया गया है ताकि बरसात में परेशानी ना हो। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मोंगिया स्कूल के हिंदी के शिक्षक एवं मोंगिया स्टील लिमिटेड के मीडिया कॉर्डिनेटर। तथा मंगिया ग्रीन के पदाधिकारी अभिषेक सहाय द्वारा पत्रकारों की तारीफ में कविताएं और शेर पेश किए गए।इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर सह प्रिंसिपल रूपल कौर शर्मा ,डायरेक्टर सन्नी शर्मा, मीडिया कोऑर्डिनेटर आदिल सिद्दीकी तथा मोंगिया ग्रीन के अभिषेक सहाय आदि मौजूद थे ।

# एम. फार्म और फार्म डी. में नामांकित विद्यार्थियों को ₹12,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए डॉक्टर ऑफ फामेर्सी, एम. फार्म , बी. फार्म एवं डी. फार्म पाठ्यक्रमों की मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला शैक्षणिक समूह बन गया है। साथ हीं अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एम. फार्म और फार्म डी. में नामांकित विद्यार्थियों को ₹12,000 प्रतिमाह का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आर्थिक सहयोग भी मिल सकेगा। कोविड-19 महामारी के पश्चात विश्व भर में प्रशिक्षित एवं पेशेवर फार्मासिस्टों की मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए अम्बेदकर ग्रुप प्रति वर्ष फामेर्सी के क्षेत्र में 750 विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दे रहा है। इस प्रशिक्षण हेतु संस्थान की प्रयोगशालाओं को राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा विकसित किया गया है। यहाँ विद्यार्थियों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, हर्बल गार्डन, एवं इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग की सुविधा उपलब्ध है। अम्बेदकर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, दानापुर, पटना, ममता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, दरौंधा, सिवान, एवं अम्बेदकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, अमरातालब, सासाराम, रोहतास के अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर ने इन संस्थानों को देश के बेहतरीन शैक्षणिक संस्थानों में शामिल कर दिया है। फामेर्सी शिक्षा के क्षेत्र में अब बिहार में ही राष्ट्रीय स्तर की लैब एवं एडवांस प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध हो गई है। इस ऐतिहासिक पहल के लिए संस्थान के चेयरमैन डॉ. कौशल कुमार गिरी ने कहा कि, बिहार के छात्रों को अब फामेर्सी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। हम उन्हें यहीं विश्वस्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं। विशेष जानकारी हेतु अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रधान कार्यालय, गोला रोड, बेली रोड, पटना में संपर्क कर सकते हैं।

## 45 दिन में बदला सीओ का मिजाज, खेल मैदान का काम रोका, ग्रामीणों में आक्रोश

**इसुआपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इसुआपुर के अंचलाधिकारी के ढुल मूल रवैये से लौवा पंचायत के गम्हरिया में मनरेगा से बन रहे खेल मैदान का कार्य रुका, मुखिया ने जिलाधिकारी को पत्र देकर मामले की जांच करने की मांग की।इसुआपुर के सीओ के द्वारा मात्र 45 दिनों में अपने द्वारा दिये गए अनापत्ति प्रमाण पत्र पर पंचायत में मनरेगा से बन रहे खेल मैदान के निर्माण पर बिना कारण बताए रोक लगा दिया है, इस संबंध में लौवा पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने जिलाधिकारी अमन समीर को एक पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है, मुखिया ने अपने आवेदन में बताया है कि इसुआपुर प्रखंड के लौवा के गम्हरिया गाव में खाता संख्या 315, खेसरा संख्या 114 रकबा 16-8 डिसमिल भूमि महात्मा गांधी खेल परिसर का निर्माण कार्य सीओ के पत्रांक 478 दिनांक 5 मई 2025 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया , जिसमे यह लिखा है कि भूमि पर न कोई ऑनलाइन जमाबंदी संचालित है और न कोई विधिसम्मत स्वामित्व दावा दर्ज है, भूमि की प्रकृति गैरमजरूवा मालिक एव जरपेशगिदार श्रेणी बताया साथ ही यह भी लिखा है जो पूर्णतः बिहार सरकार के स्वामित्व है।

## कांग्रेस के शासन में देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ : सुभाष यादव

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ कांग्रेस नेता और युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद के उम्मीदवार सुभाष यादव ने सोमवार को प्रेस वार्ता के जरिए कहा कि कांग्रेस के शासन में देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ। उन्होंने कहा कि आज के नफरत भरे माहौल में कांग्रेस मोहब्बत का पैगाम दे रही है। युवाओं, किसानों और बेरोजगारों का रुझान कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है सुभाष यादव ने कहा कि वे संगठन के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। जनता का समर्थन और आशीर्वाद मिला तो जन उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उन्होंने दावा किया कि उन्हें हर जगह से भरपूर समर्थन मिल रहा है। उनका लक्ष्य झारखंड में कांग्रेस को मजबूत कर नंबर वन पार्टी बनाना है उन्होंने कहा कि वे सभी जातियों और वर्गों का सम्मान करते हैं। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अगड़ों और अल्पसंख्यकों की हिफाजत और सम्मान करेंगे। किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होने देंगे। सुभाष यादव ने कहा कि वे हर किसी के लिए खड़े रहते हैं और आगे भी खड़े रहेंगे उन्होंने युवा, किसान, कामगार, मजदूर, शिल्पी, उद्यमी, पढ़े-लिखे नौजवान, प्रबुद्ध जन और जन प्रतिनिधियों से समर्थन और आशीर्वाद की अपील की। कहा कि वे जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे।

## असंगठित मजदूर मोर्चा ने चार लेबर कोर्ड के खिलाफ की मुफ्फसिल क्षेत्र में नुक्कड़ सभा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुवाटांड माले ऑफिस से सैकड़ों की संख्या में असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले के सदस्यों ने नुक्कड़ सभा की शुरूआत करते हुए तमाम औद्योगिक क्षेत्र के चौक चौराहे फैक्ट्री एरिया में नुक्कड़ सभा करते हुए फिर महुवाटाण्ड ऑफिस में समाप्ति हुई,मजदूरों के पक्ष में हल्ला बोल करेगा माले। नुक्कड़ सभा की अगुवाई माले नेता पूरण महतो,राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडेय,मसूदन कोल,पवन यादव,नवीन पांडेय,किशोर राय आदि दर्जनों लीडर का नेतृत्व था, मजदूरों के खिलाफ चार लेबर कोर्ड को वापस लेना होगा जिस प्रकार किसानों के हित में चार कृषि कानून वापस लिया है,उसी प्रकार चार लेबर कोड वापस लेना होगा भाजपा सरकार लगातार श्रम विरोधी कानून मजदूरों पर थोप रही है जिसे उखाड़ कर फेकने की जरूरत है - राजेश सिन्हा आज औद्योगिक क्षेत्र अति वीर,बालमुकुंद ,मोंगिया पावर स्वाति, मोहनपुर मोड़, चायना मोड़, शिवम, लंगटा बाबा फैक्ट्री, मोंगिया मोड़, टीकोडीह, पुरनानगर, गादी श्रीरामपुर, मंझिलाडीह दर्जनों जगह पर मजदूरों के पक्ष में जैसे असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले के बैनर तले,मजदूरों के हक में 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में,पहले से तय कार्यक्रम में जगह - जगह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसने मजदूर,राहगीर, जनता और फैक्ट्री मजदूर तमाम चौक चौराहे पर नुक्कड़ सभा की गई, आम जनता से, तमाम मजदूरों से, किसानों से बंदी को लेकर अपील किया गया. इस कार्यक्रम में कॉमरेड पुरन महतो, राजेश सिन्हा, कन्हाय पाण्डेय, सनातन साहू, कौशल साव, नारायण सिंह, किशोर राय, पवन यादव, नवीन पाण्डेय, सुनील ठाकुर, प्रसादी राय, डीलचंद कोल्ह, मधुसूदन कोल्ह, भोथारी दास, गुलाब कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, चंदन टुडू, मनोज कोल्ह, जगरनाथ कोल्ह के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### सदर अस्पताल के ओपीडी में मौजूद रहेंगे अनुभवी चिकित्सक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर मंगलवार को सदर अस्पताल के ओपीडी में मौजूद रहने वाले चिकित्सकों की सूची जारी की गई है। मंगलवार को मेडिसिन में डॉ मासूम आलम और डॉ शीला कुमारी, हड्डी रोग में डॉ हरेंद्र कुमार, सर्जरी में डॉ प्रभात कुमार, नेत्र में डॉ गोलू पीनाज, दंत रोग में डॉ अनुपमा, शिशु रोग में डॉ उमेंद्र कुमार तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ अनजाना कुमारी मौजूद रहेंगे।

## घर-घर नल जल योजना बनी मजाक, करोड़ों खर्च कर भी लुप्पी पंचायत में डेढ़ साल से पानी नहीं : राजेश यादव

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फॉरवर्ड ब्लॉक के जन अभियान क्रम में लोगों ने बताई परेशानियां। 9 जुलाई को बेंगाबाद में प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय सरकार की महत्वाकांक्षी घर-घर नल जल योजना मानो मजाक बनकर रह गई है, जब लुप्पी जैसे पंचायत में पेयजलापूर्ति के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद लोगों को डेढ़ साल से पानी ही नहीं मिल रहा। ऐसे में जनता का वोट लेकर उन्हें विकास का शब्जबाग दिखाने वाले नेताओं और पार्टियों को निश्चित ही जवाब देना चाहिए। उक्त बातें ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक नेता एवं बेंगाबाद के पूर्व जिप सदस्य राजेश यादव ने प्रखंड के सुदूर लुप्पी पंचायत में संगठन द्वारा देशव्यापी आम हड़ताल को लेकर चलाए जा रहे जन अभियान के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद कहीं उन्होंने कहा कि, इस क्षेत्र के लोगों ने जिन्हें वोट दिया आज वे उनकी समस्याओं की सुधि लेने को तैयार नहीं। पंचायत के कई गांव आज भी सड़क की सुविधा से वंचित हैं। यहां का सरकारी अस्पताल पर्याप्त डॉक्टर और समुचित इलाज के बिना खुद ही अपने अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर रहा है। रोजगार के अभाव में लोग पलायन करने को मजबूर हैं, जबकि मनरेगा लूट की योजना में तब्दील



हो चुकी है। सभी गरीब जरूरतमंदों को आज तक आवास नहीं मिला, बल्कि इसके लिए भी उन्हें रिश्वत देने की मजबूरी होती है। जब लोगों को पीने का पानी ही उपलब्ध नहीं, तो किसान सिंचाई की भला कैसे सोच सकते हैं? चुनाव के समय वोट लेने के लिए गरीबों को जाति-मजहब के नाम पर बांट दिया जाता है। साथ ही, करोड़ों खर्च कर चुनाव जीत लिया जाता है, लेकिन अब उनके पास जनता के सवालों का कोई जवाब नहीं है श्री यादव ने कहा कि, ऐसे में आम जनता को अपने सवालों को सामने रखकर राजनीति की शुरूआत करनी होगी। उन्हें अपने हक-अधिकार की लड़ाई संगठित होकर लड़ने की जरूरत है। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने मजदूरों के खिलाफ चार लेबर कोड लागू किया है, जिसके बाद मजदूरों को एक तरह से ठेकेदारों और पूंजी पतियों के शोषण के अधीन धकेल दिया गया है। मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड वापस लेने सहित श्रमिकों की अन्य मांगों को लेकर प्रस्तावित 9 जुलाई की हड़ताल में लोगों को अपने सवालों के साथ भाग लेना चाहिए। यहीं से उनके अधिकारों की लड़ाई शुरू होकर आगे बढ़ेगी वहीं मौजूद लोगों ने एक मत होकर 9 जुलाई के प्रदर्शन में भाग लेने की का ऐलान किया। इस दौरान मुख्य रूप से फारवर्ड ब्लाक नेता मुरारी यादव, शंभू तुरी, शिवनंदन यादव, सुखदेव गोस्वामी सहित मुरारी यादव, गुलाब पंडित, लालो मियां, रामा तुरी, घनश्याम पंडित, रिजवान अंसारी, जयनाथ हजाम, बुलाकी हजम, बिल्टू पंडित, खुदी मोदी, रामू पंडित, गोविंद पंडित सहित अन्य मौजूद थे।

## आयकर विभाग ने नया लागत महंगाई सूचकांक जारी किया, जानें...संपत्ति बेचने पर कितना होगा मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयकर विभाग ने हाल ही में नया लागत महंगाई सूचकांक (सीआईआई) जारी किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इसे 376 तय किया गया है, जो एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। इसका मतलब है कि इस वित्त वर्ष में जो भी संपत्ति बेची जाएगी, उसकी सूचकांक लागत निकालने में सीआईआई का इस्तेमाल किया जाएगा। नए सूचकांक की जरूरत उन लोगों को पड़ेगी, जो जमीन, मकान, बॉन्ड या सोने जैसे लॉन्ग टर्म निवेश को बेचकर लाभ कमाना चाहते हैं। संपत्ति बेचने पर उन्हें कितना मुनाफा होगा और कितना लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) टैक्स देना होगा, इसकी गणना में लागत महंगाई सूचकांक की जरूरत पड़ती है। जुलाई, 2024 के बाद नियमों में बदलाव के तहत अब ज्यादातर संपत्तियों पर सीआईआई आधारित इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिलेगा। रिहायशी मकानों पर यह फायदा अब भी उपलब्ध है। बशर्ते... संपत्ति 22 जुलाई, 2024 से पहले खरीदी गई हो और 23 जुलाई, 2024 या उसके बाद बेची जा रही हो। ऐसे में पुराने व नए टैक्स नियमों में एक का चुनाव कर सकते हैं। यह ऐसा आंकड़ा है, जो किसी संपत्ति की हर साल बढ़ने वाले वर्तमान मूल्य में महंगाई के असर को दिखाता है। आप जब कोई संपत्ति बहुत पहले खरीदते हैं और वर्षों बाद बाद बेचते हैं, तो उसका मूल्य महंगाई के कारण बढ़ता है। ऐसे में वास्तव में कितना लाभ हुआ, यह निकालने के लिए सीआईआई का इस्तेमाल होता है।

## इंडिगो और तुर्किश एयरलाइंस के बीच जारी रहेगी कोडशेयर साझेदारी

**एम्स्टर्डम एजेंसी।** भारत की प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने साफ किया है कि वह तुर्किश एयरलाइंस के साथ अपनी कोडशेयर साझेदारी को जारी रखेगी। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि भले ही तुर्किश एयरलाइंस से लिए गए विमान की लीज खत्म हो रही है, फिर भी कंपनी इस्तांबुल के लिए उड़ानें जारी रखने के विकल्पों पर काम कर रही है।




इंडिगो ने मौजूदा समय में तुर्किश एयरलाइंस से दो बोइंग 777-300ईआर विमान डैम्प लीज पर लिए हुए हैं। इन विमानों से दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए सीधी उड़ानें चलाई जा रही हैं। लेकिन 30 मई को भारतीय विमानन नियामक डीजीसीए ने इंडिगो को इन विमानों की डैम्प लीज के लिए अंतिम तीन महीने की मंजूरी दी है, जो 31 अगस्त को खत्म हो जाएगी। डीजीसीए का यह कदम ऐसे समय आया है जब तुर्की ने भारत की तरफ से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई की आलोचना की थी।

मामले में इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि कंपनी इस्तांबुल के लिए उड़ानें जारी रखने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रही है, जैसे कि ए321 विमान का उपयोग। उन्होंने कहा, हम इस्तांबुल के लिए उड़ानें जारी रखेंगे। हम इस पर कई विकल्पों को देख रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या तुर्किश एयरलाइंस के साथ कोडशेयर साझेदारी आगे भी जारी रहेगी, तो उन्होंने कहा, हां, हमारी साझेदारी जारी रहेगी।

# अंबानी ने संभाली अमेरिका को ग्रेट अगेन बनाने की कमान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल अमेरिका में जब राष्ट्रपति चुनाव हुए थे तो डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा दिया था। लेकिन चुनाव जीतने के बाद पासा उल्टा नजर आ रहा है। चुनाव जीतने के बाद ट्रंप ने दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाकर ट्रेड वॉर शुरू कर दिया। इससे कई देश नाराज हो गए।



ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक ओटावा से लेकर बीजिंग तक, कई देश ट्रंप की नीतियों से खुश नहीं हैं। लेकिन, इस ट्रेड वॉर से अमेरिका को कुछ दोस्त भी मिले हैं। न केवल भारत बल्कि एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी ने अमेरिका को ग्रेट अगेन बनाने की जिम्मेदारी संभाल ली है। वह अमेरिका से आने वाले माल का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। यह माल पहले चीन जाने वाला था, लेकिन अब भारत भेजा जा रहा है। जिस जहाज का मुकेश अंबानी इंतजार कर रहे हैं, उसमें एथेन भरा हुआ है।

**किस काम आती है एथेन-** एथेन एक रंगहीन और गंधहीन गैस है। यह नेचुरल गैस का एक हिस्सा है। इसे ठंडा करके तरल रूप में जहाजों में भरकर लाया जाता है। ऐसा ही एक जहाज अमेरिका के गल्फ कोस्ट से गुजरात के दाहेज में अंबानी के टर्मिनल की ओर आ रहा है। दाहेज, गुजरात के पश्चिमी समुद्र तट पर है। यहां अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का एथेन क्रैकर है। इस क्रैकर में एथेन से एथिलीन बनाया जाता है। एथिलीन प्लास्टिक के प्रोडक्ट बनाने के लिए बहुत जरूरी है।

### क्या है मुकेश अंबानी का प्लान


मुकेश अंबानी अपनी एथेन कैरियर की फ्लीट में तीन और जहाज जोड़ने की योजना बना रहे हैं। अब जब ट्रंप के एलन मस्क के साथ रिश्ते खराब हो गए हैं, तो अमेरिका में एक नए अरबपति मेहमान के लिए जगह हो सकती है। ऐसे में ट्रंप और अंबानी दोनों को एक-दूसरे से दोस्ती करने में फायदा हो सकता है।

चीन के साथ ट्रेड वॉर अभी रुकी हुई है, लेकिन अमेरिकी एथेन का भविष्य अभी भी अधर में लटका हुआ है। भारत, चीन जितना एथेन तो नहीं खरीद सकता, लेकिन वह कुछ एथेन जरूर खरीद सकता है। ट्रंप यह कह सकते हैं कि उनकी ट्रेड पॉलिसी से अमेरिका फिर से महान बन रहा है।

## मुकेश अंबानी के जियो ब्लैकरॉक ने बनाया रेकार्ड

### तीन दिन में जुटाए 17800 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी की कंपनी जियो ब्लैक रॉक म्यूचुअल फंड ने सोमवार को एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने अपना पहला न्यू फंड ऑफर सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस एनएफओ में उन्हें कुल 17,800 करोड़ रुपये का निवेश मिला है। यह निवेश तीन अलग-अलग म्यूचुअल फंड योजनाओं में हुआ है। ये योजनाएं हैं - जियोब्लैक रॉक ओवरनाइट फंड, जियोब्लैक रॉक लिक्विड फंड और जियोब्लैक रॉक मनी मार्केट फंड।




**तीन दिन के लिए आया था एनएफओ-** जियो ब्लैकरॉक का यह एनएफओ सिर्फ तीन दिन के लिए खुला था। यह 30 जून को शुरू हुआ और 2 जुलाई को बंद हो गया। कंपनी के अनुसार, इस दौरान 90 से ज़्यादा संस्थागत निवेशकों ने इसमें पैसा लगाया। इससे पता चलता है कि जियोब्लैक रॉक एसेट मैनेजमेंट पर लोगों का भरोसा है। कंपनी डेटा के आधार पर निवेश करती है और डिजिटल तरीके से काम करती है। इसके अलावा, इन म्यूचुअल फंड योजनाओं को खुदरा निवेशकों से भी बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला। 67,000 से ज़्यादा लोगों ने इस दौरान इन फंडों में निवेश किया।

## 10 जुलाई से खुल रहा है मेनबोर्ड का आईपीओ, प्राइस बैंड 407

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ का प्राइस बैंड का ऐलान हो गया। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड प्रति इक्विटी शेयर 387 से 407 के बीच तय किया गया है। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ की सब्सक्रिप्शन की तारीख गुरुवार, 10 जुलाई तय की गई है और यह सोमवार, 14 जुलाई को बंद होगी। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों को आवंटन बुधवार, 9 जुलाई को होने वाला है।




**क्या है डिटेल-** फ्लोर प्राइस फेस वैल्यू का 38.7 गुना है और कैप प्राइस इक्विटी शेयरों के फेस वैल्यू का 40.7 गुना है। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ का लॉट साइज 36 इक्विटी शेयर है और उसके बाद 36 इक्विटी शेयरों के गुणकों में है। संभावित रूप से, स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग आईपीओ के शेयरों के आवंटन का आधार मंगलवार, 15 जुलाई को तय किया जाएगा और कंपनी बुधवार, 16 जुलाई को रिफंड शुरू करेगी, जबकि रिफंड के बाद उसी दिन शेयर आवंटियों के डीमैट खाते में जमा कर दिए जाएंगे। स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग के शेयर की कीमत गुरुवार, 17 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध होने की संभावना है। बता दें कि कंपनी ने अपने आईपीओ के साइज में कटौती की है। नए इश्यू की राशि को पहले से नियोजित 550 करोड़ से संशोधित कर 445 करोड़ कर दिया गया है और प्रमोटरों द्वारा बिक्री के लिए प्रस्ताव (ओएफएस) को 67.59 लाख शेयरों से घटाकर 33.79 लाख शेयर कर दिया गया है।

**कंपनी की योजना-** जुटाए गए कुल फंड में से लगभग 226 करोड़ नए केंद्रों में फिट-आउट और इन केंद्रों के लिए सुरक्षा जमा के लिए पूंजीगत व्यय की ओर निर्देशित किए जाएंगे, 114 करोड़ ऋण चुकौती के लिए नामित किए जाएंगे और बाकी राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए किया जाएगा।

## भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में एमएनसी फंड से निवेश का मौका, 16 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बड़े वैश्विक ब्रांड भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह न केवल बाजार के विशाल आकार के लिए, बल्कि भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। एपल का उदाहरण लें, जिसने अपना विनिर्माण भारत में स्थानांतरित कर दिया है। भारत ने व्यापार सुगमता में तेजी से प्रगति की है, जिससे वैश्विक ब्रांड यहां परिचालन बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए हैं। अब आप विकास की इस कहानी का हिस्सा बन सकते हैं और बड़े वैश्विक ब्रांडों में निवेश कर सकते हैं। निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के एमएनसी फंड से निवेशकों को बड़ी वैश्विक कंपनियों में निवेश का मौका मिलेगा। इसका नया फंड ऑफर 16 जुलाई को बंद होगा।



**भारतीय फंडों के जरिये एमएनसी में निवेश-** देश के कई म्यूचुअल फंड हाउस ने ऐसे फंड लॉन्च किए हैं। ये फंड बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) में निवेश करते हैं। परिभाषा के अनुसार निवेश की सूची में वे कंपनियां शामिल होती हैं जो भारत में पंजीकृत हैं और एक से अधिक देशों में काम करती हैं। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एबॉट इंडिया, कोलगेट-पामोलिव और नेस्ले ऐसे कंपनियों के कुछ उदाहरण हैं। एमएनसी फंड में ज्यादा रिटर्न देने की क्षमता होती है, क्योंकि ये अच्छे प्रदर्शन वाले वैश्विक ब्रांड होते हैं। उनकी मजबूत वैश्विक उपस्थिति है। वे रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश करते हैं। परिचालन का लाभ उठाने में सक्षम हैं और उनके पास कम ऋण के साथ मजबूत खाताबही है।

## अडानी खरीदने जा रही दिवालिया कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 5 प्रतिशत तक चढ़ गए। इसमें अपर सर्किट लग गया और यह शेयर 3.22 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक ऐलान है। दरअसल, जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड ने कहा कि उसे दिवाला प्रक्रिया के जरिए कंपनी के अधिग्रहण के लिए बयाना राशि के साथ पांच बोलियां मिली हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे पांच समाधान योजनाएं मिली हैं।



**कंपनी ने क्या कहा-** जेएएल ने कहा, जेएएल की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में जारी समाधान योजना के अनुरोध के जवाब में, समाधान पेशेवर को प्रस्तुत करने की तिथि तक बयाना राशि के साथ पांच समाधान योजनाएं मिली हैं। हालांकि, जेएएल ने उन कंपनियों के नाम नहीं बताए जिन्होंने समाधान योजना पेश की है। सूत्रों के अनुसार, ये पांच कंपनियां- अडानी समूह की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज, माइनिंग दिग्गज अनिल अग्रवाल की वेदांता, डालमिया भारत सीमेंट, जिंदल पावर और पीएनसी इन्फ्राटेक हैं। सूत्रों ने बताया कि जेपी इन्फ्राटेक की समाधान योजना को कुछ मानदंडों को पूरा न करने के कारण खारिज कर दिया गया है। जेपी इन्फ्राटेक का पहले सुरक्षा समूह ने अधिग्रहण किया था। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के ऋणदाताओं ने इच्छुक पक्षों द्वारा पेश बोलियों को खोलने के लिए बुधवार को बैठक की। अंतिम तिथि 24 जून थी। अप्रैल में, 25 कंपनियों ने जेएएल का अधिग्रहण करने में रुचि दिखाई थी।

**क्या है मामला-** रियल एस्टेट, सीमेंट विनिर्माण, होटल और इंजीनियरिंग और निर्माण में फैले जेएएल के व्यापारिक हित हैं, जिन्हें तीन जून, 2024 के राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की इलाहाबाद पीठ के आदेश के माध्यम से कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) में स्वीकृत किया गया था। समूह द्वारा ऋण भुगतान में चूक के बाद जेएएल को दिवाला कार्यवाही में ले जाया गया। लेनदार 57,185 करोड़ रुपये का भारी भरकम दावा कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले ऋणदाताओं के गठजोड़ से संकटग्रस्त जेएएल ऋण खरीदने के बाद नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (एनएआरसीएल) दावेदारों की सूची में सबसे आगे है।

## महंगी पड़ रही 10 मिनट की डिलीवरी, कंपनियां वसूल रहीं तरह-तरह के चार्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आजकल शहरों में लोगों को 10 मिनट में घर पर सामान मिल जाता है। यह बहुत ही सुविधाजनक है। स्विगी इंस्टामार्ट, ब्लिंकिट और जेप्टो ऐप्स पर शॉपिंग करना लोगों की आदत बन गई है। लेकिन कुछ लोग अब तुरंत डिलीवरी के कारण परेशान हो रहे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक ये प्लेटफॉर्म बिल में कई तरह के चार्ज जोड़ रहे हैं। इस वजह से ग्राहकों को हर ऑर्डर पर 50 रुपये तक ज्यादा देने पड़ रहे हैं।




पहले, ग्राहकों को हैंडलिंग चार्ज देना होता है। यह हर ऑर्डर के लिए फिक्स होता है और 10 से 21 रुपये तक होता है। फिर जीएसटी, डिलीवरी चार्ज, छोटा कार्ट शुल्क, बारिश शुल्क और सर्ज चार्ज (जब लागू हो) भी लगते हैं। इससे बिल बढ़ जाता है। ऐसा नहीं है कि लोग सुविधा के लिए पैसे नहीं देना चाहते। लेकिन अब कई ग्राहक अपनी खरीदारी की योजना बनाने लगे हैं। वे अब ऑफलाइन कीमतों और अलग-अलग ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कीमतों की तुलना करके ही सामान खरीदते हैं।

**कम हो गया फायदा-** पहले इन प्लेटफॉर्म पर किराना दुकानों और लोकल वेंडर्स से कम कीमत पर सामान मिलता था। लेकिन अब फीस लगने के कारण यह फायदा कम हो गया है। दिल्ली की रहने वाली उर्वशी शर्मा ने कहा, मैं अब लोकल वेंडर्स से फल और सब्जियां खरीदती हूं। फल 30 से 40 रुपये तक सस्ते मिलते हैं। टमाटर और मटर ऑनलाइन सस्ते होते हैं, लेकिन हैंडलिंग और डिलीवरी फीस जोड़ने पर वे उतने ही महंगे हो जाते हैं।

पहले ग्राहक यह नहीं देखते थे कि वे कितनी बार क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म से ऑर्डर कर रहे हैं। लेकिन अब वे खरीदारी को टाल रहे हैं या फिर कुछ ऑर्डर को एक साथ मिलाकर खरीदारी कर रहे हैं, ताकि उन्हें बार-बार एक्स्ट्रा चार्ज न देना पड़े। यह बात मार्केट रिसर्च फर्म के सलाहकार सतीश मीना ने कही। उन्होंने कहा कि ऑर्डर कम होने से कंपनियों के ग्रॉस ऑर्डर वैल्यू पर असर पड़ सकता है और सामान भी धीरे-धीरे बिकेगा। इससे डार्क स्टोर्स की लागत बढ़ जाएगी।


मीना ने कहा कि ग्राहकों को क्विक कॉमर्स थोड़ा महंगा लग रहा है, लेकिन सुविधा अभी भी सबसे बड़ी चीज है।

**फीस को ट्रैक करना मुश्किल है-** स्विगी और जिप्टो पर अगर आप 200 रुपये या उससे ज्यादा की खरीदारी करते हैं तो आपको डिलीवरी फीस नहीं देनी होती है। लेकिन ब्लेंकिट पर आपको फ्री डिलीवरी के लिए कम से कम 500 रुपये खर्च करने होंगे। चार्ज भी अलग-अलग हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, स्विगी पर हैंडलिंग चार्ज ऑर्डर वैल्यू के हिसाब से 10-15 रुपये तक हो सकता है। जेप्टो पर यह बड़े ऑर्डर के लिए लगभग 21 रुपये और छोटे ऑर्डर के लिए 13 रुपये होता है।

## सैकड़ों करोड़ दान देने वाले माइंडट्री के को-फाउंडर सुब्रतो बागची ने 1 का चेक संभाल कर रखा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आजकल लोग सफलता को दौलत, पद और सम्मान से मापते हैं। लेकिन माइंडट्री के को-फाउंडर सुब्रतो बागची ने हमें याद दिलाया है कि असली दौलत बैंक खाते से कहीं ज्यादा होती है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट किया। यह पोस्ट बहुत ही भावुक और सोचने पर मजबूर करने वाला था। इसमें बागची ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक पुराना चेक दिखाया। इस चेक की कीमत सिर्फ 1 रुपया थी। लेकिन उनके लिए यह अनमोल है।

**कहां से मिला है यह चेक-** यह चेक किसी कंपनी या स्टार्टअप को दी गई सेवा के लिए नहीं था। यह ओडिशा सरकार के मुख्य सलाहकार के तौर पर उनकी आखिरी सैलरी थी। उन्होंने यह पद आठ साल तक संभाला। इन सालों में बागची ने सिर्फ 1 रुपये की सैलरी ली। उन्होंने अपनी सरकारी सेवा के लिए कभी भी पैसे की उम्मीद नहीं की। बागची ने अपनी यात्रा के बारे में सोचते हुए लिखा, इस जीवन में सबसे बड़ी दौलत क्या है जिसे मैं कभी नहीं छोड़ूंगा उन्होंने आगे लिखा, सरकार के साथ काम करने के हर साल के लिए, यह तय हुआ था कि वे मुझे 1 रुपया देंगे। वहां 8 सालों में, मुझे 8 चेक मिले और यह उनमें से आखिरी सैलरी का चेक है।




**कौन हैं सुब्रतो बागची-** बागची को माइंडट्री के सह-संस्थापक के रूप में जाना जाता है। माइंडट्री एक जानी-मानी आइटी और कंसल्टिंग कंपनी है। उन्होंने अपने नेतृत्व, दूरदृष्टि और परोपकार के लिए कई पुरस्कार जीते हैं। लेकिन अपनी दौलत के बावजूद, उनके लिए यह छोटा सा चेक सबसे कीमती है। उन्होंने और उनकी पत्नी सुस्मिता ने कैंसर की देखभाल और कौशल विकास जैसे कामों के लिए करोड़ों रुपये दान किए हैं। यह चेक उनके इस विश्वास का प्रतीक है कि लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा इनाम है। कई बड़े कारोबारी अच्छी सैलरी वाली सलाहकार की भूमिका में आ जाते हैं। लेकिन बागची ने साफ कर दिया कि उनकी प्रेरणा पैसा नहीं, बल्कि अपने राज्य ओडिशा के लिए प्यार और कर्तव्य की भावना थी। उनकी यह प्रतिबद्धता दिखावे के लिए नहीं थी। यह चुपचाप और लगातार की गई निस्वार्थ सेवा थी।

**यूजर्स की आई प्रतिक्रिया-** इस पोस्ट ने बहुत जल्दी लोगों का ध्यान खींचा। लोगों ने बागची की विनम्रता और मूल्यों की तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, आपका यह काम सार्वजनिक जीवन में कमल की तरह है-इसकी खुशबू बिना बताए ही फैलती है। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, हमें ओडिशा में सुब्रतो बागची जैसे और लोगों की जरूरत है जो अपने क्षेत्र में सफल हैं और अपने प्यारे राज्य के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। कई लोगों ने उन्हें आज के दौर में नैतिक नेतृत्व का एक अच्छा उदाहरण बताया। आज का दौर ऐसा है जहाँ लोग सिर्फ अपने फायदे के बारे में सोचते हैं और दिखावा करते हैं। एक कमेंट में लिखा था, सर, यह सच्ची निस्वार्थ सेवा है। आज की दुनिया में यह बहुत कम देखने को मिलता है। ओडिशा के लिए आपकी महान सेवा के लिए धन्यवाद।

### सांकेतिक सैलरी सम्मान की बात

बागची का 1 रुपया का चेक भले ही छोटा हो, लेकिन यह एक बड़ा संदेश देता है। यह बताता है कि ईमानदारी से की गई सरकारी सेवा ही सबसे बड़ा इनाम है। यह उस समय की याद दिलाता है जब सांकेतिक सैलरी सम्मान की बात होती थी, न कि सिर्फ दिखावा। आजकल लोग पैसे को अपनी अहमियत का प्रतीक मानते हैं। ऐसे में बागची का 1 रुपया के चेक को सबसे ज्यादा महत्व देना बहुत बड़ी बात है। उनकी कहानी सिर्फ एक चेक के बारे में नहीं है। यह दौलत के मायने को फिर से परिभाषित करने के बारे में है। यह उन लोगों के लिए एक संदेश है जिनके पास देने के लिए बहुत कुछ है। उन्हें न सिर्फ पैसे से, बल्कि अपने समय, ज्ञान और दिल से भी लोगों की मदद करनी चाहिए। बागची अब सरकारी पद से हट रहे हैं। लेकिन वे अपने पीछे नीतिगत दस्तावेज और संस्थागत ढांचे से कहीं ज्यादा छोड़ रहे हैं। वे अपने पीछे एक उद्देश्य की विरासत छोड़ रहे हैं। यह विरासत विनम्रता पर आधारित नेतृत्व और इस विश्वास की है कि असली दौलत वह है जो आप बनाते हैं, न कि वह जो आप जमा करते हैं।

## पूरा कर्ज खत्म करने की तैयारी, पहली तिमाही में 80 प्रतिशत बढ़ा रेवेन्यू, दौड़ लगा रहा ज्वैलरी स्टॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी पीसी ज्वैलर के शेयर रॉकेट सा भाग रहे हैं। ज्वैलरी कंपनी, पीसी ज्वैलर के शेयरों में लगातार दूसरे दिन तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर सोमवार को क्र्स्श्व में 15 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 19.22 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों में शुक्रवार को भी 19 पर्सेंट की तेजी आई थी। ज्वैलरी कंपनी ने बताया है कि पहली तिमाही में उसका रेवेन्यू सालाना आधार पर 80 पर्सेंट बढ़ा है। पिछले एक साल में पीसी ज्वैलर के शेयरों में 237 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

**पहली तिमाही में 80 प्रतिशत की रेवेन्यू ग्रोथ-** ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड ने बताया है कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के मुकाबले कंपनी चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में करीब 80 पर्सेंट की स्टैंडअलोन रेवेन्यू ग्रोथ हासिल करने में कामयाब रही है। पीसी ज्वैलर ने बताया है कि उसके प्रॉडक्ट्स की जबरदस्त डिमांड रही है, क्योंकि ग्राहकों ने शादियों और त्योहारों के लिए ज्वैलरी खरीदी है। पीसी ज्वैलर को पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 95 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। इससे पहले के एक साल की समान अवधि में ज्वैलरी कंपनी को 124 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

**पूरा कर्ज चुकाने की राह पर कंपनी-** ज्वैलरी कंपनी पीसी ज्वैलर लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में पूरी तरह कर्ज मुक्त हो सकती है। स्मॉलकैप कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में अपना 50 पर्सेंट से ज्यादा कर्ज चुका दिया है और कंपनी वित्त वर्ष 2025-26 में पूरी तरह कर्ज मुक्त होना चाहती है। पीसी ज्वैलर ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ही 7.5 पर्सेंट कर्ज और चुका दिया है। स्मॉलकैप कंपनी का कहना है कि उसने अपने ऑपरेशंस के सभी पक्षों को दुरुस्त और मजबूत किया है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 07-07-2025 21:31 Page 1



# पूर्व उग्रवादी की तालाब से मिली लाश

- शुक्रवार से था लापता
- कई बार जा चुका था जेल
- हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के भक्सो हर्रा टोली गांव निवासी पीएलएफआइ के पूर्व उग्रवादी संजय भगत की हत्या कर दी गई। उसका शव भक्सो हर्रा टोली स्थित तालाब से सोमवार को बरामद किया गया है।

संजय भगत की हत्या कर शव को पत्थर से बांध कर तालाब में डाल दिया गया था। सोमवार को तालाब की ओर गए ग्रामीणों की इस पर नजर पड़ी। शव देखने के बाद लोगों ने सदर थाना पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के उपरांत स्वजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक पीएलएफआइ का पूर्व उग्रवादी था।

उसके खिलाफ विभिन्न थानों में मामले दर्ज थे। वह जेल भी जा चुका है। हाल में ही वह जेल से बाहर आया था। हत्या के पीछे स्वजन जमीन विवाद बता रहे हैं।

लोहरदगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के भोक्ता हर्रा टोली गांव निवासी स्वर्गीय लक्ष्मण भगत का पुत्र संजय भगत पीएलएफआइ में सक्रिय रह चुका है। वह रांची और लोहरदगा के अलग-अलग तीन मामलों में जेल गया था।

शुक्रवार से वह घर से लापता था। उसे लेकर घर वालों ने सदर थाना पुलिस को शनिवार को सूचना दी थी।

इसी बीच सोमवार को भक्सो तालाब से संजय का शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में प्रथम दृष्टया हत्या की बात कही है।

संजय को सदर थाना पुलिस ने छह जनवरी 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके खिलाफ लोहरदगा थाना में कांड संख्या 239/20 दर्ज था। डेढ़ वर्ष पहले रांची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

वर्ष 2016 में भी लोहरदगा सदर थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि संजय की हत्या किसने की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 3697 में से 2672 आवेदनों का हुआ सत्यापन, भुगतान नहीं

## हाल पीएम विश्वकर्मा योजना का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** सरकार कहती है हुनर को मिलेगा सम्मान, औजारों को पहचान, लेकिन प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की हकीकत चतरा जिले में इन दावों के उलट है। 17 सितंबर 2023 को देशभर में शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को तकनीकी, वित्तीय और व्यवसायिक सहयोग देकर आत्मनिर्भर बनाना था। लेकिन चतरा में योजना अपने उद्देश्यों को पाने में नाकाम रही है। जिले भर से 3697 पारंपरिक कारीगरों ने आनलाइन आवेदन किया,जिनमें से 2672 आवेदनों का सत्यापन भी पूरा हो चुका है।

लाभार्थियों को न प्रशिक्षण मिला, न टूलकिट, न ही कोई वित्तीय सहायता। आंकड़ों के अनुसार जिले में केवल 493 लाभुकों को ही प्रशिक्षण मिल सका, वो भी मुंबई के एक एनजीओ के माध्यम से। जमीनी स्तर पर प्रशिक्षण केंद्र नहीं खुले, न ही कोई जागरूकता शिविर चला। प्रतापपुर प्रखंड की स्थिति तो और भी बदतर है, जहां एक भी आवेदन कर्ता को अब तक योजना का कोई लाभ नहीं मिला है।

गांवों में दर्जनों कारीगर नाई, लोहार, बढ़ई, कुम्हार, धोबी, मोची, बुनकर अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। गुरिया गांव के लखन ठाकुर कहते हैं, हमने पूरी उम्मीद से आवेदन किया था। दस्तावेज भी जमा किए, लेकिन आज तक कोई जानकारी नहीं मिली। सरकार ने हमें गिनती का हिस्सा बनाया, लेकिन हक से वंचित रखा।

टंडवा के रामराज प्रजापति, जो पीढ़ियों से कुम्हारी करते हैं, कहते हैं, लगा था कि अब चाक पर भाग्य भी घूमेगा, लेकिन सरकार की चुप्पी ने सब बंद कर दिया।

# महिलाएं मछली पालन कर दौलत के साथ पा रहीं शोहरत भी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के बसिया प्रखंड की प्रीति कुमारी, बबीता देवी और चरकी देवी ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। पूर्व में गृह कार्यों में लगीं ये महिलाएं अपने आसपास के किसानों को मछली पालन करते देख प्रेरित हुईं और छोटे स्तर पर डोभा में मछली पालन शुरू किया।

तीनों महिलाओं को मत्स्य विभाग द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा 90 प्रतिशत अनुदान पर स्पान, फीड एवं फिश कैचिंग नेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

वर्ष 2023-24 में इन महिलाओं ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ग्रो आउट तालाब का निर्माण कराया। तालाब निर्माण की कुल लागत सात लाख है।

इसमें अनुसूचित जाति,जनजाति वर्ग को 60 प्रतिशत अनुदान, जिसमें से 60 प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा सहायता राशि दी गई एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से थी। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा 1.75 लाख की अतिरिक्त सहायता दी गई।

इसके साथ ही मत्स्य बीज व आहार हेतु चार लाख की यूनिट लागत में 2.40 लाख का अनुदान भी प्रदान किया गया। वर्तमान में इन महिलाओं के पास 7.5 एकड़ भूमि में 12 तालाब हैं । इनमें 50,000 अंगुलिकाओं का संचयन किया गया है।

ये मत्स्य उत्पादन जिले के सिसई, भरनो, कामडारा, पालकोट और गुमला प्रखंडों तक पहुंच रहा है, जिससे स्थानीय किसानों को बाहरी बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। इनकी पहल से 30-35 ग्रामीणों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है और प्रत्येक लाभुक को सालाना 4-5 लाख रुपये तक की शुद्ध आय हो रही है।

# सामाजिक कुरीति का दंश झेल रहे तीन परिवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के मारंगहादा थानांतर्गत बिचागुटु गांव के टोला रांगरोंग के तीन परिवारों का गांववालों ने सामाजिक रूप से बहिष्कार कर दिया है। इन परिवारों ने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया था।

पांडू मुंडा, सागू मुंडा और जागदा नाग कई वर्षों से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहे हैं। गांव वालों ने उनके साथ खाना-पीना, शादी विवाह एवं अन्य कार्यों में साथ नहीं देने का फरमान जारी किया है। वर्षों से तीनों परिवार गांव में सभी तरह के सहयोग से पूरी तरह से वंचित हैं।

एक तरफ गरीबी, अशिक्षा जैसी समस्याएं और दूसरी तरफ सामाजिक बहिष्कार का उत्पीड़न झेल रहे इन परिवारों से मिलने के लिए रविवार को सामाजिक संगठनों की एक टीम रांगरोंग पहुंची। पीड़ित परिवार से से बात कर उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया।

पीड़ित परिवारों ने बताया कि उ लोगों ने धरती आबा बिरसा मुंडा के पदचिह्नों पर चल कर पूजा अनुष्ठानों में बलि देना व हंड़िया-दारु आदि का त्याग कर दिया है। वहीं जागदा नाग ने बताया कि उनके परिवार को डायन बिसाही का आरोप लगा कर आर्थिक रूप से दंडित किया गया। जुर्माना देने में असमर्थ होने पर सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया। वह बताती हैं कि उनके नाम से सरकारी आवास मिला है, जब उन्होंने घर बनाना शुरू किया, तो उसे भी तोड़ दिया गया और घर बनाने से भी रोका गया।

सामाजिक संगठन के लोगों ने बहिष्कृत परिवारों की पीड़ा सुनने के बाद उन्हें यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। बहिष्कृत पांडू मुंडा ने बताया कि उसका परिवार विगत 12 -13 वर्षों से सामाजिक बहिष्कार का दंश झेल रहा है।

उनके बच्चों के साथ भी सामाजिक तौर पर भेदभाव किया जा रहा है।

# मोहर्रम जुलूस में दो पक्षों में झड़प, दोनों पक्षों से दो-दो लोग जख्मी

## 70 नामजद व 250 लोगों पर अलग-अलग तीन प्राथमिकियां दर्ज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पाटन थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में विभिन्न माध्यमों से फैलाए गए गोली चलने व लोगों की मृत्यु जैसी घटना के अफवाह को पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस इन अफवाहों का खंडन करती है। कहा कि इस तरह के फैलाए गए अफवाह के कारण दोनों पक्ष के दो-दो लोगों में झड़प हुई व वे जख्मी हो गए थे। पुलिस के सहयोग से घायलों का इलाज कराया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल पर शांति स्थापित है। साथ ही सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों व प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के द्वारा दिए गए आवेदन पर 70 नामजद व 250 लोगों पर अलग-अलग कुल 3 प्राथमिकी दर्ज की गई है। इनमें प्राथमिकी संख्या 119 /2025, 7.7.2025, 120/2025, 7.7.2025 व 121/2025, 7.7.2025 दर्ज किया गया है। प्राथमिक पर पुलिस अग्रेतर कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक सहित जिले के वरीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी पाल्हे गांव में कैंप किए हुए हैं।

## पाल्हे गांव में लागू हुई निषेधाज्ञा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पाटन थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में आशंका व संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा के आदेश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत गांव में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह आदेश आगामी 48 घंटे तक प्रभावी रहेगा। इसके दौरान चार या उससे अधिक लोगों के एक साथ इकट्ठा होने, जुलूस निकालने या किसी भी तरह की सार्वजनिक सभा पर पूरी तरह से रोक रहेगी। प्रशासन ने यह कदम एहतियातन उठाया है। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना को रोकने को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। एसडीएम ने आम जनता से शांति बनाए रखने व अफवाहों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका की शादी तुड़वाने के लिए मंगेतर को भेजीं अश्लील तस्वीरें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में एक सनकी युवक ने प्रेमिका की शादी तुड़वाने के लिए उसके मंगेतर को अश्लील तस्वीरें भेज दी। इस घटना के बाद सोमवार को जिस घर में शहनाई बजने वाली थी, वहां मातम पसर गया। पीड़िता हाथों में मेहंदी लगाए रामगढ़ एसपी कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से पश्चिम बंगाल की पुरुलिया जिला अंतर्गत जयपुर थाना के चिड़कामुह गांव की रहने वाली है। वह रजरप्पा थाना क्षेत्र में बोरोबिंग गांव में अपने मामा के घर में रहती थी। यहां चितरपुर शिवालय मंदिर केवट टोला निवासी प्रमोद प्रजापति से उसकी मुलाकात हुई।

***शादी का प्रलोभन देकर प्रमोद ने खींच ली थी अश्लील तस्वीरें-*** पीड़िता ने एसपी को जो आवेदन लिखा है उसमें कहा है कि प्रमोद ने उसे शादी का प्रलोभन दिया था। प्रलोभन देकर उसने उसका नाजायज फायदा उठाया और अश्लील तस्वीरें खींच ली। जब पीड़िता ने उसपर शादी का दबाव बनाया तो वह आनाकानी करने लगा। इसके बाद उन दोनों के बीच के संबंध खत्म हो गए। इधर पीड़िता के पिता ने दुलमी प्रखंड में दीपक से पीड़िता की शादी तय कर दी। शादी 7 जुलाई को होने वाली थी। यह खबर जब प्रमोद को लगी तो वह पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। उसने शादी करने से पहले ही शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाया। जब पीड़िता उसकी बातों में नहीं आई तो सनकी युवक ने अश्लील तस्वीरें पीड़िता के मंगेतर को व्हाट्सएप कर दिया। तस्वीर देखने के बाद दीपक ने शादी से इनकार कर दिया और शादी टूट गई।

***प्रमोद के घर पहुंचे युवती के पिता और भाई को पीटा-*** पीड़िता ने आवेदन में यह भी लिखा है कि जब प्रमोद की इस हरकत की जानकारी उन्हें मिली तो उन्हें भी गुस्सा आया। इस बात को पूछने के लिए जब उसके पिता और भाई प्रमोद के घर पहुंचे तो उसके घर वालों ने उनकी ही पिटाई कर घर से निकाल दिया। वे लोग इस मामले को लेकर रजरप्पा थाने में भी गए थे, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं हुई।

# गैस सिलेंडर से घर में लगी आग, घर समेत सारा सामान हुआ राख



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बेड़ाहरियारा पंचायत अंतर्गत टोला अंबेडकर चौक के समीप एक घर में गैस सिलेंडर से अचानक आग लग गई। इस भीषण आगजनी में घर में रखा सारा सामान समेत कार्केट का कच्चा मकान जल कर भस्म हो गया। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि लगभग सात बजे अंबेडकर चौक निवासी सूरज पासवान पिता गौरी पासवान के घर में गैस चूल्हा में खाना बना रहे थे कि दौरान गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई, घरवाले आनन- फानन में दौड़कर घर के बाहर भागे, इसके बाद तो आग पूरी तरह से घर के कमरे में चारो तरफ से फैल गया, घर में टीवी, कूलर, दो पंखा, मिक्सी, दो मोबाइल फोन, पलंग, बक्सा समेत जमीन के जरूरी कागजात एवं नगदी पच्चीस हजार रुपए पूरी तरह से जलकर राख हो गए। साथ ही खाने के अनाज और कार्केट भी जलकर राख हो गया। जिससे पीड़ित परिवार पूरी तरह से बेघर हो गए। इस घटना की जानकारी विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास को दी गई ,उन्होंने तत्काल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पूरी घटना क्रम की जायजा लिया। इस दौरान पीड़ित परिवार ने बताया कि विष्णुगढ़ गोमियां मार्ग पर स्थित अखाड़ा चौक के समीप कालीकरण सड़क के किनारे पप्पू गैस नामक दुकान से गैस के सिलेंडर में गैस भरवारा था। घर लाकर जैसे ही खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर जलाया, पूरे गैस सिलेंडर में आग पकड़ लिया। जिससे मेरा घर जलकर खाक हो गया। इस घटना पर अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने पीड़ित परिवार को रहने की व्यवस्था कराई।इस मौके पर पहुंचे विष्णुगढ़ आजसू कोषाध्यक्ष दीपू राणा, विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास, समाजसेवी अनुज कुमार सिन्हा ने गहरी चिंता जताई कहा कि बेघर हुए परिजनों को तत्काल आवास मुहैया कराई जाए।

# मिट्टी की दीवार गिरने से बच्ची की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के दीक्षित मुहल्ला में रविवार की रात अचानक कच्चे के मकान को एक दीवारे भरभराकर गिर गया। इसके बाद घर के ऊपर से कंडी, बांस व खपड़ा सोये हुए लोगों पर गिर गया। इस घटना में दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। वहीं एक चार वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के दीक्षित मुहल्ला निवासी अरुण दीक्षित कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ सोये हुए थे। तभी अचानक एक तरफ का दिवाल गिरने लगा व देखते ही देखते खपड़ा, कंडी, बांस उन सभी पर गिर गया। इससे अरुण दीक्षित की दो वर्षीय पुत्री वैष्णवी कुमारी व चार वर्षीय पुत्री सपना कुमारी दब गई। आवाज सुनकर स्थानीय लोग जमा हुए। मालवा हटाकर दोनों बच्ची को बाहर निकाला गया। आनन - फानन में दोनों को गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांचोपरांत वैष्णवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सपना का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार वह अब खतरे से बाहर है।

# ई- विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों के अटेंडेंस में बढ़ोतरी के लिए करें प्रयास : डीडीसी

## उप विकास आयुक्त ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने सोमवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों संग बैठक कर जिले में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने छात्रवृत्ति, पोशाक, पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन आदि कार्यों की समीक्षा की। साथ ही कई निर्देश दिए।

बैठक में डीडीसी ने बच्चों की अटेंडेंस की समीक्षा की। ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों के कम अटेंडेंस बनाने को ले संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को बच्चों के अटेंडेंस में बढ़ोतरी लाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने ड्रॉपआउट बच्चों की सूची तैयार कर शिक्षकों को व्यक्तिगत रूप से ऐसे बच्चों व उनके अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालय में पुनः नामांकन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा के अधिकार को हर बच्चे तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

बैठक के दौरान मध्यान भोजन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त ने डीईओ व डीएसई को मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के तहत जिले के विद्यालयों को अच्छी रैंकिंग मिल सके, इस दिशा में कार्य करने को निर्देशित किया।

इसके अलावा समग्र शिक्षा अभियान की गतिविधि, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की अद्यतन स्थिति, विद्यालय में बच्चों की इनरोलमेंट, डिजिटल शिक्षा, साइकिल वितरण, स्कूल किट, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई के माध्यम से चयन, आइसीटी प्रोग्राम एवं स्मार्ट क्लास, किचन गार्डन, विद्यालयों में लाइब्रेरी की उपलब्धता व मध्याह्न भोजन से संबंधित समीक्षा की गयी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

उप विकास आयुक्त ने वर्चुअल मोड के जरिये सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, अकाउंटेंट, बीपीओ, विभिन्न वार्डन समेत अन्य उपस्थित थे।

# नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर सकता है, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की पृष्ठभूमि, जातीय समीकरण, संगठनात्मक अनुभव और विवाद रहित छवि जैसे मानक निर्णायक होंगे।

राज्य में 2024 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी के सामने सत्ता में वापसी की बड़ी चुनौती है, इसीलिए नए नेतृत्व का चयन अत्यंत सावधानी से किया जा रहा है। कई राज्यों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्षों का चयन संघ की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को प्राथमिकता देकर किया गया है।

झारखंड में भी यह मानक सर्वोपरि है। संघ से निकटता न केवल संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करती है, बल्कि कार्यकर्ताओं के बीच वैचारिक दृढ़ता भी स्थापित करती है। शीर्ष नेतृत्व उन नेताओं को प्राथमिकता दे रहा है, जिनका संघ परिवार के साथ लंबा जुड़ाव रहा हो। झारखंड की सामाजिक संरचना जटिल है और जातीय समीकरण किसी भी राजनीतिक दल के लिए अहम भूमिका निभाते हैं। भाजपा के लिए यह चुनौती और भी बड़ी है, क्योंकि पार्टी का पारंपरिक वोट आधार सवर्ण और वैश्य समुदाय समेत ओबीसी की अन्य जातियां और कुछ हद तक आदिवासी समुदायों में है। हाल के चुनावों में भाजपा को आदिवासी सीटों पर करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसने पार्टी के सामने जातीय संतुलन की जरूरत को और उजागर किया। रेस में कई ओबीसी नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि, ओबीसी को प्राथमिकता देने में जोखिम भी है।

सवर्ण भाजपा के कोर वोटर हैं और उनकी अनदेखी से पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में शीर्ष नेतृत्व को एक ऐसा नेता चुनना होगा, जो सभी समुदायों के बीच संतुलन बनाए रखे। पार्टी इस बार एक ऐसे नेता की तलाश में है जो न केवल जातीय समीकरणों को संतुलित रखे, बल्कि कार्यकर्ता और मतदाताओं के बीच स्वीकार्यता भी रखता हो।

# जैन धर्मावलंबियों ने भगवान महावीर का किया अभिषेक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित अष्ट दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ के चौथे दिन भगवान महावीर का अभिषेक किया गया। साथ ही शांति धारा के पश्चात सिद्ध प्रभु की आराधना की गई। आराधना व आरती कार्यक्रम सुरेश जैन, जैन समाज के अध्यक्ष सरस जैन व हीरा देवी रारा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया के दिव्य सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना के साथ 128 अर्घ्य समर्पित करवाया गया। इस विधान में प्रत्येक दिन अर्घ्य की संख्या दुगनी होती चली जाती है। क्रमशः आठवें दिन 1024 अर्घ्य चढ़ाकर हवन के साथ इस विधान पूजा की समाप्ति होगी।

आज के प्रवचन में दान देने से किस प्रकार पुण्य की प्राप्ति होती है इस पर विस्तृत चर्चा की। पूरा जैन समाज संगीत मंडली के साथ संगीतमय पूजा पाठ, आरती का आनंद लिया। बाहर से भी भक्तगण आकर इस विधान में सम्मिलित हो रहे हैं। आज की प्रथम आरती करने का सौभाग्य हीरा देवी रारा सपरिवार को प्राप्त हुआ।

इस पूरे कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष सरस जैन, सचिव सागर जैन के साथ धर्मचंद जी रारा, महावीर जी गंगवाल, सुरेश कुमार जी पंड्या, उर्मिला कासलीवाल व शांति देवी छाबड़ा सहित समाज के सभी महिला पुरुष व बच्चों ने भाग लिया।

प्रतिदिन संध्या में 7 बजे से भक्तामर के रिद्धि मंत्रों द्वारा 48 दीपों को स्थापित कर आरती की गई।

# विस्थापितों ने डीवीसी के स्थापना दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बनासो,नावाटांड में कोनार दामोदर घाटी विस्थापित एवं स्थानीय समन्वय समिति के आह्वान पर कोनार विस्थापित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सोमवार नावाटांड़ सामुदायिक भवन में डीवीसी के 78 वें स्थापना दिवस को काला दिन( काला दिवस) के रूप में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विस्थापित संघ सह कोर कमेटी अध्यक्ष सुरेश राम एवं संचालन प्रवेश सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान कोनार विस्थापितो को सम्बोधित करते हुए सुरेश राम ने कहा कि हम अपने पूर्वजों का बलिदान खाली नहीं जाने देंगे, हम उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है। जिनकी भूमि घर और आजीविका देश की विकास के लिए दामोदर घाटी निगम परियोजना जैसी राष्ट्रीय परियोजना के निर्माण में बलिदान देने के लिए मजबूर किया। जिनके आंसू आज भी बांध के जलाशय में बह रहे हैं और उनकी अतृप्त आत्माएं आज भी ताप विद्युत परियोजना के चिमनियों से धुएं के रूप में निकलकर न्याय की तलाश में आसमान में भटक रही हैं। उनके कठिन सामाजिक और आर्थिक सघर्षों और कठिनाइयों के बल पर ही डीवीसी की नींव रखी गई और यह प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है। फिर भी सात दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनके वंशजो को शरणार्थियों की तरह जीने को मजबूर है। डीवीसी ने परियोजनाओं के निर्माण के लिए उनकी सभी पैतृक भूमि और घर का अधिग्रहण करने के बाद उन्हें पुनर्वासित भूमि का स्वामित्व अधिकार नहीं दिया तथा उन्हें राज्य और केंद्र सरकार की सभी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। डीवीसी ने अपने उद्देश्य पूरा करने के बाद कभी भी इन उजड़े हुए विस्थापित लोगों की ओर मुड़कर नहीं देखा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरएस/बीकेएससी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी तरफ से कार्य करते हुए, **निविदा सूचना संख्याः ईएलएसबी-25-एयूएक्समोटर_ओएच-08/टीएन, दिनांक 04.07.2025** के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं; **कार्य का विवरणः** 3-फेज लोकोमोटिव के सभी सहायक मोटरों की मरम्मत/पुनस्थापन; **अनुमानित मूल्यः ₹ 24,34,824.00; बयाना राशिः** ₹ 48,700.00; **निविदा फॉर्म का मूल्यः** शून्य; **अवधिः** 24 महीने। निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर 28.07.2025 को 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समयः 28.07.2025 को 11:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि/समयः 28.07.2025 को 11:00 बजे (निविदा बंद होने के तुरंत बाद)। सभी प्रामाणिक, अनुभवी और इच्छुक निविदाकर्ता इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **(PR-361)**

CMYK

# भारत की इंग्लैंड पर दूसरे टेस्ट में शानदार जीत के दौरान बने 7 अविश्वसनीय रिकॉर्ड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में भारत ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर की। भारत ने एजबेस्टन टेस्ट की पहली इनिंग में गिल के दोहरे शतक (269) की बदौलत 587 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद सिराज के 6 विकेटों की बदौलत इंग्लैंड को 407 पर ढेर कर 180 रन की बढ़त बनाई।

दूसरी इनिंग में गिल (161) ने एक बार फिर बड़ी पारी जिससे टीम ने 427/6 का स्कोर बनाते हुए इंग्लैंड के सामने 608 रन का लक्ष्य रखा। एक बार फिर गेंदबाजों ने शुरू से ही दबाव की रणनीति अपनाई और इस बार आकाश दीप के 6 विकेटों की बदौलत इंग्लैंड को 271 रन पर ढेर कर 336 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में एक-दो नहीं, बल्कि 7 अविश्वसनीय रिकॉर्ड्स बने हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में -

1. युवा भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल महज 23 साल और 188 दिन की उम्र में 2000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। सचिन तेंदुलकर (20 साल, 330 दिन) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। अब वह भारत के लिए 2000 रन बनाने वाले सबसे युवा ओपनर हैं और विश्व में ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (23 साल, 58 दिन) के बाद दूसरे सबसे युवा ओपनर हैं।
2. ऋषभ पंत घर से बाहर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 24 छक्के लगाए हैं।
3. इंग्लैंड ने दो 150+ स्कोर के साथ सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड बनाया है। एजबेस्टन में तीसरे दिन इंग्लैंड ने 407 रन बनाए जिसमें जेमी स्मिथ के 184* और हैरी ब्रूक के 158 रन थे। हालांकि इस दौरान इंग्लैंड ने पहली पारी में 6 डक भी हुए जो 407 के सबसे कम ऑल-आउट स्कोर का प्रमाण बना।
4. इंग्लैंड के कप्तान ने बेन स्टोक्स बल्ले से अब तक दमदार श्रृंखला खेली है और पहली पारी में गोल्डन डक पर आउट हुए। यह क्रीज पर अपने 201 टेस्ट मैचों में पहली बार हुआ। केवल राहुल द्रविड़ (286) और डेविड गॉवर (204) ही अपने पहले गोल्डन डक से पहले लंबे समय तक रन बना पाए थे। स्टोक्स पहली पारी में मोहम्मद सिराज की पहली गेंद पर पंत के हाथों कैच आउट हुए थे।
5. भारत के 1849 रन किसी भी टीम द्वारा सीरीज के पहले दो टेस्ट में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की तिकड़ी शानदार फॉर्म में है और इसी का परिणाम यह रिकॉर्ड है।
6. भारत ने बर्मिंघम में 1014 रन के साथ एक टेस्ट मैच में अपना सर्वोच्च टीम स्कोर बनाया है। आश्चर्यजनक रूप से भारतीय कप्तान गिल ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली जिसमें उन्होंने अपने देश के लिए 1014 रनों में से 430 रन बनाए, जिससे एजबेस्टन की भीड़ प्रशंसा में ताली बजाने पर मजबूर हो गई।
7. शोएब बशीर ने टेस्ट में किसी अंग्रेज गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक 286 रन दिए हैं। बशीर के लिए यह एक और कठिन टेस्ट रहा जिसमें ऑफ स्पिनर ने 5/286 के मैच के आंकड़ों के साथ भारत की स्टार पावर को रोकने के लिए संघर्ष किया। उनके महंगे आंकड़े टेस्ट मैच में किसी अंग्रेज गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे अधिक रनों से केवल चार रन कम थे।



## इंग्लैंड पर बड़ी जीत के बाद गदगद हुए कप्तान गिल, इन खिलाड़ियों की जमकर की तारीफ



भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन टेस्ट में ऐतिहासिक जीत के बाद अपनी टीम के तेज गेंदबाजों आकाशदीप और मोहम्मद सिराज की जमकर प्रशंसा की। भारत ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से मात देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 की बराबरी हासिल की।

### तेज गेंदबाजों का कहर

इस मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे तेज़ गेंदबाज़ - आकाशदीप, जिन्होंने 10 विकेट लिए और मोहम्मद सिराज, जिनके खाते में 7 विकेट आए। ये प्रदर्शन इसलिए भी खास रहा क्योंकि भारत इस मैच में अपने प्रमुख गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह के बिना उतरा था।

गिल ने मैच के बाद चेतेश्वर पुजारा से बातचीत में कहा- जब आपके दो गेंदबाज 17 विकेट लेते हैं, तो कप्तान के लिए काम काफी आसान हो जाता है। बुमराह भाई नहीं थे, लेकिन हमें भरोसा था कि हमारी गेंदबाज़ी इकाई मैच में 20 विकेट लेने में सक्षम है।

### गिल की रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी

गिल ने बतौर कप्तान सिर्फ रणनीति ही नहीं बनाई, बल्कि बल्ले से जबरदस्त प्रदर्शन भी किया। उन्होंने पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन बनाकर कुल 430 रन बनाए – जो किसी भी भारतीय कप्तान द्वारा एक टेस्ट में सर्वोच्च योग है। ÷हम जानते थे कि इस पिच पर अगर हम 400-500 रन बना लेते हैं, तो यह काफी होगा। हर मैच हेडिंग्ले जैसा नहीं होता। गेंदबाज़ों ने शानदार तरीके से इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर को दबाव में डाला।

### अन्य गेंदबाजों का योगदान

गिल ने प्रसिद्ध कृष्णा की भी तारीफ की, जो विकेट भले न ले पाए हों, लेकिन उन्होंने दबाव बनाए रखा। ÷उन्होंने सही लेंथ पर गेंदबाजी की, जो इस पिच पर आसान नहीं था। आकाशदीप ने भी बेहद प्रभावशाली गेंद डाली, खासकर नई गेंद से।

## इस भारतीय ने मैच में निर्णायक अंतर पैदा किया, हार के बाद आया स्टोक्स का बयान

**बर्मिंघम, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने स्वीकार किया कि भारत ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में खेल के हर विभाग में उनकी टीम से बेहतर प्रदर्शन किया तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप के 'अविश्वसनीय कौशल ने मैच में निर्णायक अंतर पैदा किया। श्रृंखला में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे आकाशदीप ने 10 विकेट लेकर भारत की 336 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई।



भारत की इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। पांच मैच की श्रृंखला अब 1-1 से बराबर है और तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। स्टोक्स ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि आकाश ने कल रात और आज सुबह पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया। लगातार कोण बदलने और उसका उपयोग करने की उसकी क्षमता अद्भुत है और फिर भी वह इतना सटीक है। वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। आज सुबह हैरी ब्रूक जिस गेंद पर आउट हुआ उस पर कोई भी बल्लेबाज कुछ नहीं कर सकता था।

उन्होंने कहा, 'जब जेमी स्मिथ ने शुरुआत में कुछ रन बनाए, तब मैं दूसरे छोर पर खड़ा था। गेंद एक फुट की दूरी पर थी। आकाश ने जिस तरह से क्रीज पर कोण बदलते हुए भी उस क्षेत्र में गेंद की उससे उसके अविश्वसनीय कौशल का पता चलता है।% स्टोक्स की अगुआई वाली टीम ड्रॉ में विश्वास नहीं करती लेकिन कप्तान ने कहा कि लक्ष्य पहुंच से बाहर था। उन्होंने कहा, '300 या इससे अधिक रन से हारना वास्तव में बहुत बड़ा अंतर है। जब हम बल्लेबाजी करने उतरे तो हमें पता था कि हमारे सामने क्या चुनौती है। लेकिन कल रात तीन विकेट और आज सुबह दो क्रिकेट जल्दी खोने से सब कुछ बदल गया।

स्टोक्स ने स्वीकार किया कि भारत ने खेल के हर विभाग में उनसे बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, 'इस सप्ताह उन्होंने एक ऑलराउंड इकाई के रूप में बेहतर प्रदर्शन किया, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतर प्रदर्शन किया। पिछले सप्ताह हमने ऐसा किया था।

## लगातार असफलताओं के बावजूद मौका मिल रहा, पूर्व क्रिकेटर ने इंग्लैंड के ओपनर की आलोचना की



**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह भाग्यशाली हैं जो उन्हें लगातार असफलताओं के बावजूद टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने इसके साथ यह भी सुझाव दिया कि क्रॉली को भारतीय कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी की रणनीति से सीख लेनी चाहिए और अपने खेल में सुधार करना चाहिए।

वॉन ने अपने कॉलम में लिखा, 'पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने प्रशंसकों को निराश किया है। इनमें मैं भी शामिल हूं लेकिन वह (क्रॉली) सबसे ज्यादा निराश करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें मैं याद कर सकता हूं। जब से मैंने इंग्लैंड की क्रिकेट को करीब से देखा है तब से वह सबसे भाग्यशाली खिलाड़ी है जिसे लगातार असफलताओं के बावजूद इतने अधिक टेस्ट मैच खेलने को मिले। उन्होंने कहा, 'उन्हें खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए कि उन्होंने 56 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने सिर्फ 5 शतक बनाए हैं और उनका औसत 31 का है।

## डीपीएल नीलामी में सहवाग के बेटे पर लगी 8 लाख की बोली, 39 लाख में सबसे महंगा बिका ये खिलाड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में दिग्गज भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बेटे और स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के भतीजे को खरीदा गया। सहवाग के बड़े बेटे आर्यवीर को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 8 लाख रुपए की मोटी रकम में खरीदा। 18 साल का आर्यवीर दिल्ली अंडर 19 क्रिकेट टीम का हिस्सा है। दूसरी ओर, कोहली के भतीजे, जिनका नाम भी आर्यवीर है, को डीपीएल 2024 की उप-विजेता साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 1 लाख रुपए में खरीदा है।

इस बीच तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह डीपीएल 2025 की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने तेज गेंदबाज पर बड़ी रकम खर्च करने में संकोच नहीं किया और उन्हें 39 लाख रुपए में साइन किया। सिमरजीत के ठीक पीछे, मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश सिंह को दूसरी सबसे ऊंची बोली मिली। दिग्वेश को साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 38 लाख रुपए में खरीदा।

## अमेरिका में पनेल गांव की मोनिका ने बाक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक



**रामपुर बुशहर,** शिमला जिले के ननखड़ी तहसील के पनेल गांव की मुक्केबाज मोनिका नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की भारतीय पुलिस टीम की ओर से प्रतियोगिता में भाग लिया। बर्मिंघम में 26 जून से 6 जुलाई तक विश्व पुलिस खेल 2025 का आयोजन किया गया। बॉक्सिंग के 81 किलोग्राम कैटेगरी के फाइनल में मोनिका ने यूएसएजीई की बॉक्सर को 5-0 से पराजित किया। मोनिका नेगी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल में कार्यरत हैं। मोनिका नेगी इससे पहले भी बॉक्सिंग में कई पदक जीतकर रामपुर और हिमाचल का नाम रोशन कर चुकी हैं। वे मुक्केबाजी में राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का कई बार प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। मोनिका नेगी ने दो बार राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है और पंजाब के जालंधर में आयोजित ऑल इंडिया विश्वविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक जीता है।

## ग्रैंड चेस टूर में कार्लसन की खास उपलब्धि, एक दौर रहते सुपर यूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट जीता




**जगरेब।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने एक दौर शेष रहते सुपर यूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश तीसरे स्थान पर रहे।नौ दौर के रैपिड टूर्नामेंट में गुकेश से चार अंक पीछे रहने के बाद कार्लसन ने ब्लिट्ज वर्ग में इसका पूरा फायदा उठाया और पहले चरण में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए। दूसरे चरण में पहले आठ बाजियों में से चार अंक हासिल करना ही उन्हें टूर्नामेंट में एक और जीत दिलाने के लिए पर्याप्त था।गुकेश ने रैपिड वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए 14 अंक हासिल किए थे लेकिन ब्लिट्ज वर्ग में अपने पहले नौ गेम में से केवल 1.5 अंक हासिल करके लय खो बैठे। कार्लसन ने 22.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट समाप्त किया और वह अमेरिका के वेस्ली सो से 2.5 अंक आगे थे जो दूसरे स्थान पर रहे।गुकेश अंततः 19.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कार्लसन ने 17,5000 अमेरिकी डॉलर के पुरस्कार पूल में से 40,000, वेस्ली ने 30,000 और गुकेश ने 25,000 हासिल किए। भारत के आर प्रज्ञानानंदा 15 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे।

## 44 साल के हुए धोनी: थाला के शानदार करियर, उपलब्धियों और रिकॉर्ड्स पर डालें नजर

**नई दिल्ली-** थाला कैप्टन कूल नाम से जाने जाते महान विश्व कप विजेता कप्तान एमएस धोनी सोमवार को 44 साल के हो गए है। हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेमर में शामिल होने धोनी अपने शांत स्वभाव और अपनी सामरिक उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं, ने 2004 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से लेकर अब तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (छ्स्च) के साथ अपने करियर के इन आखिरी कुछ वर्षों के दौरान अपनी अलग छाप छोड़ी है।

भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 आउट और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैचों के साथ धोनी न केवल दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं, बल्कि एक क्रांतिकारी भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट के अलावा, वे पहले विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक थे जिन्होंने दुनिया को दिखाया कि विकेटकीपर वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। ऐसे समय में जब विकेटकीपर से कैचिंग और स्टंपिंग की न्यूनतम आवश्यकता होती थी, धोनी ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी दिग्गज की निरंतरता और भूख के साथ रन बनाते हुए सीमा को और आगे बढ़ाया। उन्होंने युवराज सिंह और सुरेश रैना के साथ एक मजबूत मध्य-क्रम बनाया।

### वनडे क्रिकेट

धोनी का सबसे मजबूत प्रारूप वनडे है। उन्होंने 350 वनडे में 50.57 की औसत से 10,773 रन बनाए। उन्होंने भारत के लिए 10 शतक और 73 अर्द्धशतक बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 183* रहा। वे वनडे में भारत के छठे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं (सचिन तेंदुलकर 18,426 रन के साथ शीर्ष पर हैं)। तथ्य यह है कि वे निचले क्रम में आते हुए 50 से ज़्यादा की औसत से 10,000 से ज़्यादा रन बनाने में सफल रहे जिससे उनके आंकड़े और भी आश्चर्यजनक हो जाते हैं। उन्होंने 200 वनडे मैचों में भारत का नेतृत्व किया जिसमें 110 जीते और



74 हारे, पांच मैच बराबर रहे, जबकि 11 का कोई नतीजा नहीं निकला। उनकी जीत का प्रतिशत 55 है। धोनी ने कप्तान के तौर पर भारत के लिए ढ्ढष्टष्ट क्रिकेट विश्व कप 2011 और ढ्ढष्टष्ट चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीती है।

### टी20 क्रिकेट

चेन्नई सुपर किंग्स के थाला (नेता) के रूप में मशहूर धोनी ने भारत के लिए 98 टी20आई खेले जिसमें उन्होंने 37.60 की औसत और 126.13 के स्ट्राइक रेट से 1,617 रन बनाए। उन्होंने इस प्रारूप में दो अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 56 रहा है। वे भारत की आईसीसी टी20 विश्व विजेता 2007 विजेता टीम के विजयी कप्तान थे। माही ने 72 टी20आई में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें 41 जीते, 28 हारे, एक टाई रहा और दो असफल रहे। उनकी जीत का प्रतिशत 56.94 है।

### टेस्ट क्रिकेट

क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप टेस्ट के करियर की बात करें तो धोनी ने 90 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 38.09 की औसत से 4,876 रन बनाए। उन्होंने छह शतक और 33 अर्धशतक बनाए, जिसमें 224 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। वह टेस्ट में भारत के लिए 14वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। एक कप्तान के रूप में उन्होंने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें से उन्होंने 27 मैच जीते, 18 हारे और 15 ड्रॉ रहे। 45.00 के जीत प्रतिशत के साथ वह सभी युगों में भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। धोनी ने टीम इंडिया को टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचाया। वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को वाइटवॉश करने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान भी हैं, उन्होंने ऐसा 2010-11 और 2012-13 सीरीज में किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### रियाद से दिल्ली आ रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के बाद से एयर इंडिया विमान को लेकर लगभग रोज शिकायतें आ रही हैं। कभी फ्लाइट में टेकऑफ के समय दिक्कत आती है तो कभी पूरा प्लेन ही डायवर्ट करने पड़ता है। इमरजेंसी लैंडिंग वाले मामले भी सामने आए हैं। ताजा मामला फ्लाइट डायवर्जन का है। रियाद से चला एयर इंडिया का विमान आज दिल्ली पहुंचने की जगह जयपुर डायवर्ट कर दिया गया। उसे आज दोपहर 1 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लैंड करना था। अचानक जयपुर डायवर्ट करने के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। रियाद (सऊदी अरब) से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट-ढ्ढ926 ने रियाद से शाम 5 बजे के बाद उड़ान भरी थी और उसे दिल्ली के आइजीआइ हवाई अड्डे पर रात 1 बजे उतरना था,हालांकि, विमान को आज तड़के 5 बजे जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए मोड़ दिया गया। पिछले हफ्ते, टोक्यो से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट-ढ्ढ357 को केबिन के एयर कंडीशनर में समस्या के कारण लगातार तापमान गर्म होने की वजह से कोलकाता मोड़ दिया गया था। एक आधिकारिक बयान में, एयर इंडिया के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि विमान कोलकाता में सुरक्षित उतर गया और उसकी तकनीकी जांच की गई थी। इससे पहले जून में, यूके के बर्मिंघम से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक उड़ान को बीच हवा में बम की धमकी मिलने के बाद रियाद मोड़ दिया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, जब विमान रियाद में उतरा तो कोई बम या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली और सभी यात्री सुरक्षित थे।

### एलपीजी गैस चूल्हे के कारण गई 3 एसी ठीक करने वालों की जान, स्नस्स्नकी रिपोर्ट में खुलासा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के अम्बेडकर नगर इलाके में शनिवार को एसी ठीक करने वाले तीन युवकों की जान गैस रिसाव के चलते नहीं हुई थी। यह खुलासा एफएसएल टीम द्वारा पुलिस को दी गई जांच रिपोर्ट में हुआ है। इस रिपोर्ट की मानें, तो जब पुलिस गेट तोड़कर कमरे में पहुंची, तो वहां एलपीजी गैस का चूल्हा जल रहा था। चूल्हे से आग की लौ निकल रही थी। कमरे में हवा आने-जाने की जगह नहीं होने के कारण चूल्हे से निकल रही आग ने कमरे में ऑक्सीजन कमी कर दी थी। इसके चलते से वहां सो रहे चारों युवकों का दम घुट गया। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अभी एम्स में भर्ती है। फिलहाल पुलिस ने तीनों शव पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद सामने आया है कि इमरान, मोहसिन, कपिल और हसीम वर्तमान में काम करने के लिए गुरुग्राम जाते थे। इसके चलते वह रोज सुबह जल्दी उठ जाते थे और देर रात करीब 12 बजे तक घर लौटते थे। ऐसे में पूरे दिन काम करने के चलते थकान हो जाती थी। शुक्रवार को भी वह देर रात वापस लौटे थे। चारों ने घर लौटने के बाद चावल बनाकर खाए थे और फिर सो गए। थकान ज्यादा होने के चलते घर में गैस का चूल्हा जलता हुआ छूट गया, जिससे यह हादसा हुआ। एफएसएल के विशेषज्ञों की मानें तो कमरे में कोई भी वेंटिलेशन नहीं था और एलपीजी गैस चूल्हा कमरे में जल रहा था। ऐसे में कमरे में ऑक्सीजन खत्म हो गई। ऑक्सीजन खत्म होने के चलते कमरे में कार्बन मोनो ऑक्साइड़ बनी और एसी ठीक करने वाले चारों युवक जहरीली गैस की चपेट में आकर बेसुध हो गए। बेसुध होने के बाद चारों के दम घुट गए और तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने तीनों मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं। घर से मिले सिलेंडरों की जांच एफएसएल ने की हैं। गैस रिसाव होने जैसी कोई आशंका नहीं मिली है। डॉक्टरों की प्राथमिक रिपोर्ट में भी दम घुटने की बात सामने आ रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एम्स में भर्ती हसीम की स्थिति में सुधार है।

# ओवरएज वाहनों को ईंधनबंदी से राहत के लिए एलजी ने दिल्ली सरकार को दिए 5 सुझाव





**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पुराने वाहनों को ईंधन पाबंदी से राहत के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकार को पांच सुझाव दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को लिखे पत्र में एलजी ने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम सबकी साझा जिम्मेदारी है, लेकिन इसके लिए नियमों की वैधता और संबंधित लोगों की संवेदनशीलता को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। पत्र में उपराज्यपाल ने इस बात पर दुख भी जाहिर किया कि पिछली सरकार ने लोगों को कोई विकल्प दिए बिना मियाद पूरी कर चुके वाहनों को केवल स्कैप करने पर ही ध्यान केन्द्रित किया।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि यह सोचना तर्कसंगत नहीं लगता है कि दस साल से ज्यादा पुराना डीजल वाहन जो दिल्ली में तो अपनी उम्र पूरी कर चुका है, लेकिन चेन्नई, मुंबई और अहमदाबाद जैसे शहरों में वह कानूनी तौर पर सड़कों पर चलने के योग्य है। किसी क्षेत्र विशेष के आधार पर वाहनों के बीच इस तरह से अंतर किए जाने को उचित नहीं कहा जा सकता है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के प्रमुख के पास पूरे तथ्यों के साथ इस मुद्दे को रखा जाना चाहिए। मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर लगी ईंधन पाबंदी को कम से कम पूरे एनसीआर में लागू होने तक रोक देने के लिए पुनर्विचार करने का आग्रह किया जाना चाहिए।

वाहनों को स्क्रैप करने वाले नियम को लागू करने में आने वाली चुनौतियों और तार्किकता को लेकर सड़क परिवहन मंत्रालय के पास संपर्क किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में एक रिव्यू पिटीशन दाखिल करना चाहिए, जिसमें सरकार द्वारा प्रदूषण की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने के साथ ही मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर उसके निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करना चाहिए। प्रदूषण की रोकथाम के लिए एक समग्र कार्ययोजना तीन महीने के अंदर तैयार की जानी चाहिए।

सघन जागरुकता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोग अपने पुराने वाहनों को रेट्रोफिट कराकर स्वच्छ ईंधन के विकल्पों की तरफ बढ़ें। उन्होंने लिखा है कि प्रदूषण को लेकर संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। दिल्ली सरकार को प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उठाए गए तमाम कदमों के बारे में सुप्रीम कोर्ट को जानकारी देनी चाहिए।

इसके साथ ही तीन महीने में प्रदूषण नियंत्रण के लिए उठाई जाने वाली कार्ययोजना को भी स्पष्ट और निश्चित होकर बताना चाहिए। प्रदूषण के कई अलग-अलग कारकों में से वाहनों से होने वाला उत्सर्जन भी एक कारक है, इसलिए प्रदूषण के सभी कारकों को लेकर संतुलित कार्ययोजना तैयार होनी चाहिए।

## अवैध धार्मिक स्थलों पर बुलडोजर वाले ऐक्शन की तैयारी, नगर निगम भेज रहा नोटिस

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेशों के बाद गुरुग्राम में अवैध रूप से बने धार्मिक स्थलों पर अब पीला पंजा (बुलडोजर) चलेगा। गुरुग्राम नगर निगम ने ऐसे धार्मिक स्थलों को नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। यह नोटिस उन धार्मिक स्थलों को भेजे जा रहे हैं जो 29 सितंबर 2009 के बाद ग्रीन बेल्ट, पार्कों, सड़कों, गलियों, फुटपाथों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अनाधिकृत रूप से बनाए गए हैं।

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव ने नगर निगम अधिकारियों को इन आदेशों का सख्ती से पालन करने की जिम्मेदारी सौंपी है। जारी किए गए नोटिस में धार्मिक स्थलों का संचालन करने वाले लोगों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह ऐसे अनाधिकृत निर्माणों को स्वयं ही हटा दें। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य (विशेष अपील (ली) संख्या 8519/2006) मामले में 29.09.2009 को पारित आदेश का हवाला दिया गया है।

इस आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सड़कों, गलियों व फुटपाथों और सार्वजनिक स्थलों पर मंदिर, मस्जिद, चर्च आदि धार्मिक स्थलों का निर्माण अनाधिकृत रूप से नहीं किया जाएगा। इसको लेकर निगम ने एक सार्वजनिक नोटिस भी निगम कार्यालयों के बाहर चस्पा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार, यदि किसी धार्मिक स्थल का निर्माण अवैध रूप से किया गया है और जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार वह स्थान धार्मिक गतिविधियों के लिए उपयोग में नहीं है, तो उस निर्माण को तुरंत हटाया जाएगा।

यदि वह निर्माण धार्मिक गतिविधियों में उपयोग में है, तो उसे शिफ्ट करने के लिए संबंधित राज्य सरकार से परामर्श किया जाएगा। मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार द्वारा जारी निर्देशों के तहत, सभी मंदिर, मस्जिद, चर्च, धर्म स्थल, धार्मिक पार्क, मजार, गुरुद्वारा इत्यादि पर बने अवैध धार्मिक संस्थानों और अवर निर्माणों को हटाया जाएगा।

## हम तो 40वें नंबर हैं, सरकार ने चौथा कैसे बता दिया; किस दावे पर भड़क गई कांग्रेस

**नईदिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार ने विश्व बैंक की रिपोर्ट के आधार पर भ्रामक और दुष्प्रचार वाला दावा किया है कि भारत दुनिया में चौथा सबसे समानता वाला समाज बन गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने जानबूझकर बौद्धिक बेईमानी की है, जबकि सच्चाई यह है कि भारतीय समाज दुनिया का 40वां सबसे असमानता वाला समाज है। उनका यह भी कहना है कि पीआईबी को ऐसा दावा करने वाली प्रेस रिलीज वापस लेनी चाहिए। सरकार ने विश्व बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि भारत अब दुनिया के सबसे अधिक समानता वाले समाज में से एक बन गया है।अब भारत से ऊपर केवल स्लोवाक रिपब्लिक, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। रमेश ने एक बयान में कहा, 'आप क्रोनोलॉजी समझिए। अप्रैल, 2025 में विश्व बैंक ने भारत के लिए अपनी पावर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ जारी की। इसके तुरंत बाद कांग्रेस ने एक बयान जारी कर उस रिपोर्ट में शामिल कई चेतावनी के संकेतों की ओर ध्यान दिलाया, जिनमें यह भी शामिल था कि भारत में गरीबी और असमानता को लेकर सरकारी आंकड़े वास्तविक स्थिति से कम दिखाते हैं।' उन्होंने कहा कि उस रिपोर्ट के जारी होने के तीन महीने बाद पांच जुलाई को मोदी सरकार की जयकारा मंडली और प्रेस (मिस) इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह चौंकाने वाला और ज़मीनी हकीकत से कटा हुआ दावा कर डाला कि भारतीय समाज दुनिया के सबसे समानता वाले समाजों में से एक है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अब यह सामने आया है कि मोदी सरकार न सिर्फ विश्व बैंक की रिपोर्ट के विश्लेषण में लापरवाह थी बल्कि उसने जानबूझकर बौद्धिक बेईमानी भी की। रमेश ने कहा, 'अपने निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए मोदी सरकार ने जानबूझकर दो अलग-अलग मापदंडों का इस्तेमाल किया।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने रोकी रफ्तार, जलभराव से सड़कों पर लगा जाम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह झमाझम बारिश के बाद कई जगह सड़कों पर जलभराव होने से लंबा जाम देखने को मिला। सोमवार सप्ताह का पहला दिन होने के चलते लोगों को दफ्तर और अपने काम पर जाने में जाम से जूझते हुए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दिल्ली में भारी बारिश के कारण महरौली बदरपुर रोड समेत शहर के कई निचले इलाकों में भारी जलभराव देखा गया, जिससे ड्यूटी टाइम के बिजी ऑवर्स में यातायात प्रभावित हुआ। राजधानी के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जिसमें सड़कों पर पानी भरा हुआ दिखाई दिया और यात्री गड्ढों से गुजरते नजर आए। मॉनसून की पहली अच्छी बारिश के बाद गाजियाबाद में नेशनल हाईवे-9 पर भी लंबा जाम लग गया। इसके चलते वाहन चालक काफी देर तक परेशान होते दिखे। वहीं नोएडा में एक्सप्रेसवे, सेक्टर-62, सेक्टर-18 समेत कई रास्तों पर जाम जैसे हालात देखने को मिले। इन सभी जगहों पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते दिखे। कई सोसाइटियों के पास के अंडरपास में जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। ऐसा ही हाल 130 मीटर रोड पर पैरामाउंट सोसाइटी के पास के अंडरपास का भी देखने को मिला। गुरुग्राम में भी सोमवार सुबह हुई हल्की बारिश ने शहर के कई इलाकों को जलमग्न कर दिया। बारिश से सड़कों और गलियों में पानी भर गया, जिससे जाम जैसी स्थिति बन गई। इस दौरान सुबह के समय काम पर निकलने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुराने शहर के साथ-साथ नए गुरुग्राम के कई हिस्सों में भी जलभराव की स्थिति देखी गई। सड़कों पर पानी भरने के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई, जिससे प्रमुख मार्गों पर लंबी कतारें लग गईं और जाम की स्थिति पैदा हो गई। राजेंद्रा पार्क, सूरत नगर, विष्णु गार्डन, सेक्टर-21, डूंडाहेड़ा, सेक्टर-23ए, 23 की सड़कों पर पानी भरा हुआ है। जलभराव के बाद नगर निगम की जल निकासी प्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

# वैभव तनेजा को मस्क की पार्टी में मिला अहम रोल



**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने अमेरिका में अपनी नई राजनीतिक पार्टी अमेरिका पार्टी का ऐलान कर दिया है। हालांकि, जब भी मस्क की बात होती है, तो उनकी कंपनी टेस्ला की भी चर्चा होती है। टेस्ला की सफलता के पीछे मस्क का बहुत बड़ा हाथ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस कंपनी का सीएफओ कौन है? दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाले एक साधारण लड़के वैभव तनेज, जिन्होंने टेस्ला का फाइनेंस डिपार्टमेंट संभाला था। बता दें कि वैभव दुनिया में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले CFO भी हैं।

**वैभव क्यों ट्रेंड कर रहे हैं?** वैभव भारतीय मूल के हैं और टेस्ला केचीफ फाइनेंशियल ऑफिसर भी रह चुके हैं। अब उन्हें एलन मस्क की अमेरिका पार्टी का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मस्क की नई पार्टी में यह पद काफी अहमियत रखता है, क्योंकि इस पार्टी का सीधा असर ट्रंप की सरकार पर पड़ेगा। बता दें कि इस पार्टी का गठन एलन मस्क के बिग ब्यूटीफुल बिल को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सार्वजनिक विवाद के चलते हुआ है।

**सबसे ज्यादा सैलरी कैसे मिलती है?** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वैभव की कमाई 139 डॉलर है। हालांकि, उनकी सैलरी का स्रोत कैश नहीं है। उनकी बेसिक सैलरी 3.33 करोड़ रुपये है, जबकि अन्य आय स्रोत स्टॉक ऑप्शन और इक्विटी अवॉर्ड्स से जुड़े हैं। जिस समय वैभव ने इक्विटी कैश की, उस समय शेयर करीब 250 डॉलर के थे।

**सुंदर पिचाई और सत्य नडेला से भी आगे-**वैभव तनेजा की सैलरी सत्य नडेला और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई से भी ज्यादा मानी जाती है। बता दें कि सत्य नडेला की सैलरी 79.1 मिलियन डॉलर है। वहीं, सुंदर पिचाई की सैलरी 10.73 मिलियन डॉलर है। वैभव तनेजा जिनकी साल 2024 में कमाई 139 मिलियन डॉलर है। वैभव 2017 में टेस्ला से जुड़े थे। टेस्ला के सीएफओ बनने से पहले उन्होंने पीडब्ल्यूसी और सोलर सिटी में काम किया था।

वैभव ने भारत में टेस्ला की योजनाओं के लिए कई अहम रणनीतियां तैयार कीं, जिससे कंपनी का भारत में विस्तार हुआ है।

**दिल्ली से है नता-** वैभव तनेजा भारत की राजधानी दिल्ली के निवासी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से भी पढ़ाई की है। उन्होंने वाणिज्य विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और फिर सीए की पढ़ाई की और वर्ष 2006 में प्रमाणित लेखाकार बन गए।

**कोषाध्यक्ष का क्या काम होता है?** किसी भी राजनीतिक दल के कोषाध्यक्ष का काम उस दल के वित्त विभाग को खाली होने से बचाना होता है। पार्टी के वित्त कानूनों के अनुपालन की देखभाल करना और धन से संबंधित अन्य अवैध गतिविधियों पर नज़र रखना। उनका काम पार्टी में सभी वित्तीय लेन-देन का विस्तृत रिकॉर्ड रखना भी है, जिसमें योगदान, व्यय, ऋण और क्रेडिट शामिल हैं।

# चीन में सत्ता हस्तांतरण की अटकलें तेज



### शी जिनपिंग की सत्ता पर पकड़ हो रही ढीली? संगठनों को सौंप रहे अधिकार

**बीजिंग, एजेंसी।**
चीन की सत्ता पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पकड़ ढीली होती दिखाई दे रही है। जिनपिंग 12 साल से अधिक समय के अपने शासनकाल में पहली बार सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख संगठनों को अधिकार सौंप रहे हैं। इससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे व्यवस्थित सत्ता हस्तांतरण के लिए आधार तैयार कर रहे हैं या संभावित सेवानिवृत्ति की तैयारी के तहत अपनी भूमिका को कम कर रहे हैं। जिनपिंग के सत्ता हस्तांतरण के बारे में अटकलें तब तेज हुईं जब सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हाल ही में बताया कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के शक्तिशाली 24 सदस्यीय राजनीतिक ब्यूरो ने 30 जून को अपनी बैठक में पार्टी के संस्थानों के काम को लेकर नए नियमों की समीक्षा की। जिनपिंग की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि ये नियम सीपीसी केंद्रीय समिति की निर्णय लेने वाली, विचार-विमर्श करने वाली व समन्वयकारी संस्थाओं की स्थापना, जिम्मेदारियों व संचालन को और अधिक मानकीकृत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसी संस्थाओं को अपने प्रमुख कार्यों के संबंध में नेतृत्व व समन्वय को लेकर अधिक प्रभावी प्रयोग करने चाहिए तथा प्रमुख कार्यों की योजना बनाने, चर्चा करने और देखरेख करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। चीन में रहने वाले एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि पार्टी के इन निकायों के लिए निर्धारित किए गए नियम जिनपिंग की सेवानिवृत्ति की तैयारी का संकेत हो सकते हैं। उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण समय है। इसलिए हो सकता है कि निकायों को विनियमित करने के लिए ये नए नियम बनाए गए हैं। हालांकि, दूसरे विशेषज्ञों का कहना है कि सीपीसी के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद सबसे शक्तिशाली नेता माने जाने वाले जिनपिंग खुद कुछ बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कुछ शक्तियां दूसरों को सौंप सकते हैं।

# हम पर जो हथियार उठाएगा, उसका हाथ काट देंगे, ईरान के बाद अब हूती विद्रोहियों पर इजरायल ने बरपाया कहर





**दुबई , एजेंसी।**
मध्य पूर्व में तनाव के शोले एक बार फिर भड़क गया है। इजरायल ने सोमवार तड़के यमन के हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाहों और ठिकानों पर हवाई हमले किए।

इसके जवाब में हूतियों ने इजरायल पर मिसाइल दागी है। यह सब तब शुरू हुआ जब रविवार को लाइबेरिया के झंडे वाला एक जहाज लाल सागर में हमले का शिकार हुआ। इसके बाद आग लगने से चालक दल को जहाज छोड़ना पड़ा। इस हमले का शक हूतियों पर है।

हूतियों ने इस हमले की जिम्मेदारी तुरंत नहीं ली, लेकिन उनकी मीडिया ने इसका जिक्र किया। यह हमला मध्य पूर्व में उस वक्त हुआ है जब इजरायल-हमास जंग में सीजफायर की बात चल रही है और ईरान अपनी परमाणु वार्ता पर विचार कर रहा है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने वाशिंगटन जा रहे हैं। इजरायली सेना ने बताया कि उन्होंने हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले होदेइदा, रास इसा और सलीफ बंदरगाहों पर हमले किए। इसके अलावा रास कनातिब पावर प्लांट को भी निशाना बनाया गया। इजरायल का कहना है कि इन बंदरगाहों का इस्तेमाल ईरान से हथियार लाने के लिए होता है। इजरायली सेना ने गैलेक्सी लीडर नामक जहाज पर भी हमला किया। इस जहाज को हूतियों ने नवंबर 2023 में लाल सागर में कब्जे में लिया था। सेना का दावा है कि हूतियों ने इस जहाज पर रडार सिस्टम लगाया था, जिससे समुद्री जहाजों पर नजर रखी जा रही थी।

**हूतियों ने किया जवाबी हमला, इजरायल की एयर डिफेंस बनी कवच:** हूतियों ने इजरायली हमलों का जवाब मिसाइल से दिया। उनकी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि उनकी एयर डिफेंस ने इजरायली हमलों का मुकाबला किया, लेकिन इसका कोई सबूत नहीं दिया। इजरायल ने कहा कि हूतियों की मिसाइल को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वह जमीन पर गिरी। वेस्ट बैंक और डेड सी के इलाकों में सायरन बजे, हालांकि कोई नुकसान या हताहत की खबर नहीं आई है।

इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने आगे भी हमलों की धमकी दी। उन्होंने कहा, जो इजरायल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसका हाथ काट दिया जाएगा। हूतियों को उनकी हरकतों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ब्रिटिश सेना की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि जहाज़ पर सशस्त्र सुरक्षा दल ने शुरुआती हमले का जवाब दिया था। निजी समुद्री सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने कहा कि आठ छोटी नावों और ड्रोन बोट्स ने हमला किया, जिसमें दो ड्रोन नावें जहाज़ से टकराईं, जबकि दो को सुरक्षा दल ने नष्ट कर दिया।

# बोकारो इस्पात संयंत्र के विस्तारीकरण हेतु चलेगा महा हस्ताक्षर अभियान : कुमार अमित

## मांगों के समर्थन में दस हजार लोग पोस्टकार्ड के माध्यम से लिखेंगे प्रधानमंत्री को पत्र

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण योजना को शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए बोकारो में समाज के सभी वर्गों के बीच महाहस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी कुमार अमित ने बोकारो सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन कर-के दी। अमित ने बताया कि यह निर्णय बी.एस.एल के प्रस्तावित 2.5 मिलियन टन के विस्तारीकरण योजना के प्रारंभ होने में हो रहे विलंब के कारण बोकारो के विकास के लिए विस्तारीकरण योजना के प्रति जनता का जनसमर्थन को दशार्ने के लिए लिया गया है। प्लांट का विस्तारीकरण बोकारो के भविष्य से जुड़ा है। बी.एस.एल का उत्पादन क्षमता दस मिलियन टन हो यह बोकारो वासियों का सपना है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने राष्ट्रीय इस्पात नीति के तहत बी.एस.एल के वर्तमान उत्पादन क्षमता 5 मिलियन टन को बढ़ा कर 7.5 करने का निर्णय लिया जिसकी घोषणा केन्द्रीय इस्पात मंत्री एच.डी कुमारस्वामी ने अपने पिछले बोकारो प्रवास में की थी। उसके मुताबिक इस काम के लिए बीस हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होना है जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ-साथ 2500 युवाओं को प्रत्यक्ष और 10000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिलना है। विस्तारीकरण का शिलान्यास पिछले मई माह में हीं होना था पर अब तक सेल प्रबंधन द्वारा इस कार्य को तय समय पर प्रारम्भ नहीं करने से यहाँ के सभी तबकों के मन में विस्तारीकरण को लेकर भ्रम की स्थिति बन रही है। बोकारोवासी यहाँ के भविष्य को लेकर चिंतित और गम्भीर हैं। इसी प्रकार बोकारो के जीवन रेखा कहे जाने वाले बोकारो जेनरल अस्पताल



को भी सेल प्रबंधन सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करे यह भी यहाँ के लोगों की अकांक्षा है। इन दोनों कार्य के समर्थन में बोकारो के हरेक समाज के लोगों के बीच सभी स्थानों पर महाहस्ताक्षर अभियान चलाकर एक माह में दो लाख लोगों का रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराया जाएगा जिसे प्रधानमंत्री को सौंप कर इन दोनों कार्यों को अविलंब धरातल पर उतारने की माँग की जाएगी। कुमार अमित ने बताया कि इसके लिए पिछले महीने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और इस्पात मंत्री को पत्र भी लिखा गया है जिसका सकारात्मक परिणाम आया है परन्तु यह पर्याप्त नहीं है। बोकारोवासी यहाँ के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है इसे दशार्ने के लिए यह महाहस्ताक्षर अभियान चलाना चलाना आवश्यक है। जिससे जनभावना के अनुरूप सेल प्रबंधन विस्तारीकरण योजना को अविलंब धरातल पर उतारे। विस्तारीकरण से बोकारो के विकास के साथ साथ प्रदेश के विकास को भी गति मिलेगी। इस अभियान के तहत हस्ताक्षर के अलावे अनेक संगोष्ठी और नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया जाएगा। दस हजार लोगों के द्वारा पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर भी उनसे यह माँग की जाएगी। शोशल मिडिया पर भी माँग के समर्थन में अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में प्रदेश के अन्य ज़िलों के लोगों का भी समर्थन लिया जाएगा। कुमार अमित ने समाज के सभी राजनीतिक, गैर राजनीतिक, सामाजिक संगठनों एवं तबकों से बोकारो के विकास के लिए इस अभियान को समर्थन देकर सफल बनाने की अपील की है। प्रेस वार्ता से पूर्व सर्किट हाउस मे अभियान को सफल बनाने को लेकर बोकारो के मजदूर संगठन, व्यवसायिक संगठन, विस्थापित संगठन, व्यवसायियों, विस्थापित नेताओं एवं अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ बैठक कर योजना भी बनाई गई। सभी ने बोकारो के विकास के लिए एक स्वर में इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। इस अवसर पर बोकारो चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के संरक्षक संजय बैद्य, अध्यक्ष मनोज चौधरी, भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री बिनोद कुमार, अरविन्द सिंह,शशिभूषण, किम्स यूनियन के शशिभूषण, बीडू यूनियन के संदीप कुमार, बीएकेएस यूनियन के हरिओम, दिलीप, इंटक के जगदीश पाण्डेय, विस्थापित नेता एवं ठेकेदार संघ के सुनील महतो, लघु उद्योग भारती के ललन सिंह, फुटपाथ दुकानदार संघ के रामू भाई, बोकारो विकास फोरम के अनील सिंह, समाजसेवी योगेन्द्र कुमार, प्रकाश प्रमाणिक, अरविंद राय, ममता गोस्वामी, निवारण महतो, करण गोस्वामी, उत्तम महतो, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राम, धनन्जय चौबे, विनय किशोर, विक्की राय, रघुनाथ टुड्डू, कृष्णा कालिन्दी, जीतेन्द्र कालिन्दी, विनय आनन्द, लालबाबू, चन्द्रप्रकाश, जन्मजय गोस्वामी, नागेंद्र पुरी, मिथलेश महथा, विजय गोप, महेश ठाकुर, दुलाल चन्द्र महतो, अनीश, अनुज, शतीष रजवार, विशाल गौतम, चंदन, अमन सिंह, राम दयाल सिंह, सजल रजवार, अजय सिंह आदि सहित बड़ी में लोग उपस्थित थे।

# लगातार हो रही बारिश को लेकर बोकारो जिला प्रशासन सतर्क

## उपायुक्त ने पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने व त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जलजमाव एवं उससे उत्पन्न संभावित समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उपायुक्त ने चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त (एएमसी), फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ), चास और बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) और अंचलाधिकारी (सीओ) को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी करें और किसी भी प्रकार की जलजमाव की स्थिति से त्वरित निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई को प्राथमिकता देने और पानी के निकासी में किसी भी प्रकार की रुकावट को तुरंत दूर करने को कहा। वहीं, कमजोर/जलभराव वाले इलाकों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, रैन बसेरा - सामुदायिक भवन या स्कूलों को अस्थायी राहत शिविर के रूप में तैयार रखने, बिजली - पेयजल - स्वास्थ्य तथा आपूर्ति विभाग के साथ समन्वय बनाकर किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सेवा उपलब्ध कराने एवं कंट्रोल रूम को सक्रिय रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि वे अनावश्यक रूप से जल जमाव वाले क्षेत्रों में नहीं जाएं। किसी भी आपात स्थिति में वे जिला कंट्रोल रूम या अपने प्रखंड/अंचल के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, मुखिया आदि से तुरंत संपर्क करें। प्रशासन पूरी तरह सजग है और बारिश से उत्पन्न किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।



# रामगढ़ डीसी ने बताया वयस्क, बच्चे और नवजात शिशु को सीपीआर देने का तरीका

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामगढ़ जिले में आपदा मित्र तैयार किए जा रहे हैं। मेडिकल इमरजेंसी के दौरान जब तक चिकित्सकों की टीम नहीं पहुंचती, तब तक आम नागरिक एक दूसरे की सहायता कर सके, यह बेहद जरूरी है। सहायता देने के लिए तकनीकी ज्ञान होना भी बेहद आवश्यक है। यह बातें सोमवार को रामगढ़ टाउन हॉल में डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कही। वे फर्स्ट एड के मास्टर ट्रेनर की टीम को प्रशिक्षण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्डियक अरेस्ट के दौरान अगर मरीज को गोल्डन ऑवर में सीपीआर दे दिया जाए तो उसके बचने की संभावना कई गुना अधिक बढ़ जाती है।



**डीसी ने बताया वयस्क, बच्चे और नवजात शिशु को सीपीआर देने का तरीका**

डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने प्रशिक्षण ले रहे लोगों को वयस्क, बच्चे और नवजात शिशु को सीपीआर देने का तरीका बताया। उन्होंने पुतलों को सामने रखकर पहले यह स्पष्ट किया कि किस मरीज को सीपीआर देना है और किसे नहीं। सीपीआर देने के लिए हर एज ग्रुप का अलग तरीका है। एक वयस्क को 30 कंप्रेस के बाद मुंह से सांस देना है। वयस्क को देने के लिए पूरे शरीर का जोर लगाना बेहद जरूरी है, तभी बंद हुई दिल की धड़कन को दोबारा शुरू किया जा सकता है। एक बच्चे को एक हाथ से उसकी छाती को तेजी से दबाना है, ताकि उसका ब्लड सरकुलेशन सही से हो सके। लेकिन एक नवजात शिशु को सिर्फ दो उंगलियों से ही सीपीआर दिया जाता है।इसकी गिनती भी 15 कंप्रेस तक रहती है। छाती के किस हिस्से को दबाना है इसका तकनीकी ज्ञान भी डीसी के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण लेने आए मास्टर ट्रेनर को प्रोजेक्टर के माध्यम से तस्वीरें भी दिखाई गई, ताकि वह सीपीआर देने की बारिकियों को आसानी से समझ सकें।

**देखने में है आसान, लेकिन देने में छूट जाएंगे पसीने**

डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि सीपीआर की प्रक्रिया देखने में तो बहुत आसान लगती है। लेकिन इसे देने में इंसान के पसीने छूट जाते हैं। 1 मिनट में 100 बार छाती को दबाना बेहद कठिन प्रक्रिया है। लेकिन एक बार जानकारी हो जाए तो सीपीआर कोई भी जरूरतमंद मरीज को दे सकता है। इसलिए जब भी किसी मरीज को सीपीआर दिया जाता है, उस वक्त वहां मौजूद व्यक्ति लगातार मदद के लिए लोगों को बुलाता भी है। ताकि जिस व्यक्ति की जान बचाई जानी है, उसे एक टीम वर्क के तहत सीपीआर मिले और रिवाइव करने के बाद उसे सही चिकित्सा भी उपलब्ध हो सके।

# खाद्यान्न के उठाव और वितरण का निरीक्षण करने रामगढ़ पहुंची केंद्रीय टीम

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड राज्य खाद्य निगम के द्वारा किस तरह कार्य किया जा रहा है, इसकी निगरानी केंद्र सरकार भी कर रही है। भारत सरकार द्वारा गठित टीम रामगढ़ भी पहुंची और यहां खाद्यान्न के उठाओ, वितरण और रखरखाव का निरीक्षण किया। रामगढ़ पहुंची टीम में शामिल अवर सचिव मंजुला डेनियल और एएसओ रितू चौधरी एएसओ को जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत टोप्पो ने दुकानों का भ्रमण कराया। इस दौरान गोदाम, जन वितरण प्रणाली दुकान और पैक्स का मुआयना टीम के द्वारा किया गया। जिस तरीके से गोदामों की सुरक्षा हो रही है उसे देखकर केंद्रीय टीम ने विभागीय अधिकारियों की सराहना की। सबसे बड़ी बात यह थी कि सभी गोदामों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, जिससे निगरानी और भी आसान हो गई है। जिन गोदाम में चोरी



की घटनाएं आम रहती हैं, खाद्यान्न को मिलने में परेशानी होती है, उन्हीं गोदामों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से देख केंद्रीय टीम चकित रह गई।

**प्लास्टिक से सुरक्षित मिली बोरियां**

केंद्रीय टीम ने झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम, जन वितरण प्राणी दुकान एवं पैक्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में खाद्यान्न वितरण, अनाज के उठाओ व रखरखाव आदि संतोषजनक पाया गया। रामगढ़, पतरातु, मांडू , गोला, चितरपुर, दुलमी प्रखंड में लाभुकों से भी टीम ने पूछताछ की।

# राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी-एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

## नावाडीह स्थित बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 होगा आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के आज (मंगलवार)नावाडीह स्थित बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में प्रस्तावित प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 को लेकर सोमवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविन्दर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान डीसी झ एसपी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने राज्यपाल समेत अन्य अतिथियों के आगमन, मीडिया गैलरी, वाहन पार्किंग, स्टेज/पंडाल आदि को चिन्हित करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश दिया। उपायुक्त ने क्रमवार सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम को आयोजित कर रहे आयोजक से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा झ निर्देश दिया। उन्होंने ससमय सभी तैयारियों को पूर्ण करने को कहा। वहीं,पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा झ विधि व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो श्री



वी एन सिंह व अन्य पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। मौके पर विधायक डुमरी जयराम कुमार महतो, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, संबंधित प्रखंड के बीडीओ/सीओ/थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

# 'बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के मई माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के 'बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल आठ (08) कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया. इस समारोह में अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक(मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अंजनी कुमार शरन के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे. अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा जुनून के साथ काम काम करते हुए विकास की गति को बनाये रखना चाहिए. अधिशासी निदेशक(मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आपका योगदान अति सराहनीय है तथा प्रत्येक चुनौतिपूर्ण काम को करने के समय यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि सुरक्षा सर्वोपरि है. कार्यक्रम का सञ्चालन मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक सुश्री सोनाली गुप्ता एवं श्री नितेश कुमार के द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री चाहत प्रिया, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया.



# श्रावणी मेला को लेकर उच्चस्तरीय बैठक, पर्यटन मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

**देवघर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर देवघर के सर्किट हाउस में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने की। बैठक में देवघर विधायक सुरेश पासवान, सारठ विधायक चुन्ना सिंह, देवघर और दुमका के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक, संथाल परगना के आयुक्त, एम्स डायरेक्टर समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक के दौरान पर्यटन मंत्री ने बताया कि श्रावणी मेला झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की आस्था और पहचान का प्रतीक है। इसके बेहतर संचालन और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह गंभीर है। मंत्री ने बताया कि मेले को लेकर अब तक तीन बार उच्चस्तरीय बैठक की जा चुकी है। सरकार द्वारा 5 जुलाई तक सभी कार्यों को पूर्ण करने की डेडलाइन तय की गई थी, जिसमें से अब तक लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। जो कार्य शेष हैं, उन्हें भी जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगा।बैठक के बाद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने देवघर-दुम्मा बॉर्डर से कांवरिया पथ का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कांवरिया पथ पर मखमली बालू पूर्व की तरह बिछाई जा रही है। इसके साथ ही पेयजल, शौचालय, स्नानघर, रात्रि विश्राम शेड, स्वास्थ्य केंद्र, एंबुलेंस, मोबाइल टॉयलेट जैसी सभी जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था लगभग पूरी हो चुकी है।मंत्री ने निर्देश दिया कि कांवरिया पथ पर सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य के मद्देनजर कोई भी समझौता न किया जाए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की, ताकि श्रावणी मेले के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुविधा संपन्न व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्कता से कार्य कर रहा है।

# स्ट्रीट वेंडरों को पीएम स्व निधि से समृद्धि योजना का प्रशिक्षण दें : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हमारे स्ट्रीट वेंडर सिर्फ आर्थिक गतिविधियों के भागीदार नहीं है, बल्कि वह समाज की एक मजबूत कड़ी हैं। जब आप उनकी आंखों से दुनिया को देखते हैं, तो संवेदना और जिम्मेदारी का नया दृष्टिकोण सामने आता है। हमारे स्ट्रीट वेंडरों का जीवन कैसे समृद्ध हो, इस दिशा में हमें मिलकर काम करना होगा। उक्त बातें उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहीं। वह सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री स्व निधि से समृद्धि योजना के जिला स्तरीय समिति की बैठक कर रहे थे।



**जीवन को बेहतर बनाने के लिए चलाएं अभियान**

उपायुक्त ने कहा कि स्ट्रीट वेंडरों का जीवन बेहतर हो, इस दिशा में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने योजना से संबंधित जन जागरूकता, ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को अभियान मोड में चालू करने का निर्देश दिया। कहा कि जन - जागरूकता जरूरी है ताकि योजना का लाभ हर आहतार्धारी तक पहुंचे। योजना के तहत 10 हजार राशि ऋण प्राप्त करने वाले लाभुक, ससमय ऋण की राशि भुगतान कर 20 हजार एवं इसे ससमय भुगतान कर 50 हजार रुपए का ऋण प्राप्त कर आत्म निर्भर एवं समृद्ध बन सकें।

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से भी जोड़ने का निर्देश**

उपायुक्त ने बैठक के क्रम में योजना के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वह चिन्हित वेंडरों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से भी जोड़ें, ताकि वे छोटे व्यवसाय के लिए वित्तीय रूप से सशक्त हो। उनके जीवन स्तर में बदलाब आएं, ताकि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य पूरा हो सकें।

**बैंकों में हो भैया - दीदी काउंटर,एलडीएम को निर्देश**

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) को निर्देश दिया कि वह बैंकों में स्ट्रीट वेंडरों के लिए विशेष रूप से भैया - दीदी काउंटर चिन्हित करें। जिससे उन्हें बैंकों में त्वरित सुविधा और सम्मान दोनों प्राप्त हो। उन्होंने पहले लीड बैंक से इसकी शुरूआत करने को कहा। वहीं, उपायुक्त ने सब्जी बेचने वाली महिलाओं को दीदी कहकर सम्मानपूर्वक संबोधित करने का भी अपील किया।

**योजना केवल आर्थिक नहीं, सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम**

बैठक में पीएम स्व निधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों को पीएम श्रम योगी मानधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जन धन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना, वन नेशनल वन राशन कार्ड योजना व अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के समन्वय की स्थिति की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस पहल है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त प्रियांका, सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो के प्रतिनिधि समेत अन्य अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे।

# केबुल टाउन बिरला मंदिर का नया नाम लक्ष्मी नारायण मंदिर

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर के केबुल टाउन स्थित पिछले 30 वर्षों से उपेक्षित बिरला मंदिर का पिछले वर्ष आज ही के दिन जीर्णोद्धार का कार्य एवं मूर्ति स्थापना का कार्य विधायक सरयू राय ने कराया था। इस अवसर पर बिरला मंदिर, जिसका नया नामकरण लक्ष्मी नारायण मंदिर रखा गया है, क्योंकि बिरला मंदिर में लक्ष्मी नारायण की ही मूर्ति प्रतिस्थापित हर जगह है। इस मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं के मूर्ति की स्थापना पिछले वर्ष की गई है। आज उसकी स्थापना दिवस पूरे विधि विधान से किया जा रहा है। लक्ष्मी नारायण मंदिर के पदाधिकारी विकास सिंह ने बताया कि इस मंदिर का जीर्णोद्धार करने का संकल्प विधायक सरयू राय ने लिया था और आज मंदिर में वे उपस्थित नहीं है, लेकिन हम लोग सब मिलकर इस कार्य को पूरा कर रहे हैं। आज पूजा पाठ हुआ है। अब महाभोग का वितरण होगा।

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145665 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com**